ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 15 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 132 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



ऋचा चड्ढा ने 'फुकरे' को बताया खास, कहा ...

पेज 12 पर

## पीएम 26 को रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री 26 जून को पटना से रांची और रांची से पटना चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद इस ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू हो जाएगा। पीएम इसी दिन चार अन्य वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पीएम दिल्ली से ऑनलाइन इन ट्रेनों को रवाना करेंगे, जिन चार अन्य वंदे भारत ट्रेन को उस दिन रवाना किया जायेगा। इसमें भोपाल-इंदौर, भोपाल-जबलपुर, गोवा-मुंबई और बेंगलुरु-हुबली शामिल हैं।

### वंदे भारत एक्सप्रेस का किराया इस प्रकार

रांची और पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के लिए किराए की भी घोषणा कर दी गयी है। पटना से रांची वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर करने के लिए यात्रियों को एग्जीक्यूटिव क्लास के लिए 1760 रुपये और चेयरकार के लिए 890 रुपये देने होंगे। इसमें कैटरिंग की राशि नहीं जोड़ी गई है। यात्री अपनी इच्छा के अनुसार, खाने का आर्डर दे सकते हैं। इसके लिए यात्रियों को अतिरिक्त राशि का भुगतान करना होगा। ट्रेन के एक बोगी में 78 सीटें हैं। एक तरफ दो और दूसरी तरफ तीन साटें हैं। हर सीट के नीचे फूट स्टैंड की सुविधा दी गयी है। इंटरनेट की सेवाओं का उपयोग करने के लिए ऑनबोर्ड वाई-फाई, जीपीएस, जैव-वैक्यूम समेत अन्य सुविधाएं हैं। सभी 16 डिब्बों में यात्रियों की पूरी सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ट्रेन के ऑटोमेटिक दरवाजे तभी खुलेंगे जब ट्रेन पूरी तरह से रुक जाएगी। इससे यात्रियों का सफर आरामदायक और आनंददायक होगा। उल्लेखनीय है कि 12 जून को इस ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया था। ट्रायल रन में रांची और पटना के बीच की दूरी पौने छह घंटे में तय की गयी थी। ट्रेन समय से 23 मिनट पहले पहुंची थी।

## NEWS इन ब्रीफ

### आईएएस मनीष कुमार जमशेदपुर के डीडीसी बनाए गए



**रांची।** आईएएस अधिकारी और ऊर्जा विभाग के संयुक्त सचिव व जेबीवीएनएल के कॉमर्शियल डायरेक्टर मनीष कुमार का तबादला कर दिया गया है। मनीष कुमार को पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर का नया डीडीसी नियुक्त किया गया है। इसे लेकर कार्मिक विभाग ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है। मनीष कुमार ले जेवीवीएनएल के कॉमर्शियल डायरेक्टर के पद पर रहते हुए कई अहम कार्य किए, जिसमें झारखंड गठन के बाद 1000 करोड़ से अधिक राजस्व वसूली, स्मार्ट मीटर लगाने और उसमें पारदर्शिता बरतने में इनका अहम योगदान रहा। इसके अतिरिक्त फील्ड के कार्यों का खुद निरीक्षण भी इन्होंने कई बार किया।

### सेंट्रल लाइब्रेरी की छत गिरने से एक छात्र की मौत, सड़क जाम

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र स्थित मोरहाबादी के सेंट्रल लाइब्रेरी की छत गिरने से एक छात्र की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त संतोष के रूप में की गई है और वह भुरकुंडा का रहने वाला था। इस घटना के बाद से छात्र आक्रोशित हो गए और सड़क जाम कर दिया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद लालपुर और मोरहाबादी टीओपी की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आक्रोशित छात्रों को समझाने का प्रयास कर रही हैं।

### जेपी नड्डा 22 जून को आएंगे गिरिडीह



**रांची।** भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 जून को गिरिडीह आयेंगे। गिरिडीह परिसदन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की 22 जून को होने वाली जनसभा की तैयारी को लेकर बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महादेव दुबे ने की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा झारखंड की जनता का सौभाग्य है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपना महत्वपूर्ण समय झारखंड को दिया। प्रकाश ने कहा कि झारखंड की धरती से नड्डा का पुराना रिश्ता है। उन्होंने कहा कि उनके ओजस्वी भाषण को सुनने के लिए लाखों लोग पहुंचेंगे। बैठक में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय, विधायक बिरंची नारायण, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी आदि उपस्थित थे।

### न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के विस्तार पर हुई चर्चा

# राज्य में निवेश की अपार संभावनाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ बुधवार को झारखंड मंत्रालय में टाटा मोटर्स, टाटा स्टील एवं टाटा कमिंस के वरीय अधिकारियों ने बैठक की। बैठक में झारखंड (जमशेदपुर) में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के विस्तार (हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी इंजन आधारित वाहन निर्माण) पर निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

टाटा मोटर्स के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी रखी गई। टाटा मोटर्स के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि झारखंड के जमशेदपुर में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के विस्तार (हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी इंजन आधारित वाहन निर्माण) पर निवेश की असीम संभावनाएं हैं।

टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ हाइड्रोजन इंजन से चलने वाले वाहन बनाने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि आने वाले 25 से 30 वर्ष ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### सीएम से पैन एशिया मेटल्स लि. के अध्यक्ष पॉल लॉक ने मुलाकात की



**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में पैन एशिया मेटल्स लि. के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पॉल लॉक ने मुलाकात की। भेंटवार्ता के क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि झारखंड में लिथियम खनिज प्राप्त होने की अपार संभावनाएं हैं। लिथियम का उपयोग विभिन्न प्रकार की बैटरी बनाने के कार्य में होता है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अनुसार झारखंड में कोडरमा, हजारीबाग सहित अन्य क्षेत्रों में उपलब्धता है। लिथियम खनिज की जानकारी प्राप्त करने के लिए पैन एशिया मेटल्स लि. की टीम झारखंड भ्रमण पर है। पॉल लॉक ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि पैन एशिया मेटल्स लि. झारखंड में लिथियम खनन के क्षेत्र में निवेश करना चाहती है। पैन एशिया मेटल्स लि. इस कार्य के लिए राज्य सरकार से सहयोग की अपेक्षा रखती है। मुख्यमंत्री ने पैन एशिया मेटल्स लि. के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पॉल लॉक से कहा कि झारखंड प्राकृतिक संपदाओं के लिए जाना जाता है। विभिन्न खनिजों की उपलब्धता के साथ-साथ लिथियम का पाया जाना भी राज्य के लिए अच्छे संकेत हैं।

## यौन शोषण का आरोपी तनवीर बिहार से गिरफ्तार



**रांची।** मॉडल मानवी राज सिंह का यौन शोषण करने और धर्म बदलकर शादी का दबाव डालने का आरोपी तनवीर अख्तर आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। रांची पुलिस की टीम ने बुधवार को उसे बिहार से पकड़ा है। तनवीर रांची के कांके रोड में यश मॉडलिंग स्कूल का संचालक है। बिहार के भागलपुर की रहने वाली मानवी ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने इसे लव जिहाद का मामला बताते हुए सोशल मीडिया पर सीधे पीएम और सीएम से कार्रवाई की गुहार लगाई थी। इसके बाद से ही तनवीर फरार था।

## तुपुदाना दोहरे हत्याकांड का खुलासा, 3 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



तुपुदाना ओपी पुलिस ने पूजा कच्छप और विवेक तिग्गा के हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में रवि मिंज, आयुष एक्का और दानियल तिग्गा शामिल है। इनके पास से मृतक का लुटा हुआ केटीएम बाइक, एक लैपटॉप और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 13 नवंबर 2021 को तुपुदाना के बेरमाद में पूजा कच्छप और विवेक तिग्गा की धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में गुप्त सूचना मिल रही थी कि तुपुदाना के ही लड़कों ने पूजा और विवेक की हत्या की है। इसके बाद तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। तीनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

गिरफ्तार तीनों आरोपितों ने पुलिस को बताया कि घटना के दिन रात में चारो मैदान में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी समय कथित रूप से प्रेमी- प्रेमिका पूजा और विवेक मैदान में आये और मैदान में दूसरी ओर बैठ गये। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## वीरेंद्र राम की 39 करोड़ 28 लाख की संपत्ति की गई अटैच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की 39 करोड़ 28 लाख की संपत्ति अटैच की गई है। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शपथ पत्र दाखिल करके यह जानकारी दी। मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी। ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की संपत्ति मामले की सीबीआई जांच कराने का आग्रह करने वाली पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वीरेंद्र राम की 39 करोड़ 28 लाख 82 हजार 578 रुपए की संपत्ति अटैच की गई है।



मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि विजिलेंस कमिश्नर से अनुमति मिलने के बाद 9 मई के बाद वीरेंद्र राम की संपत्ति की जांच शुरू की गई है। कोर्ट ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड हाईकोर्ट में पेश हुए आईएएस के श्रीनिवासन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव के श्रीनिवासन अदालत के समक्ष सशरीर हाजिर हुए। यह मामला एक युवक का कास्ट सर्टिफिकेट जारी किए जाने से जुड़ा हुआ है। पिछली सुनवाई में अदालत ने विभाग को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक जवाब दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट के समक्ष सचिव के श्रीनिवासन ने बताया कि अदालत का आदेश वह स्पष्ट रूप से समझ नहीं पाए, जिस पर अदालत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर कानून की समझ नहीं है, तो लीगल एक्सपर्ट से सलाह लें। विनोद बड़ाइक ने याचिका दाखिल कर चीक बड़ाइक का कास्ट सर्टिफिकेट जारी करने का आदेश देने की गुहार लगाई है। अब कोर्ट अगले सप्ताह इस मामले की सुनवाई करेगा।

## धनबाद में कोयला कारोबारी की हत्या

**धनबाद।** धनबाद में एक और कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। वारदात झरिया के पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला साउथ कॉलोनी में हुई, जहां बाइक पर सवार होकर आए दो अपराधियों ने कोयला व्यवसायी एवं ट्रांसपोर्टर प्रवीण राय की हत्या उनके दफ्तर में घुसकर कर दी। गोली चलने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग दौड़े तो भागते हुए अपराधियों ने एक अन्य कारोबारी राजकिशोर सिंह को भी गोली मार दी। उन्हें जख्मी हालत में हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है।

## भगोड़े नीरव की संपत्ति पर ईडी-पीएनबी में विवाद

### भारतीय बैंकों से 13,540 करोड़ रुपये ऋण लेकर विदेश भाग गया है गुजराती हीरा कारोबारी नीरव

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

गजब मामला है। बारे के बैंकों से 13,540 करोड़ रुपये लोन लेकर विदेश भाग गये भगोड़े गुजराती हीरा कारोबारी नीरव मोदी की संपत्ति पर कब्जे को लेकर प्रवर्तन निदेशालय व पंजाब नेशनल बैंक आपस में ही भिड़ गए। दोनों ने ही बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर करके आरोपी की जब्त की गई संपत्ति पर अपना अपना दावा पेश किया। दोनों का यह रवैया देख जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और गौरी गोड़से नाराज हो गए।इसकी सूचना जब केन्द्रीय वित्त मंत्रालय में पहुंची तो इस तरह हो रही फजीहत को लेकर तरह-तरह की बातें शुरू हो गई हैं।





बॉम्बे हाईकोर्ट की जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और गौरी गोड़से ने पंजाब नेशनल बैंक को तीखी फटकार लगाई। बेंच ने कहा कि नीरव मोदी ने बहुत बड़ी रकम का गोलमाल किया है। ये जनता का पैसा है। लेकिन रकम की रिकवरी को लेकर बैंक को कोई चिंता ही नहीं है। बेंच के तेवर इतने तल्ख थे कि बैंक को लताड़ लगाते हुए कहा गया कि यदि कोई आम आदमी लोन लेता है ,और वापस नहीं चुका पाता, तो बैंक पैसे की रिकवरी के लिए कोई तरीका नहीं छोड़ता। लेकिन नीरव मोदी ने जो पैसा हड़पा उसकी रिकवरी के लिए बैंक कोई कोशिश ही नहीं कर रहा है। पीएनबी की तरफ से पेश वकील ने बचाव करते हुए कहा कि बैंक को नहीं पता था कि ये सारा लोन अनाधिकृत है। कोर्ट ने पंजाब नेशनल बैंक के साथ ईडी के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बिहार में (हम) ने महागठबंधन से अलग होकर विपक्षी गोलबंदी को दिया झटका

# नीतीश से पुराने लोगों का हो रहा मोहभंग!

**एजेंसी। पटना**

बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों के नेता 23 जून को एकमंच पर जुटेंगे और केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा को सत्ता से हटाने को लेकर आगे की रणनीति तय करेंगे। लेकिन, इससे पहले विपक्षी दलों को एकजुट करने के अगुआ माने जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ने जोर का झटका दिया और संतोष सुमन ने नीतीश मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर अलग रास्ता अख्तियार कर लिया। इस घटना के बाद कहा जाने लगा है कि नीतीश कुमार जब अपने राज्य में ही महागठबंधन को ही नहीं संभाल पा रहे हैं तो देश में विपक्ष को एकजुट कैसे रख पाएंगे।

गौर से देखा जाए तो जीतन राम मांझी के अलग होने से फिलहाल महागठबंधन सरकार की सेहत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वैसे, चर्चा है कि मांझी की पार्टी फिर से एनडीए के साथ जा सकती है।





हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के महागठबंधन से अलग होने के बाद जदयू के नेता भी कहते हैं कि इससे बहुत बड़ा प्रभाव महागठबंधन पर नहीं पड़ने वाला है, लेकिन गौर करने वाली बात है कि बिहार में महागठबंधन के साथ जाने के बाद जदयू का कुनबा घटता जा रहा है। नीतीश के कभी विश्वासी माने जाने वाले आरसीपी सिंह ने साथ छोड़ दिया तो पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष रहे उपेंद्र कुशवाहा ने भी अलग रास्ता अख्तियार कर अलग पार्टी बना ली।

जदयू की प्रवक्ता रहीं सुहेली मेहता ने पार्टी छोड़ दी, तो पूर्व सांसद मीना सिंह ने भी जदयू को बाय-बाय बोल दिया। जदयू के प्रवक्ता रहे माधव आनंद ने भी जदयू से किनारा कर लिया और अलग राह पकड़ ली। इसके अलावा जदयू के शंभू नाथ सिन्हा ने भी पार्टी से नाता तोड़ लिया है।

इन नेताओं के जदयू से अलग होने के बाद आने वाले चुनावों पर क्या असर पड़ेगा, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन इतना जरूर कहा जा सकता है कि आने वाले दिनों में नीतीश के लिए आगे की राह आसान नहीं है।

उधर,जीतन राम मांझी की पार्टी हम के महागठबंधन से अलग होने के बाद बिहार की राजनीति में हलचल मच गयी है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही सक्रिय हो गए हैं। नीतीश सरकार ने जदयू विधायक रत्नेश सदा को मंत्री बनाने का फैसला लेते हुए 16 जून को कैबिनेट का विस्तार करने की घोषणा की है जबकि आज बिहार भाजपा कोर ग्रुप की अहम बैठक दिल्ली में होने वाली है। इसके लिए बिहार से सम्राट चौधरी सहित कोर ग्रुप के सभी सदस्यों को दिल्ली बुलाया गया है। इस बैठक की अध्यक्षता खुद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे।

वहीं, जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने दावा किया कि अगला विधानसभा चुनाव आते-आते तक बिहार की राजनीति कई बार घूमेगी।

## कोई ठिकाना है, पहले ही चुनाव हो जाए : नीतीश

**आरएनएम। नई दिल्ली**

भाजपा ने टिफिन पर चर्चा अभियान के साथ अन्य तरह की गतिविधियां कुछ ज्यादा ही तेज की है, तो विपक्षी दल सतर्क हो गए हैं। इसके मद्देनजर कांग्रेस के कुछ नेताओं ने समय से पहले लोकसभा चुनाव होने की आशंका जताई है। इस कड़ी में अब जदयू नेता व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी समय से पहले लोकसभा चुनाव होने की आशंका जताते हुए तेजी से काम करने की बात कही है। मालूम हो कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष को एकजुट करने के लिए पटना में 23 जून को एक बैठक रखी है। इसकी तैयारी में जुटे नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव के



समय से पहले होने की आशंका जताई है। उन्होंने एक सरकारी कार्यक्रम में अधिकारियों से विकास कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि कौन सी चीज कब शुरू हो जाए, ये कोई नहीं जानता। उन्होंने कहा कि अगले साल चुनाव हो यह जरूरी नहीं है। कोई ठिकाना है, पहले ही चुनाव हो जाए। इसलिए तेजी से काम करिए। हमें अच्छा लगेगा। लोगों को खुशी होगी।

## अपने काम को लेकर यह व्यक्ति था काफी परेशान

# बेरोजगारी से तंग आकर कर ली आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**

नगर थाना क्षेत्र के चौधरी कालोनी के रहने वाले सौरभ राय ने विगत मंगलवार की देर रात अपनी इहलीला समाप्त कर ली। सुबह जब पत्नी जगाने के लिए गई तो देख कर अवाक रह गई। रोने चिल्लाने के बाद परिवार के अन्य सदस्य जुट गए। पास से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। परिजनों ने नगर थाने को इसकी सूचना दी। नींद खुलते ही बच्ची ने देखा मां की लाश, पिता लापता, मौत के दूसरे दिन पुलिस ने कब्जे में लिया शवसूचना मिलने पर एएसआई अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुटे हैं।



हालांकि घर पर इस वक्त न उसके पिता है और ना ही बड़ा भाई है। सौरभ राय को एक बेटा और एक बेटी हैं। बताया जाता है कि सौरभ रात को करीब 11 बजे खाना खाकर सोने के लिए चला गया था। उसके साथ ही बाकी लोग भी अपने-अपने बेड रूम में सोने चले गए थे। रात में सुसाइड नोट लिखा और जान दे दी। सौरभ राय एक अच्छे परिवार से था। शुरूआती दौर में कांग्रेस पार्टी में थे। फिर जदयू ज्वाइन किया। वर्तमान में बीजेपी का दामन थाम पार्टी का झंडा ढो रहा था। कुछ साल पहले वोडाफोन के सिम की एजेंसी ली थी, लेकिन नहीं चली। धीरे-धीरे सारी चीजें खत्म हो गई। आमदनी का स्रोत बंद हो गया था। बेरोजगार होने के बाद पिता विजय राय और पत्नी कोसते रहते थे। काम करने का दबाव डालते रहते थे। बड़ा भाई पटना में व्यवसाय करता है। सुसाइड नोट में क्या लिखा है: सौरभ राय ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि अपनी इच्छा से सुसाइड कर रहा हूं। इसके दोषी कोई नहीं है। सुसाइड करने का कारण मैं खुद हूं। लिखा है कि बेरोजगार होने का दंश झेलना पड़ रहा था। मेरे घरवाले मुझ से दुखी हैं। सभी को खुश रखने की बहुत कोशिश की, पर सफल नहीं हो पाया।

## गिरिडीह जिला टास्क फोर्स की टीम ने चलाया छापेमारी अभियान

**गिरिडीह।** जिला टास्क फोर्स की टीम ने बुधवार सुबह अवैध कारोबार के खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया। यह अभियान मुफस्सिल थाना, बेंगाबाद थाना, ताराटांड़ थाना इलाके में सुबह चार बजे से की गई। इस दौरान टीम ने अलग-अलग स्थानों से बालू लदे चार ट्रैक्टर, लगभग 10 टन कोयला, कोयला लदी बाइक और एक क्वार्ज पत्थर लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद तस्करों में हड़कंप मच गया। इस बाबत डीएमओ सतीश नायक और एसडीपीओ अनिल सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जिला टास्क फोर्स की टीम के द्वारा बेंगाबाद, ताराटांड और मुफस्सिल थाना के इलाके में छापेमारी की गई। इस दौरान चार बालू लदा ट्रैक्टर, लगभग 10 टन कोयला, कोयला लदी बाइक बाइक और एक क्वार्ज पत्थर लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।

## झारखंड हाई कोर्ट में पेश हुए आईएएस के.श्रीनिवासन

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव के श्रीनिवासन अदालत के समक्ष सशरीर हाजिर हुए। यह मामला एक युवक का कास्ट सर्टिफिकेट जारी किए जाने से जुड़ा हुआ है। पिछली सुनवाई में अदालत ने विभाग को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक जवाब दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट के समक्ष सचिव के श्रीनिवासन ने बताया कि अदालत का आदेश वह स्पष्ट रूप से समझ नहीं पाए, जिस पर अदालत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की।मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर कानून की समझ नहीं है, तो लीगल एक्सपर्ट से सलाह लें। विनोद बड़ाइक ने याचिका दाखिल कर चीक बड़ाइक का कास्ट सर्टिफिकेट जारी करने का आदेश देने की गुहार लगाई है। अब कोर्ट अगले सप्ताह इस मामले की सुनवाई करेगा। अगली सुनवाई के दौरान भी सचिव के श्रीनिवासन को अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

## सरला बिरला के छात्रों ने नीट में सफलता प्राप्त की




**रांची।** रांची अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार सरला बिरला पब्लिक स्कूल की दिव्या रानी, श्रेयांश सिंह, अनंत आर्यन, दीपशिखा बनर्जी, सृष्टि साह, खुशी, अंजलि सिन्हा, वाणी माधोगरिया और आशीष कुमार मेहता ने नीट (यूजी).2023 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावकों एवं अपने शिक्षकों को दिया है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, शिक्षकों तथा अभिभावकों के परिश्रम की सराहना की जिसके परिणामस्वरूप ही यह गौरवपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि भविष्य की सफलता के लिए आज का परिश्रम महत्वपूर्ण है। कठोर परिश्रम के परिणामस्वरूप ही छात्रों ने मनचाही सफलता अर्जित की है।

## जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक एंड टेक्नोलॉजी (एक्सआईपीटी) में 100 % प्लेसमेंट

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक एंड टेक्नोलॉजी (एक्सआईपीटी), नामकुम, रांची, झारखंड में एसजीके इंडिया इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, पुणे के द्वारा ऑनलाइन कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के 14 छात्रों का चयन हुआकइस कैंपस ड्राइव में संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के 2020-23 सत्र के छात्रों ने भाग लियाकसभी चयनित छात्रों को डिप्लोमा प्रशिक्षु पद के साथ कंपनी द्वारा 2,64,000/- रुपए सालाना का पैकेज एवं अन्य सुविधाएं दी जाऐगी। इस वर्ष संस्थान में शत-प्रतिशत छात्रों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ हैक142 छात्रों के इस सत्र में 116 छात्रों का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ है तो वही 26 छात्रों ने उच्च शिक्षा को चुना है कसंस्थान के 2020-23 सत्र के छात्रों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में जैसे जेएसडब्ल्यू, टाटा स्टील, टाटा कंसलटिंग इंजीनियरिंग लिमिटेड, एसएनएल बियर रिंग, जॉन डियर, रिकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि में हुआ हैक। इस मौके पर संस्थान के को-ऑर्डिनेटर डॉ. प्रदीप केरकेट्टा एस.जे. एवं प्रभारी प्राचार्य राज कुमार ने खुशी जाहिर की तथा सभी चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ईडी की वजह से सुस्त हुई लूट की रफ्तार : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** झारखंड में ईडी की कार्रवाई पर बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भ्रष्टाचार व राज्य में लूट पर ईडी की वजह से लगाम लगी। उच्च न्यायालय की सक्रियता एवं सख्ती दिखाने से छह मई 2022 को ईडी ने राज्य में मनरेगा घोटालेबाज आईएएस पूजा सिंघल और सत्ता संरक्षित लूट मंडली के यहां छापामारी हुई। करीब 21 करोड़ नगद एवं बेहिसाब जमीन-जायदाद बरामद व जब्त कर कचरा सफाई अभियान शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि जांच आगे बढ़ी तो खान घोटाला, जमीन लूट घोटाला, टेंडर घोटाला उजागर हुआ। लुटेरों में डर पैदा हुआ। ईडी के द्वारा अफसरों-लुटेरों के बारी-बारी पकड़े जाने, जेल जाने से लूट की रफ्तार धीमी हुई। आगे कई और घोटाले उजागर होता दिखेगा। कई और सेटिंगबाज लुटेरे सरकारी-गैर सरकारी हस्तियां जेल जाएंगी। बाबूलाल ने कहा कि सोचिये अगर ईडी नहीं आई होती तो झारखंड और झारखंडियों की और कितनी बुरी हालत होती।

## राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री पर झामुमो ने जमकर साधा निशाना

# भाजपा उन्हें सीएम तक नहीं बनाना चाह रही है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ललित मोदी का पालन-पोषण करने वाली, आईपीएल के जरिए आर्थिक मुनाफा कमा कर विदेश भागने वाले ललित मोदी को संरक्षण देने वाली महारानी संथाल की पावन भूमि देवघर में जनता को भ्रष्ट और भ्रष्टाचार का पाठ पढ़ा रही थीं। भट्टाचार्य बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अजीब हालत है, जिस राजस्थान में भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री पद का दावेदार तक नहीं बनाना चाह रही है। उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाए या नहीं। इसको लेकर भाजपा पशोपेश में है, वह यहां आकर भाजपा के लिए जन समर्थन जुटाने का काम कर रही है। उन्हें यह पता होना चाहिए कि संथाल फुलो-झानो की पवित्र भूमि है, जहां पर पूंजीवाद और उपनिवेशवाद की लड़ाई लड़ी गयी। इस भूमि पर ऐसे सामंतवादी विचारधारा के लोग अनाप-शनाप बोल कर चले जा रहे हैं। इसका जवाब संथाल की जनता चुनाव में देगी। उन्होंने कहा कि चार साल तक सोयी रहने वाली पार्टी अब जनसंपर्क अभियान चला रही है। जनता को जगाने का काम कर रही है। अगर अपने समय में काम किए होते, तो इसकी जरूरत नहीं पड़ती। खुद जनसमर्थन मिलता। इसलिए भाजपा के लोग राजनीतिक रूप से झामुमो के साथ मुकाबला लोकसभा और विधानसभा में करें।




उन्होंने कहा कि मजे की बात है महारानी के साथ वहां के स्थानीय सांसद भी मौजूद रहते हैं, जिनकी काली करतूतों की लंबी फेहरिस्त है। आखिरकार ये लोग किस मुंह से यहां की सरकार को भ्रष्ट कहते हैं। अरे जनता के बीच जाना है, किसी पार्टी से लड़ाई करनी है, तो राजनीतिक मुद्दे लेकर आएं।

## सात दिवसीय विशेष कराटे प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**रांची।** 16 जून से 18 जून तक दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में भाग ले रहे राज्य खिलाड़ियों के तैयारी के मद्देनजर बहू बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में चल रहे सात दिवसीय विशेष कराटे प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। सभी खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक एवं नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने काता एवं कुमिते का प्रशिक्षण दिया। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों के तकनीको को बारीकी से निखारा गया है। साथ ही खिलाड़ियों को विश्व कराटे संघ के नियमों से भी अवगत करा दिया गया है जिससे कि इन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने में आसानी होगी साथ ही जीत की रणनीति के तहत अपना उम्दा प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के खिलाड़ी 16 जून को सुबह 10:20 के एयर एशिया की फ्लाइट से रांची एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे 17 जून से खिलाड़ी अपने-अपने आयु वर्ग के स्पर्धा में भाग लेंगे। इस प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा राकेश तिर्की ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में बुधवार को आषाढ़ कृष्ण पक्ष की योगिनी एकादशी उत्सव अत्यन्त भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। रथ यात्रा के पूर्व इस पावन एकादशी को प्रातः काल से भक्तों की भीड़ श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। इस अवसर पर प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनकर कर विभिन्न ताजे खुशबुदार फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम बजरंगबली का भी विशेष श्रृंगार किया गया। वरदानी शीश का भव्य दर्शन कर भक्तगण अत्यन्त भाव विभोर हो रहे थे । रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के साथ पावन ज्योत प्रज्वलित की गई । श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन की शुरूवात की गई।

## मंदिर का पट खुलते ही भक्तों की लगी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

योगिनी एकादशी के अवसर पर बुधवार को प्रातः से हरमू रोड के श्याम मंदिर में बड़ी संख्या में आगमन होता रहा। प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खोले गए । 5:30 मंगल आरती करके बाल भोग अर्पित किया गया। मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नवीन वस्त्र पोशाक पहनाकर फूलों का श्रृंगार करके श्रृंगार आरती करके भोग निवेदित किया गया। दोपहर 12:00 बजे भोग व शंख आरती करके मंदिर के पट बंद कर दिए गए। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि योगिनी एकादशी के अवसर पर साय काल के पूर्व खाटू नरेश शालिग्रामजी लड्डूगोपाल शिव परिवार हनुमानजी गुरुजनों का विशेष दिव्य श्रृंगार किया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य ने लाल गुलाब रजनीगंधा लाल गेंदा पीला गेंदा मुर्गन तुलसीदल की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश का दिव्य पावन मनोहारी श्रृंगार करके गुलाब के रुह से बाबा श्याम का मसाज करके गोधूलि बेला के पूर्व मंदिर के पट खोल दिए गए। मंदिर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने श्री श्याम दरबार में मत्था टेका। विशेष श्रृंगार दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगी रही। मंदिर जय जयकारों से गूंज रहा था।



**हम आज सभी मिलकर तुम्हें भजन सुनाएंगे :** दरबार अनोखा सरकार अनोखी खाटू वाले की हर बात अनोखी, भरोसा है तेरा खाटू वाले, हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है, जगत के रंग क्या देखूं तेरा दीदार काफी है, देता हरदम सांवरे हारे का तू साथ आदि भजनों की लय पर भक्तगण झूम रहे थे । इस अवसर पर श्री प्रभु को मिल्क केक, बादाम बर्फी, केसरिया पेड़ा, गुलाब जामुन , रबड़ी, कलाकंद विभिन्न प्रकार के फल एवं मेवा का भोग अर्पित किया गया । रात्रि 12 बजे महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, गोपी किशन ढांढनीयां, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, प्रमोद बगड़िया, प्रदीप अग्रवाल, मनोज ढांढनीयां, नितेश केजरीवाल, विकाश पाडिया का सहयोग रहा।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**e-Procurement Re-Tender Notice**

**Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-01/2023-24**

**Letter no - 632** **Date :- 12/06/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation of Tuiyo Bada Talab (Ahar), Block- Barkatha, Dist- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,06,18,674.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 26.06.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of bids | 05.07.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of opening of e-Tender | 07.07.2023 at 03:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 8 (a) | Contact no. of Procurement officer | 06546-270485 |
| (b) | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651- 2214784 |
| 10 | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 06.07.2023 up to 5:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribag. 3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division, Ranchi. |

Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.
2.) Estimated Cost may be increased or decreased.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer, Minor Irrigation Division,Hazaribag.**

**PR 299895 Minor Irrigation(23-24).D**

## मन का मिलन पखवाड़ा जागरुकता अभियान का खूंटी में हुआ समापन

**खूंटी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में बुधवार को डालसा सभागार भवन और सभी प्रखंडों में मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा जागरुकता अभियान का समापन हुआ। डालसा के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने कहा कि झालसा रांची के निर्देशन में 29 मई से 14 जून तक मन का मिलन पकवाड़ा चलाया गया, जिसमें मध्यस्थता के माध्यम से सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन डालसा द्वारा किया गया। कुल 14 आवेदनों के माध्यम से आए मामलों का त्वरित समाधान किया गया, जिसमें अधिकतर मामले पारिवारिक विवाद एवं जमीन संबंधित मामले थे। सत्य प्रकाश ने कहा कि मध्यस्थता से निकाला गया समाधान विवाद को जड़ से समाप्त कर देता है और धन तथा समय के साथ मानसिक त्रास से दोनों पक्षों को मुक्ति मिलती है। यह न्यायालय पर अतिरिक्त बोझा को भी खत्म करता है। उन्होंने कहा कि पखवाड़ा भले आज समाप्त किया गया, लेकिन लोग कभी भी अपने मामलों का निष्पादन डालसा में करा सकते हैं।

**कहर**

## परिवार के ऊपर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा

# वज्रपात की चपेट में आने से दादा-पोती की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग थाना क्षेत्र के डाडी. पंचायत अन्तर्गत डाडी. सेमर टोली गांव में हल्की बारिश के बीच भीषण वज्रपात की चपेट में आकर दादा 57 वर्षीय रंथु साहु (पिता स्वर्गीय बुधु साहु )और मासूम सी पोती दो वर्षीया प्रियांशी कुमारी (पिता राजकिशोर नाग ) की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद दादा और पोती की मौत से घटनास्थल पर कोहराम मच गया। वज्रपात की चपेट में आए दादा रंथु साहु को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिलने पर आनन फानन में ग्रामीणों ने उन्हें गोबर के गड्ढे में डाला और चमत्कार की आशा करने लगे। शरीर में किसी तरह का कोई हरकत नहीं होने के कारण रंथु के पुत्र राजकिशोर और अन्य परिजनों ने गांव के पड़ोसी तुलसी साहु के माध्यम से सुनील बरला के बोलेरो में दादा और पोती को लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। लेकिन मौके पर मौजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ सुबोधकांत चौबे ने रंथु साहु और



उनकी पोती प्रियांशी कुमारी दोनों को मृत घोषित कर दिया। उल्लेखनीय है कि रंथु साहु अपनी दो वर्षीया छोटी पोती को साथ लेकर सेमरटोली डाडी. गांव के बगल में डहु डांड़ स्थित खेत में बकरी चराने गए थे। इसी दौरान उन्होंने अपनी पोती को गोद में लेकर लगभग 4:30 बजे बैठे थे। तभी अचानक जोरदार बारिश होने लगी और बिजली की तेज चमक के साथ जोरदार वज्रपात की घटना घटी जिसकी चपेट में आकर दोनों दादा पोती की मौत हो गई। रंथु साहु की धर्मपत्नी प्रमिला देवी, रंथु की छोटी बहन दुलारी देवी, बेटियां क्रमशः सविता देवी, रूपा कुमारी, तथा बहु मधु कुमारी के चित्कार से हॉस्पिटल परिसर गमगीन हो उठा। मृतक रंथु साहु का एकमात्र पुत्र राजकिशोर साहु अपने पिता सहित अपनी छोटी बेटी प्रियांशी को खोने का दर्द से किंकर्तव्यविमूढ़ हो गए थे। उनकी पत्नी मधु अपनी मासूम बेटी के शव से लिपटकर चित्कार कर रही थी। राजकिशोर की केवल दो बेटियां थी जिनमें से अब केवल चार वर्षीया बड़ी पल्लवी कुमारी बच गई है। सूचना मिलने पर लापुंग के प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, दामाद संदीप नाग,दीपक साहु, दुबराज साहु, रमेश साहु सहित कई लोग पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। रंथु की बेटी और राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोकटा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका संगीता कुमारी भी घटना की जानकारी मिलने पर गांव पहुंची।

**झारखण्ड सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी**

**ई० प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम् कॉल)**

**T. Reference No. :- DWSD/KHUNTI-05(SR)/2023-24,** **Date 14.06.2023**

| S. No | Name of work | Gr. No. | No. of Tube well | Estimated cost (In Lakh) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Relocation of T/W by Drilling 125/115 mm dia drilled Tube -Well in all kinds of soil rock for installation of hand pump with D.T.H Rig machine all c omplete including supplying all materials, labours, tools, drilling, rigs, air compressor and equipments as well as fuel lubricant for making 125/115 mm dia boring etc and cost of transporting rig machine and other vehicle up to site work "Turn Key Basis" Under D. W. & S. Division, Khunti for the Year 2023-24 | KHDT-01 | 33 | 28.09290 | 57000.00 | 5000.00 | 45 Days |
| | | TODT-02 | 28 | 23.83640 | 48000.00 | 5000.00 | 45 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | Date of Tender uploading on website | 17.06.2023 at 05.00 PM |
| 3. | Document download / Sale start date | 17.06.2023 at 05.00 PM |
| 4. | Bid Submission start date | 17.06.2023 at 05.00 PM |
| 5. | Last date of Receipt of Bid | 24.06.2023 upto 05.00 PM |
| 6. | Bid Submission Last date | 24.06.2023 upto 05.00 PM |
| 7. | Last date of Submission of cost of BOQ and EMD (in hard Copy) | 26.06.2023 upto 02.00 PM |
| 8. | Place of receipt of Bid (Hard Copy) | 1. Office of the Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone. 2. Office Of the Superintending Engineer, D.W.&S. Ranchi Circle, Ranchi 3. Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti |
| 9. | Date of Opening of Tender | 27.06.2023 at 11.00 AM |
| 10. | Name & address of office inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water and Sanitation Division, Khunti |
| 11. | Name & address of Opening Officer | SE, Drinking Water and Sanitation, Ranchi Circle, Ranchi. |
| 12. | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhandtender.gov.in

**Executive Engineer D.W.& S. Division, Khunti.**

**PR.NO.300017 Drinking Water and Sanitation (23-24):D**

मंत्री ने अपने नौ साल की उपलब्धियों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा-

# गरीबों के उत्थान के लिए काम कर रही है सरकार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ नई दिल्ली।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को जनजातीय कार्य मंत्रालय की नौ साल की उपलब्धियों पर नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इंटरनेशनल मीडिया सेंटर में पत्रकारों को श्री मुंडा ने कहा कि हमारी नीति का मूल एक समग्र दृष्टिकोण के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल आदि जैसे क्षेत्रों में मानव संसाधन के रूप में जनजातियों का विकास है। इसे ध्यान में रखते हुए जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा कई परिवर्तन किए गए हैं। 2023 के बजट में सरकार ने विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के विकास पर एक मिशन की घोषणा की। लगभग 28 लाख पीवीटीजी आबादी वाले 22,544 गांवों को योजना के तहत बुनियादी सेवाओं की पूर्ति के लिए चिन्हित किया गया है। अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना के तहत 2023-24 से 2025-26 के दौरान मिशन के कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय बजट 2023-24 में 15000 करोड़ रुपये की राशि की घोषणा की गई है। विगत 12 जून को देश के 18 राज्यों से 75 पीवीटीजी समुदायों के 1500 प्रतिनिधियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में आमंत्रित किया गया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें संसद के सेंट्रल हॉल में संबोधित किया। यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम था। मंत्रालय ने प्रत्येक पीवीटीजी समुदाय के लिए 1 नोडल अधिकारी नियुक्त किया है और वे उनके आवासों/बस्तियों में जा रहे हैं और उनकी आवश्यकताओं को समझने के लिए क्षेत्र में रह रहे हैं। केंद्रीय बजट 2023-24 में ह्यसिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की घोषणा की गई है। वर्ष 2047 तक ह्यसिकल सेल एनीमिया को खत्म करने के लिए एक मिशन शुरू किया जाएगा। यह जागरूकता निर्माण, प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में 0-40 वर्ष की आयु के 7 करोड़ लोगों की सार्वभौमिक जांच और केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से परामर्श प्रदान करेगा। अगले तीन वर्षों में, 3.5 लाख आदिवासी छात्रों वाले 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की केंद्रीय रूप से भर्ती की जाएगी। मंत्रालय 5 छात्रवृत्ति योजनाओं को क्रियान्वित करता है जिसके तहत 2500 करोड़ रुपये से अधिक के वार्षिक बजट के साथ प्रत्येक वर्ष 30 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है। डीबीटी जनजातीय पोर्टल और डीबीटी भारत पोर्टल के साथ राज्य के मैट्रिक-पूर्व और मैट्रिकोत्तर योजनाओं के एकीकरण के परिणामस्वरूप पेपर आधारित यूसी से डेटा आधारित निगरानी में बड़ा बदवाल आया है और छात्रवृत्ति जारी करने के समय में काफी कमी आई है।

# मुख्यमंत्री से मिले इंडिया एलएलपी के सलाहकार और पार्टनर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार झारखंड मंत्रालय में डेलोइट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी के सलाहकार अनुराग श्रीवास्तव एवं पार्टनर कुशल सिंह ने मुलाकात की। भेंटवार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष अनुराग श्रीवास्तव एवं कुशल सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि डेलोइट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी झारखंड में इकोनामिक डेवलपमेंट अपॉर्चुनिटी क्षेत्र में कार्य करना चाहती है। झारखंड में कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां इकोनामिक कॉरिडोर की स्थापना की जा सकती है।उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में उनकी कंपनी सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## राज्यपाल से मिले झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान मिश्रा ने राज्यपाल को उच्च न्यायालय के नवनिर्मित भवन में सुचारु रूप से कार्य प्रारम्भ होने की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को उच्च न्यायालय की ओर से प्रकाशित स्मारिका भी भेंट की।

## एनआईए के डीजी ने डीजीपी से की मुलाकात



**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए ) के डीजी दिनकर गुप्ता ने बुधवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह से पुलिस मुख्यालय में मुलाकात की। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस मुलाकात के दौरान दिनकर गुप्ता ने राज्य के नक्सल परिदृश्य में एनआईए को झारखंड पुलिस की ओर से दिये जा रहे सहयोग की प्रशंसा की । साथ ही नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने की रणनीति पर चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान झारखंड कैडर के एनआईए आईजी आशीष बत्रा, एनआईए एसपी प्रशांत आनंद, एडीजी मुरारी लाल मीणा, एडीजी संजय आनंदराव लाटकर, मनोज कौशिक, अमोल वेनुकान्त होमकर, प्रभात कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सीसीएल ने टीएस सहित 15 अफसरों का किया तबादला

**रांची।** सीसीएल प्रबंधन ने निदेशक तकनीकी (ओ) के टीएस सहित 15 अफसरों का तबादला कर दिया है। एरिया में जीएम रहे एक अफसर को डीटीओ का टीएस बनाया गया है। इसका आदेश 13 जून देर शाम को अधिकारी स्थापना विभाग ने जारी किया। जारी आदेश के मुताबिक तबादला किए गए सभी अधिकारी माइनिंग संवर्ग के हैं। इसमें सीनियर मैनेजर से लेकर जीएम तक हैं। कई अफसरों का एरिया बदल दिया गया है। तबादला किए गए अधिकारियों में कन्हैया शंकर गयवाल, अतीश कुमार दिवाकर, कृष्णा मुरारी, मुनि नाथ सिंह, अंजनी कुमार और भूषण कुमार शामिल हैं।

## उपायुक्त ने परिवहन कार्यालय का किया निरीक्षण

# परिवहन पदाधिकारी को दिये आवश्यक नर्देश



नवीन मेल संवाददाता। रांची उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बुधवार को जिला परिवहन कार्यालय रांची, का निरीक्षण किया। समाहरणालय ब्लॉक बी स्थित जिला परिवहन कार्यालय का निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/ कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा निरीक्षण क्रम में जिला परिवहन कार्यालय में सभी कक्षों में हो रहें कार्यों को देखा, जिसमें लर्निंग लाइसेंस के लिए फोटो, वेरिफिकेशन, ऑनलाइन चालान, एनओसी इंट्री/वाहन संबंधित कार्य, वाहन स्वामित्व हस्तांतरण के लिए, स्मार्ट कार्ड प्रिटिंग, कार्ड चार्ज, वाहन निबंधन संबंधी कार्य, वाहन निबंधन हेतु इंट्री/ ईमेल, वाहन स्वामित्व हस्तांतरण हेतु इंट्री, चालक अनुज्ञप्ति स्मार्ट कार्ड चार्ज, वाहन हेतु शुल्क प्राप्त करना, आवंटित कार्य को देखते हुए उनसे एक-एक कर जानकारी लेते हुए सभी कार्यों का ससमय निष्पादित कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया एवं यहां लगे सूचना बोर्ड, सभी कर्मी के काउंटर में बोर्ड, सभी कक्षों के बाहर बोर्ड लगाने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को कहा एवं परिवहन कार्यालय में लोगों को बार-बार ना आना पड़े। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन प्रक्रिया को अपनाने को कहा। उपायुक्त ने स्वीकृत बल एवं कार्यरत्त बल विवरणी, जिला परिवहन में कार्यरत्त स्थापना कर्मचारी, बाह्य स्त्रोत से कार्यरत्त कर्मी एवं उनके कार्य सम्पादित किये जा रहें कार्यों का विवरण, उनके वेतन/मानदेय का भुगतान समय पर होने, सभी आवश्यक संचिकाओं का निरीक्षण, वाहनों के निबंधन, वर्तमान पता दर्ज करना, पुनः निबंधन, चालक अनुज्ञप्ति से संबंधित कार्य, ट्रेड लाइसेंस से संबंधित पंजी, आवंटन, वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्थापना मद में व्यय इन सभी की समीक्षा करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी से जानकारी लेते हुए इस पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## ऑटो चालक की हत्या करने वाले दोनों अपराधी का अबतक सुराग नहीं

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के सरकारी बस स्टैंड के समीप ऑटो चालक रोहित झा की हत्या करने वाले दोनों अपराधी का अबतक सुराग नहीं मिला है। दोनों अपराधियों ने देर रात घटना को अंजाम दिया था। इस वजह से सीसीटीवी फुटेज में भी उनका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा है। पुलिस ने कुछ अपराधियों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस मृतक के मोबाइल का डिटेल खंगाल रही है। इसके अलावा घटना स्थल का काल डंप भी निकाला जा रहा है। थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार ने बुधवार को बताया कि पुलिस मामले में काम कर रही है।

# हाई कोर्ट के बाहर एचईसी के विस्थापितों ने किया प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के बाहर एचईसी के विस्थापितों ने अपनी मांगों को लेकर बुधवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। महिलाओं ने कहा कि जिस जगह पर झारखंड हाई कोर्ट बना है वह उनके पूर्वजों की जमीन है, जहां पर खेती का काम होता था। आज उनके पास कोई रोजगार नहीं है। हाई कोर्ट के नए भवन में बाहर के लोगों को नौकरी दी जा रही है लेकिन यहां के स्थानीय लोगों को नौकरी नहीं मिल रही है। महिलाओं ने हाई कोर्ट के नए भवन में नौकरी की मांग की। साथ ही कहा कि उन्होंने एचईसी कारखाने के लिए जमीन दी थी लेकिन अब यहां हाई कोर्ट बन गया है। ऐसे में यहां के स्थानीय लोगों को हाई कोर्ट के नए भवन में किसी तरह की नौकरी मिलनी चाहिए। महिलाओं ने कहा कि उनके बच्चे पढ़े लिखे हैं। उन्हें उनकी जमीन के बदले हाई कोर्ट में किसी भी तरह का रोजगार दिया जाए। प्रदर्शन में शकुंतला देवी, मंजू तिर्की, सीता देवी, सुकून देवी, उर्मिला देवी, उषा देवी समेत अन्य महिलाएं शामिल थीं।

## डेलीगेट्स बनाने में अनियमितता का आरोप, रद हुआ पुलिस एसोसिएशन का चुनाव

**रांची।** झारखंड में जूनियर पुलिस अफसरों की प्रतिनिधि संस्था झारखंड पुलिस एसोसिएशन में होने वाले चुनाव को रद कर दिया गया है। राज्य पुलिस मुख्यालय की डीआईजी कार्मिक ए विजयालक्ष्मी ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। झारखंड पुलिस एसोसिएशन का सातवां अधिवेशन और केंद्रीय पदाधिकारियों का चुनाव 15, 16 व 17 जून को प्रस्तावित था। राज्य पुलिस मुख्यालय के आदेश में जिक्र है कि चुनाव में डेलीगेट्स बनाने में अनियमितता की शिकायत विभिन्न स्त्रोतों से मिले थे। पुलिस मुख्यालय ने 8 मई को रांची एसएसपी, गढ़वा एसपी, बोकारो, विशेष शाखा से डेलीगेट्स चयन में अनियमितता से संबंधित मामले में निर्देश दिया गया था। पुलिस मुख्यालय के आदेश में जिक्र है कि चुनाव को लेकर जांच प्रतिवेदन रांची एसएसपी किशोर कौशल ने जो जांच की उसमें डेलीगेट्स के चयन में गड़बड़ी के आरोप को सत्य पाया गया है।

## बैठक 37 वीं प्रसार शिक्षा परिषद् की बैठक आयोजित

# 'किसानों की संतुष्टि में ही कृषि वैज्ञानिकों की सफलता'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बुधवार को 37 वीं प्रसार शिक्षा परिषद् की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने जिलास्तरीय कृषि शोध एवं प्रसार में राज्यपाल सह कुलाधिपति द्वारा निर्देशित विचारों के अनुपालन पर जोर दिया। कहा कि महामहिम ने कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके) एवं महाविद्यालयों को स्थानीय प्रशासन एवं कृषि से जुड़े सरकारी संस्थानों से बेहतर समन्वयव एवं तालमेल स्थापित करने को कहा है। साथ ही कृषि प्रसार कार्यो में गुणात्मक तकनीकी हंस्तांतरण में सहयोग और अभिनव कृषि तकनीकी को बढ़ावा देने पर बल दिया है।

कुलपति ने किसानों की खुशहाली एवं संतुष्टि में ही कृषि वैज्ञानिकों की सफलता निहित होने की बात कहीं। उन्होंने हरेक केवीके को अपने जिले के एक गांव को अंगीकृत कर आदर्श कृषि गांव स्थापित करने पर जोर दिया। ताकि बहुतायत स्थानीय किसानों को तकनीकी लाभ मिले। कहा कि जल्द ही हजारीबाग एवं देवघर जिले के केवीके बीएयू से जुड़ेंगे। उन्होंने कृषि प्रसार सेवा के बेहतर लाभप्रदता के लिए सभी केवीके में प्रतिस्पर्धा की जरुरत पर जोर दिया। कहा कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग दे रही है, केवीके वैज्ञानिकों को किसानों के हित में प्रसार कार्यो में तेजी लानी होगी। मौके पर कुलपति एवं अतिथियों द्वारा एक्सटेंशन हाइलाइट्स 2022-23 पुस्तिका का विमोचन किया गया। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए 7 किसानों मोहन प्रजापति, हरेन्द्र साहा, जे उरांव, राज कुमार बेदिया, भुबनेश्वर मांझी, समसुल होदा एवं बिट्टू कुमार को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक रीवोल्विंग फण्ड के सृजन के लिए केवीके विकास भारती, गुमला को पुरुस्कृत किया गया। परिषद् के विशेषज्ञ डॉ डीएस राठौर, पूर्व कुलपति, सीएसके हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर ने कृषि प्रसार तंत्रों को नये तकनीकी हंस्तांतरण में विद्यमान तकनीकी की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन पर ध्यान देने पर बल दिया और जिले के प्रसार तंत्र को बेहतर परिणाम एवं परिणाम के लिए मिशन मोड में तकनीकी हंस्तांतरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया। परिषद् के विशेषज्ञ डॉ. पितांबर सवैन, प्राध्यापक एवं प्रधान, पशुपालन एवं पशुचिकित्सा प्रभाग, उड़ीसा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर ने किसानों के हित में लाभकारी कृषि तकनीकी का त्वरित हंस्तांतरण और स्थानीय अनुरूप उपयोगी तकनीकी को बढ़ावा देने एवं किसानों की बेहतर आमदनी के लिए पशुपालन एवं पशुचिकित्सा की तकनीकी सेवा को प्राथमिकता देने की बात कही। मौके पर डॉ. अंजनी कुमार, निदेशक, आईसीएआर-अटारी, पटना ने विपरीत स्थिति में कृषि विज्ञान केन्द्रों को बढ़ावा देने में कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह के योगदान को सराहनीय बताया।



PR NO. 300069 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24

## भाजपा का विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन

# मोदी सरकार के 9 साल रहा बेमिसाल : दीपक प्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत कांके के पिठोरिया मैदान में विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी के सभी सातों मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल उपलब्धियों की दृष्टि से बेमिसाल रहा है। गरीब कल्याण, सेवा और सुशासन की योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए भारत का सांस्कृतिक गौरव पुनर्स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता लोगों के बीच यह बात पहुंचाएं कि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास जैसी कई योजनाएं दलित-वंचित समाज के लिए लागू की। एसटी मोर्चा के कार्यकर्ता लोगों के बताएं कि सरकार ने बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया है। किसान मोर्चा के कार्यकर्ता बताएं कि किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, फसल बीमा जैसी योजनाएं शुरू की गई। इसी तरह ओबीसी मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा को भी उन्होंने मोदी सरकार द्वारा समाज विशेष के लिए किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाने का निर्देश दिया। सम्मेलन में कांके विधायक समरी लाल, सुरेंद्र महतो, जीतू चरण राम, नरेंद्र कुमार, अनिल टाइगर, जगलाल महतो, सुषमा देवी, अशोक राम, कमलेश राम, सुरेश राम, इमरान अंसारी, उत्पल शाहदेव, चुनींद्र महतो समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आइएसएम प्रोफेसर की मौत मामले में गठित होगी जांच टीम

**धनबाद।** आइआइटी-आइएसएम में 13 जून को प्रो यशवंत कुमार गजाला की डूबने से हुई मौत मामले में जांच टीम गठित की जाएगी। निदेशक प्रो राजीव शेखर ने बताया कि जांच पूरी होने तक स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में स्थित स्विमिंग पुल को अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया है। बता दें कि प्रोफेसर की मृत्यु की वजह से दूसरे दिन भी संस्थान परिसर में मायूसी छायी रही। हालांकि शैक्षणिक कार्य जारी रहा। बता दें कि प्रोफेसर यशवंत गजाला की स्विमिंग पुल में डूबने से मौत हो गई थी। घटना के समय लगभग एक दर्जन प्रोफेसर स्विमिंग पुल के पास मौजूद थे। प्रो गजाला उड़ीसा के रहनेवाले थे। 13 जून को ही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहीं भी चोट के निशान नहीं मिले हैं।

## हजारीबाग से रांची के नेपाल हाउस शिफ्ट होगा जनसेवकों का धरना



**नवीन मेल संवाददाता**

हजारीबाग। झारखंड में जनसेवक पिछले 37 दिनों से हड़ताल पर हैं। हजारीबाग समाहरणालय में धरने पर बैठे जनसेवकों ने बताया कि झारखंड जनसेवक संघ ने तय किया है कि अब यह आंदोलन रांची नेपाल हाउस के सामने दिया जाएगा। हजारीबाग से 58 जनसेवक जिनमें महिला भी शामिल हैं। गुरुवार की सुबह 7:00 बजे रांची के लिए कूच करेंगे। संघ का कहना है कि सरकार ने अब तक सिर्फ मौखिक आश्वासन दिया है। इस कारण क्षुब्ध होकर राज्य मुख्यालय नेपाल हाउस के सामने अनिश्चितकालीन धरना देने जा रहे हैं। जब तक सरकार लिखित आश्वासन नहीं देती है, आंदोलन इसी तरह चलता रहेगा। जन सेवकों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी वो अपना आंदोलन नेपाल हाउस के सामने करते रहेंगे। नेपाल हाउस में ही कृषि विभाग का कार्यालय है। मंत्री और पदाधिकारियों को स्थिति स्पष्ट करने की जरूरत है। अगर स्थिति साफ नहीं हुई तो काम पर भी नहीं लौटेंगे। जनसेवकों ने बताया कि कई ऐसे जनसेवक हैं, जिन्हें अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ऐसे में प्रखंड के कई काम प्रभावित हो रहे हैं। देवेंद्र कुमार जो डाड़ी प्रखंड में सेवा दे रहे हैं, उन्हें प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा और बीएलओ सुपरवाइजर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह चुरचू प्रखंड में जनसेवक के पद पर सेवा देने वाले त्रिदेव कुमार को पंचायती राज पदाधिकारी, सांख्यिकी पदाधिकारी और बीएलओ सुपरवाइजर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। रवि रंजन को कृषि पदाधिकारी के साथ-साथ आपूर्ति पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह इस वक्त बड़कागांव में पदस्थापित हैं। भास्कर राज को कल्याण पदाधिकारी, सांख्यिकी पदाधिकारी, एजीएम और बीएलओ सुपरवाइजर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह अभी बड़कागांव में पदस्थापित हैं। नौ मई से राज्य के सभी जनसेवक ग्रेड पे घटाए जाने के विरोध और 11 सूत्री मांगों को लेकर जिला मुख्यालयों में धरने पर हैं। जनसेवक संघ के अध्यक्ष काशीनाथ गुप्ता ने बताया कि हड़ताल के इतने दिन बीत जाने के बाद भी सरकार ने अब तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया है।

## देश और सूबे में फिर बनाएं भाजपा सरकार : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** बाबूलाल मरांडी ने बुधवार 14 जून को तिसरी प्रखंड स्थित पिपराटांड गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनने वाले पुल का शिलान्यास किया। 2.22 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जाना है। मौके पर बाबूलाल ने संवेदक को सख्त हिदायद देते हुए कहा कि कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिलान्यास समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता से एक बार फिर देश में मोदी सरकार बनाने की अपील की है। बाबूलाल ने कहा कि जब प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार थी, तब विकास के चारों पहिये सरपट दौड़ते थे। जगह-जगह पुलपुलिया और सड़कों का निर्माण किया गया। लेकिन राज्य में हेमंत सोरेन सरकार आने से विकास कार्यों की गति थम सी गई है। मौके पर भाजपा नेता रामचंद्र ठाकुर, चंदौरी मंडल अध्यक्ष रविन्द्र पंडित,तिसरी मुखिया किशोरी साव, किशुन यादव, कुणाल सिंह,विकास सिंह, इलियास अंसारी,प्रकाश पासवान, सुनिल यादव, सोनू यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### गिरिडीह : ससुराल से लौट युवक ने फांसी लगा दी जान

**गिरिडीह।** ससुराल से लौटे युवक ने 13 जून की देर शाम अपने आवास में फंदे से झूल कर जान दे दी। जानकारी के अनुसार 20 नंबर कोलडीहा निवासी जयशंकर साहू का 22 वर्षीय पुत्र सागर साहू मंगलवार शाम ससुराल से आवास पहुंचा और देर शाम अपने कमरे में बंद होकर फांसी लगा ली। जानकारी के अनुसार सागर घर का इकलौता चिराग था और 01 साल पूर्व पड़ोस में ही उसकी शादी हुई थी। सदर अस्पताल में सागर के पिता जय कुमार ने बताया कि शनिवार को वह ससुराल गया था। 04 दिनों बाद मंगलवार को वह ससुराल से लौटा। कहा कि बाइक लेकर गया था पर बगैर वाहन के ही वापस घर आया। पूछने पर वह कुछ भी नहीं बताया और कमरे में बंद हो गया। देर शाम जब कमरा खुलवाने गया तो अंदर से कोई आवाज नहीं आया। अनहोनी की आशंका में दरवाजा तोड़कर अंदर गया तो वह पंखे से झूलता नजर आया। तत्काल उसे नीचे उतार नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बुधवार अस्पताल भेजा।

### गिरिडीह : सुल्तानगंज गंगा स्नान हादसे के पीड़ित परिवार से मिल विधायक ने दी सांत्वना

**गिरिडीह।** गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू 14 जून को पूर्व मुखिया उषा देवी के आवास पहुंच परिजनों को सांत्वना दी। विदित हो कि दो दिनों पूर्व सुल्तानगंज में गंगा स्नान के दौरान पूर्व मुखिया उषा देवी के नौ परिजन डूब गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से सात लोगों को बचा लिया गया पर हादसे में पूर्व मुखिया की 15 वर्षीय बेटी और 25 वर्षीय भांजे की डूबकर मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बुधवार की सुबह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू पूर्व मुखिया के अलकापुरी स्थित आवास पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। मौके पर विधायक ने कहा कि ऐसे हादसे के बाद जुबा बंद हो जाती है। यह ऐसी दुखद घटना है जिसका केवल एहसास किया जा सकता है। विदित हो कि पूर्व मुखिया के पति संदीप राणा वर्षो तक पत्रकारिता से जुड़े रहे।

### कुएं से आठ माह के शिशु का शव बरामद

**गिरिड़ीह।** जमुआ प्रखंड के नोक्डीहा ओपी थाना क्षेत्र में आठ माह के शिशु को चुराकर हत्या करने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार नवडीहा ओपी क्षेत्र के सियाटाड़ गांव में कुंदन वर्मा की पत्नी अपने आठ माह के बच्चे के साथ मंगलवार की रात घर की छत पर सोई थी। इस दौरान आधी रात में मां की अचानक नींद खुली तो देखा की बच्चा उसके पास नहीं है। इसकी जानकारी उसने परिजनों को दी। इसके बाद बच्चे की खोजबीन शुरू हुई। इस दौरान बुधवार को पता चला कि पास के कुएं में एक बच्चे का शव तैर रहा है। सूचना पर परिवार के लोग कुएं के पास गए। ग्रामीणों ने बच्चे के शव को कुएं से बाहर निकाला। शव की शिनाख्त कुंदन के बच्चे के रूप में हुई। घटना के बाद पूरे गांव के लोगों में रोष व्याप्त है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि किसी ने दुश्मनी में इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### गिरिडीह में पत्थर और कोयला जब्त

**गिरिडीह।** गिरिडीह टास्क फोर्स ने बुधवार को अवैध कारोबार के खिलाफ तीन थाना इलाके में ताबड़तोड़ छापेमारी किया। इसमें दस टन कोयला के साथ एक कार्टेज पत्थर लोड गाड़ी को जब्त किया। साथ ही बेंगाबाद और ताराटांड़ थाना इलाके में ही बालू लोड दो ट्रैक्टर को भी जब्त किया। इस दौरान डीएमओ सतीश नायक के साथ एसडीपीओ अनिल सिंह, मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान समेत कई पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे। मुफ्फसिल थाना इलाके के बराकर नदी के समीप हुए कार्रवाई के दौरान पत्थर लोड ट्रक को जब्त किया गया, जबकि अवैध कोयला लोड कई बाइक भी जब्त किया गया। बाइक में करीब सात टन कोयला लोड बताया जा रहा है। बेंगाबाद और ताराटांड़ थाना पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त किया है। जिला खनन अधिकारी सतीश नायक अब पता लगाने जुटे हुए है की पत्थर लोड ट्रक का मालिक कौन है और पत्थर किस इलाके से निकाल कर कहा पहुंचाया जा रहा था। बालू लोड ट्रैक्टर के मालिक का मालिक का नाम भी जिला खनन अधिकारी पता लगाने में जुटे हुए हैं।

### सात गौ वंशीय पशु से लदा वाहन जब्त

**जमशेदपुर।** गुप्त सूचना के आधार पर बहरागोड़ा थाना प्रभारी संतन तिवारी ने एक टीम गठित कर एनएच 49 पर बेला चौक के निकट बुधवार की सुबह वाहन जांच के दौरान एक टाटा इंट्रा माल वाहक वाहन को जब्त कर लिया। वाहन पर सात गोवंश पशु लदे थे। पुलिस को देख कर वाहन चालक चित्तरंजन श्यामल (52) भागने लगा तो पुलिस ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार चित्तरंजन श्यामल ओडिशा के मयूरभंज जिला स्थित सिरसा गांव का निवासी है। वह चोरी-छिपे गोवंशीय पशुओं को वाहन के माध्यम से जामशोला होते हुए पश्चिम बंगाल के चिचड़ा में भेजता है। पुलिस द्वारा धारा 414 / 34, धारा 12/13/15 के तहत मामला दर्ज कर चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बरामद मवेशियों को चाकुलिया के ध्यान फाउंडेशन के गौशाला में भेजा गया है।

### 16 जून को मुन्ना सिंह होंगे कांग्रेस में शामिल

**हजारीबाग।** हजारीबाग के पूर्व कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह 16 जून को फिर से कांग्रेस में शामिल होंगे। दोपहर 12.30 में प्रदेश कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में वे कांग्रेस की सदस्यता लेंगे। मुन्ना सिंह ने 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ दिया था। दोबारा उन्हें कांग्रेस में शामिल कराने के लिए प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे को आवेदन भेजा गया था, जिस पर अविनाश पांडे ने सहमति दे दी है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय की ओर से पत्र जारी किया गया है।

### जिप सदस्य ने किया तालाब का शिलान्यास

**गिरिडीह।** जिले के बगोदर प्रखंड के मुंडरो पंचायत के कुम्हराकोचा में 15 वें वित्त आयोग से जिप सदस्य दुर्गेश कुमार ने नारियल फोड़कर तालाब का शिलान्यास किया। जिसकी प्राक्कलित राशि लगभग 16 लाख है. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बगोदर प्रमुख आशा राज उपस्थित थी। जिप सदस्य ने कहा कि क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद का ख्याल मैं हमेशा रखूंगा। तालाब बनने से क्षेत्र के ग्रामीण व किसान सिंचाई करके फसल उपजाये व मछली पालन करें। जिप सदस्य ने संवेदक को ग्रामीणों की देखरेख में गुणवत्ता पूर्ण कार्य तय समय पर करने का निर्देश दिया। मौके पर मुखिया बन्धन महतो, पंसस कालेश्वर मण्डल, उप मुखिया विनोद मण्डल, भाजपा नेता जगदीश महतो, पूर्व मुखिया नेमचंद सिंह आदि उपस्थित थे।

### दिल्ली से आई एयरपोर्ट अथॉरिटी की टीम ने बोकारो एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

**बोकारो ।** बोकारो हवाई अड्डा से इस साल उड़ान शुरू हो जाएगी। तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।दिल्ली से बोकारो आई एयरपोर्ट अथॉरिटी की टीम ने बुधवार को बोकारो एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद बोकारो स्टील लिमिटेड के संबंधित अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट परिसर में ही बैठक की। बताया गया कि बीएसएल को डीजीसीए के लाइसेंस के लिए आवेदन आदि की प्रक्रिया पूरी करनी है। वहीं राज्य सरकार को एंबुलेंस सुरक्षा सहित अन्य सुविधाएं मुहैया करानी है। राँची एयरपोर्ट के डायरेक्टर के एल अग्रवाल ने बताया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा किए जाने वाले कार्य लगभग 99.99% पूरा कर लिया गया है। यहां से उड़ान के लिए दो कंपनियों को अनुमति भी दे दी गई है,जिसमे एलाइंस एयर और फ्लाईवीक शामिल है,लेकिन उड़ान भरने के लिए डीजीसीए से लाइसेंस प्राप्त करना सबसे आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 2023 में बोकारो और दुमका से उड़ान शुरू हो जाएगी। इसके लिए अथॉरिटी एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) प्रयासरत है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के द्वारा भी निर्देश प्राप्त हुआ है देश में अन्य जगहों के साथ बोकारो और दुमका में परिचालन शुरू करना है।

## चरमराई बिजली व्यवस्था के खिलाफ आक्रोश

### हजारीबाग में आमजनों के साथ विधायक ने दिया धरना




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में चरमराई बिजली व्यवस्था के खिलाफ आमजनों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बुधवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बिजली ऑफिस में जीएम कार्यालय के सामने धरना दिया। इस दौरान विधायक ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों को चेतावनी दी कि 25 जून तक अगर बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो कार्यालय का मेन स्विच बंद कर दिया जाएगा। पदाधिकारियों को भी इस बात का अहसास होना चाहिए कि बिजली के बिना काम करना कितना मुश्किल है। भाजपा कार्यकर्ता बिजली विभाग के पदाधिकारियों को मोमबत्ती और लालटेन सौगात के रूप में देंगे। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि 22 जगहों पर ट्रांसफार्मर खराब पड़े हुए हैं। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी अब तक बदला नहीं गया। आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर बदलने के लिए पैसा उगाही का काम पदाधिकारी और उनके एजेंट कर रहे हैं। 11000 वोल्ट का तार कई घरों के ऊपर से गुजर रहा है। लेकिन अब तक शिफ्ट नहीं किया गया है। आंख मिचौली का खेल यदि देखना है तो हजारीबाग आइए। आम जनता परेशान है। खासकर ग्रामीण इलाकों में ऐसा प्रतीत होता है कि फ्राई पेन में आम इंसान बैठ गया है। अंडरग्राउंड केबल इन के लिए कई राज्यों में काम हो रहा है, लेकिन झारखंड जैसे राज्य में कोई व्यवस्था नहीं है। ट्रांसफार्मर बदलना मतलब दुधारू गाय को घर पर रखने के बराबर है। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि भाजपा जीएम कार्यालय में धरना देने के लिए पहुंची है। बिजली सुधरती नहीं है तो पदाधिकारियों को घेरने का भी काम करेंगे। सत्ता में बैठे लोग अपने एजेंट से ट्रांसफार्मर और बिजली कनेक्शन के लिए हजारीबाग और बरही इलाके में पैसे वसूल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बरही विधायक उमाशंकर अकेला उद्घाटन मास्टर बन कर रह गए हैं। वह इन दिनों पुराने ट्रांसफार्मर का भी उद्घाटन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में बिजली व्यवस्था एक ज्वलंत मुद्दा बन गई है। बिजली की आंख मिचौली से हर एक व्यक्ति परेशान है।

**अच्छी पहल** | हीरापुर कोहिनूर मैदान में वेंडिंग जोन का उद्घाटन

# 192 दुकानदारों को मिली दुकान, लोगों में खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के सांसद पीएन सिंह व नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार ने नगर निगम की ओर से हीरापुर कोहिनूर मैदान में फुटपाथ दुकानदारों के लिए बने वेंडिंग जोन का 14 जून को उद्घाटन किया। सांसद ने कहा कि पहली बार निगम की अच्छी पहल देखने को मिल रही है। अभी तक निगम पर फुटपाथ दुकानदारों को उजाड़ने का आरोप लगता था। लेकिन आज एक साथ 192 फुटपाथ दुकानदारों को दुकान उपलब्ध कराने का काम किया गया ।ये सभी बिना रोक-टोक के अब अपनी दुकानदारी कर सकेंगे। नगर आयुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्र में फुटपाथ दुकानदारों के लिए कुल 20 वेंडिंग जोन बनाने की योजना है। जैसे-जैसे जमीन उपलब्ध होगी, वेंडिंग जोन का निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन के समय दुकानदारों से 100, 100 रुपया लिया गया था। लेकिन दुकान के आवंटन के समय कोई राशि नहीं ली गई है। सभी को निशुल्क दुकान उपलब्ध कराई गई है. सभी को दुकान के कागजात भी उपलब्ध करा दिया गया है। अब ये देर रात तक अपनी दुकान लगा सकेंगे. फिलहाल 25 लोगों ने स्टॉल लगाया है। आने वाले दिनों में पूरा दुकान भरा मिलेगा। जरूरत के सारी चीजें एक स्थान पर उपलब्ध होगी। इससे लोगों को खरीदारी करने में सहूलियत होगी। मौके पर सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, कंचन भदोलिया, सुमित तिग्गा आदि उपस्थित थे।



# पानी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मुखिया पति को बंधक बनाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बेनगड़िया पंचायत के नगरडीह आदिवासी टोला के ग्रामीणों ने पानी की मांग को लेकर 14 जून को मुखिया आलूकी मरांडी के पति लखिन्दर मरांडी को घंटों बंधक बनाए रखा। माझी हराम के नेता के आने व ग्रामीणों को समझाने के बाद मुखिया पति बंधन मुक्त हुए। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में पांच चापाकल हैं लेकिन सभी बेकार पड़े हैं। चापाकल नहीं रहने के कारण इस चलाती धूप में मजबूरन हमलोगों को काफी दूर दाढ़ी चुंआ से पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार मुखिया व विधायक को समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया गया परंतु किसी ने बात नहीं सुनी। आज किसी काम को लेकर मुखिया पति गांव आए हुए थे तो उग्र लोगों ने उन्हें बंधक बना दिया। मुखिया पति ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के अंदर खराब पांचों चापाकलों की मरम्मत करवा दी जाएगी। बताते चलें कि यह मामला विधायक अपर्णा सेनगुप्ता गढ़ क्षेत्र का है।



### जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

# आपसी समन्वय-सहयोग बनाकर कार्य करें अधिकारी : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। जिला पशुपालन कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों को ससमय योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं, जिले के सभी दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के मद्देनजर उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार को रोस्टर तैयार करते हुए शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सिविल सर्जन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने एवं दिव्यांगों के लिए लगाए जाने वाले शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

अवैध खनन पर रोक लगाने के मद्देनजर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से औचक जांच अभियान चलाने एवं दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि एनजीटी द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू के उठाव पर पूरी तरह से रोक है सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी हालत में अवैध रूप से बालू का उठाव या परिवहन ना किया जाए मौके पर उपायुक्त ने अवैध रूप से संचालित ईटभट्टों पर भी कार्रवाई करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को जिले में अवैध शराब के विरुद्ध औचक जांच अभियान चलाने एवं इस संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड वार प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों से लक्ष्य के विरुद्ध सृजित मानव दिवसों की जानकारी ली। जिसके उपरांत उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए योग्य व जरूरतमंद लोगों को मनरेगा से जोड़ने व उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना, मिशन अमृत सरोवर, पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति का जायजा लिया एवं लक्ष्य पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 2023 -2024 के लिए प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुए कार्यों की प्रखंड वार समीक्षा की। इस दौरान जिन प्रखंडों में उपायुक्त ने कार्य संतोषजनक नहीं पाया उनके संबंधित अधिकारियों को कार्य को गंभीरता से लेने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों को लाभ देने के तहत हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया वहीं प्रीमैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में उपायुक्त ने शेष बचे बच्चों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने हेतु कार्य करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कराकर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी योग्य लाभुक पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे वहीं उन्होंने पेंशन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। कृषि विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत सभी योग्य लाभुकों को लाभ सुनिश्चित करने हेतु शेष बचे हुए लाभुकों का ईकेवाईसी का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं, उपायुक्त ने उर्वरक तथा बीज वितरण का कार्य ससमय पूर्ण करते हुए किसानों को लाभ देने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने जिले के सभी योग्य किसानों को केसीसी से लाभान्वित करने के मद्देनजर संबंधित अधिकारियों को कार्य करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत पूरे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता पर मंडल से वर्तमान में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में चल रहे कार्य जानकारी ली वही उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों व आंगनवाड़ी केंद्रों में अनिवार्य रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। भवन निर्माण निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को जल्द से जल्द चितरपुर एवं दुलमी प्रखंड में निमार्णाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत जिले में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को प्रतेक योग्य बच्ची/युवती को लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। अंचलवार लंबित दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को ससमय म्यूटेशन संबंधित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं,उपायुक्त ने भूमि, जाति, आय, आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्र लोगों को आसानी से उपलब्ध हो इस दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने विधि व्यवस्था, राजस्व न्यायालय में लंबित वादों, नीलाम पत्र वादों आदि की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिविल सर्जन, भू अर्जन पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### सांसद जयंत सिन्हा ने की मध्यस्थता

## बीआरएल ने मजदूरों का निलंबन लिया वापस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण के क्रम में बुधवार को सांसद जयंत सिन्हा को मरार स्थित बीआरएल फैक्ट्री के बाहर सैकड़ों मजदूरों का निलंबन करने के विरोध में मजदूरों द्वारा फैक्ट्री का गेट बंद कर धरना देने की जानकारी मिली। जानकारी के उपरांत सांसद ने बिना समय गंवाए मजदूरों की समस्या का निदान हेतु भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता,सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी एवं मनोज गिरी के साथ धरनास्थल पर पहुंच कर मजदूरों से उनकी समस्या जाना। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की सांसद जयंत सिन्हा ने गेट पर उपस्थित महाप्रबंधक और बीआरएल के कार्यकारी निदेशक से फोन पर वार्ता कर इस विषय पर गरीब मजदूरों की चिंता करते हुए उचित निर्णय लेने का आग्रह किया। जिसपर बीआरएल के उच्चाधिकारियों द्वारा इस गंभीर मसले पर इसी माह 17 जून को बैठक कर कोई ठोस निर्णय लेने का सांसद को आश्वासन दिया गया। साथ हीं सभी निलंबित मजदूरों को आज से हीं काम पर वापस लेने का आदेश पारित करते हुए मजदूरों का निलंबन वापस लिया । सांसद जयंत सिन्हा के प्रयास के कारण काम पर वापस लिए गए मजदूरों के चेहरे पर इस बात की काफी खुशी देखने को मिली। मजदूरों ने इसके लिए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा का आभार व्यक्त किया।

## बरही में शिलापट्ट बदले जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेला के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास पिछले 29 मई को होना था ।इसके लिए शिलापट्ट भी लगाए गए थे । शिलापट्ट में सांसद जयंत सिन्हा, विधायक उमाशंकर अकेला, जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष किसुन यादव, जिप सदस्या मंजू देवी सहित स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव का नाम अंकित था । इसके लिए अमरेंद्र यादव को बतौर संवेदक बताया गया था। परंतु किसी कारण वश उक्त योजना का शिलान्यास नही हो सका। बुधवार को उक्त शिलापट्ट को हटाकर नया शिलापट्ट लगाया गया जिस पर सिर्फ स्थानीय सांसद और विधायक ही नाम अंकित है। जो अनुचित है ।इसका विरोध करते हुए जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि यह पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों का अपमान है । पंचायत प्रतिनिधि को भी जनता ने चुना है, इनके नाम भी उद्घाटनपट्टिका या शिलान्यास पट्टिका में होना अनिवार्य है ।यह विधायक के द्वारा मनमानी किया जा रहा है जिसका हम सभी पंचायत प्रतिनिधि विरोध करते है । विधायक ने कहा संबंधित मामले के संबंध में पूछे जाने पर विधायक श्री अकेला ने कहा कि यह निर्णय डीडीसी के पत्रानुसार लिया गया है । जो शायद जिप उपाध्यक्ष सहित अन्य को जानकारी रखनी चाहिए । इस संबंध ने डीडीसी कार्यालय से जारी पत्र में यह निर्देशित है की पंचायत प्रतिनिधि का नाम सिर्फ 15वे वित से संबंधित कार्यक्रम उद्घाटन के लिए ही योग्य है, अन्य योजनाओ के लिए नही ।

### हजारीबाग सांसद ने किया राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का स्वागत



**हजारीबाग।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन चतरा और कोडरमा जिला के भ्रमण पर निकले थे। मंगलवार को रांची लौटने के दौरान वो हजारीबाग परिसदन में रुके। इस दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने उनका स्वागत किया। मौके पर डीसी नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे भी मौजूद रहे। इस औपचारिक मुलाकात के दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने हजारीबाग की प्रसिद्ध सोहराई कला का फोटो फ्रेम राज्यपाल को दिया। साथ ही जिले में चल रहे राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं पर भी चर्चा की। इस दौरान सहायक समाहर्ता शताब्दी मजूमदार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार भी मौके पर मौजूद रहे।

### चुट्टूपालू घाटी में ट्रक पलटा, स्कूटी सवार की मौत

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुट्टूपालू घाटी में तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे सड़क पर चल रहे स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। स्टील शीट से लदा ट्रक रांची से रामगढ़ की ओर आ रहा था। इसी दौरान ट्रक अनियंत्रित हो गया और एक नीले रंग की स्कूटी को चपेट में लेते हुए पलट गया। पलटने से ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, घटना में ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान विजय पांडेय भुरकुंडा निवासी के रूप में हुई है। विजय पांडेय के निधन से भुरकुंडा में शोक का माहौल है।

### बरही : ग्रीष्मावकाश में हुआ संशोधन, आठवीं तक की कक्षाएं रहेगी बंद

बरही । प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने एक बार फिर ग्रीष्मावकास में संशोधन किया है । इस संबंध में मुख्य सचिव ने फिर से नया निर्देश जारी किया है । नए निर्देश के अनुसार केजी से कक्षा 8 तक की सभी कक्षाएं आगामी 17 जून तक बंद रहेगी । जबकि ऊपर की कक्षाएं 15 जून से पूर्व की भांति संचालित होंगी । यह निर्देश राज्य में संचालित हो रहे सभी निजी और सरकारी विद्यालयों के लिए प्रभावी होगा ।

### मुखिया ने चहारदीवारी, शौचालय, डीप बोरिंग निर्माण की मांग डीसी से की

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत मुखिया अब्बास अंसारी ने रोड़ मरम्मत, स्कूल में चहारदीवारी, शौचालय, डीप बोरिंग निर्माण की मांग उपायुक्त से की। इस बाबत मुखिया अब्बास अंसारी ने उपायुक्त को पत्र लिखकर अवगत कराया कि प्रखंड के दक्षिणी पंचायत में तीन पत्थर खदान संचालित है। खदान से प्रभावित को देखते हुवे डी. एम. एफ. टी. फंड से कुमर डीहा तालाब से भिखो प्रजापति के घर तक जर्जर ग्रामीण सड़क का निर्माण, नव सृजित प्राथमिक विद्यालय कोनहारा कला में चहारदीवारी, शौचालय निर्माण की मांग की है। साथ ही उन्होंने लिखा है कि पत्थर खदान संचालित होने से जल स्तर काफी नीचे चला गया है। जिसे ग्रामीण जनता को पानी नहीं मिल पा रही है। पानी को किल्लत देखते हुवे डीप बोरिंग अति आवश्यक है। जिससे लोगों को पानी मिल सके।

### रामगढ़ के ऋषि राज ने नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम किया रोशन

**रामगढ़।** शहर के कोयरी टोला निवासी ऋषि राज ने मेडिकल में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होनेवाली नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिले और अपने परिजनों का नाम रौशन किया है। ऋषि राज ने भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड के निकट स्थित दीक्षा एकेडमी के शिक्षकों की देखरेख में अपनी तैयारी की थी। ऋषि की सफलता पर दीक्षा एकेडमी के शिक्षकों द्वारा बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर ऋषि को सम्मानित किया गया। समारोह में बतौर अतिथि झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा एवं झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू मौजूद थे। समारोह की अध्यक्षता निदेशक लक्ष्मण कुमार ने की।

### बरही में विधायक ने की विभागवार समीक्षा बैठक

## तिलैया डैम जलापूर्ति योजना का टेंडर पूर्ण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** विधायक के निर्देशानुसार नगर भवन में विभागवार समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता स्थानीय विधायक सह विस निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला की अध्यक्षता ने किया. बैठक में विद्युत और वन विभाग को छोड़ सभी विभाग के अधिकारी व मुख्य कर्मी मौजूद रहे। जिनके विरुद्ध बीडीओ को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों और उनके प्रतिनिधियों ने बारी बारी से अपने विभाग में चल रहे योजनाओं, प्रस्तावित योजनाओं सहित समस्याओं और कमियों का अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत किया। प्रखंड में बीईईओ की स्थायी पदस्थापना को लेकर डीईओ से बात भी किया। बीईईओ रामशरण दांगी ने विभागीय रिपोर्ट प्रस्तुत किया। जिन्हे विधायक ने प्रत्येक दिन न्यूनतम दस विद्यालयों की जांच करने का निर्देश भी दिया। साथ ही नियमित विद्यालय नही आने वाले बच्चों के अभिभावकों पर सख्ती बरतते हुए मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाओ से वंचित करने का निर्देश भी दिया। बाल विकास परियोजना की जानकारी देते हुए सीडीपीओ नीलू कुमारी ने बताया कि सभी केंद्रों की नियमित जांच की जाती है। अब तक उन्होंने 80 स्पष्टीकरण पूछा जा चुका है। मौके पर पूर्व मुखिया रघुवीर यादव ने जानकारी दिया कि करगइयो में एक भी आंगनबाड़ी केंद्र नही है, उसे शीघ्र स्थापित करवाया जाए। पश्चिमी पंचायत के बरहीडीह के आंगनबाड़ी केंद्र के नही खुलने की भी शिकायत आई। विधायक ने सीडीपीओ और पर्यवेक्षिकाओं को

### लक्ष्य से पीछे चल रही है बिजली विभाग की ओटीएस योजना, अरबों के बकाए में चंद करोड़ की हुई वसूली



**बरही।** चौपारण अनुमंडल क्षेत्र में बरही, बरकट्ठा, चौपारण और पदमा सेक्शन में बिजली विभाग के चालीस हजार ऐसे उपभोक्ता है जिनके पास दस हजार से अधिक का बकाया है। सिर्फ चौपारण क्षेत्र में 40 हजार रुपए से अधिक बकाए वाले 4,726 ग्राहकों के पास 35 करोड़ 87 लाख 28 हजार 585 रुपए बकाए है। इसके अलावा 10 हजार रुपए से अधिक बकायेदारों की संख्या भी हजारों में है। कमोबेश यही स्थिति बरही, बरकट्ठा और पदमा प्रखंड की भी बताया गया. जिसमे करीब दो अरब से भी अधिक के बकाए होने के को बताया गया हैं।

**अप्रैल से अब तक करीब सात करोड़ रुपए की हुई वसूली:** विभागीय कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ओटीएस योजना के तहत अप्रैल में अब तक 6 करोड़ 98 लाख 51 हजार 114 रुपए की वसूली हुई है। जिसमे 4 करोड़ 49 लाख 67 हजार 082 रुपए बतौर डीपीएस माफ किए गए है। जो पूरे बकाए का करीब 6.5 फीसदी है। जबकि बकाए शुल्क की वसूली को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 35 से भी अधिक जागरूकता सह बिल संग्रहण शिविर लगाए गए है। साथ ही लगातार क्षेत्र में ओटीएस से संबंधित जानकारियां दी जा रही है। इस दौरान लगभग 527 उपभोक्ताओं पर बिजली ऊर्जा चोरी के आरोप में प्राथमिकी भी दर्ज करवाये गए है। **30 जून तक ही ओटीएस (एक मुश्त योजना) :** बकाया बिजली बिल के भुगतान के संबंध में सहायक विद्युत अभियंता सौरभ लिंडा ने बताया कि आगामी 30 जून तक विभाग की ओर से वन टाइम सेटेलमेंट योजना चलाई जा रही है।

## आज रांची कूच करेंगे सहायक अध्यापक, 17 को सीएम आवास का घेराव



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** 17 जून को सीएम हाउस के घेराव को लेकर राज्य के सहायक अध्यापक गुरुवार को रांची कूच करेगे । उक्त बाते एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में प्रखंड सहायक अध्यापक संघ प्रखंड समिति की बैठक के बाद प्रखंड सचिव मनोज घोष ने बताई ।उन्होंने बताया की राज्य सरकार अपने वायदे से मुकर रही है । स्थाई वेतनमान, कल्याण कोष आदि कई मांगो पर अब तक सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया गया है । इससे सहायक अध्यापकों में असंतोष व्याप्त है ।उन्होंने बताया कि बैठक में प्रखंड के सैकड़ों सहायक अध्यपक सहित बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे और विशिष्ट अथिति अजय प्रजापति मौजूद थे ' प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हेमंत सरकार भी पूर्व की सरकार के भांति धोखा दे रही है । सरकार मांगो के प्रति गंभीरता दिखाते अन्यथा सहायक अध्यापक मरता क्या नही करता के तर्ज पर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य हो जायेगें ।जिसकी क्षति पूर्ति के लिए सरकार स्वयं जिम्मेवार होगी ।उन्होंने राज्य के सभी सहायक अध्यापकों से 17 मार्च के कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाने की अपील किया है ।

# जनमुद्दों पर जुलाई में प्रखंडों पर जन प्रदर्शन करेगा वामदल



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों व सांप्रदायिक कॉरपोरेट फांसीवादी खतरे के खिलाफ भाकपा, माकपा व माले संयुक्त वाम कन्वेंशन बुधवार को साहु भवन झुमरीतिलैया में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता भाकपा नेता और जिप सदस्य महादेव राम, माकपा के जिला सचिव असीम सरकार व माले के जिला सचिव राजेन्द्र मेहता ने संयुक्त रूप से किया. कन्वेंशन का उदघाटन करते हुए पूर्व सांसद और भाकपा के वरिष्ठ नेता भूवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि आज देश गंभीर दौर से गुजर रहा है। संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। देश की आजादी के लिए सभी धर्म के लोगो ने कुबार्नी दी है, लेकिन एक धर्म की बात कर हिन्दु मुस्लिम के नाम पर नफरत फैलाया जा रहा है। देश गृह युद्ध की ओर बढ़ रहा है। विस्थापन के खिलाफ 28 जून को राजभवन पर विशाल धरना दिया जाएगा. माले के पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद ने कहा कि सरकार की निजीकरण की नीतियों के कारण बालासोर रेल दुर्घटना हुआ जिसमें तीन सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। मोदी सरकार बलात्कारी ब्रिजभूषण सिंह को बचाने में लगी है। इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेकना होगा। सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि 2024 में फांसीवादी जनतंत्र विरोधी मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेका जाय। वंदे भारत ट्रेन से गरीब मध्यम वर्ग को कोई फायदा नहीं होगा। यह अमीरों का ट्रेन है। निजीकरण के रास्ते भारतीय रेल को आम आदमी से दूर किया जा रहा है। झारखंड में ऑनलाइन जमीन में हेरफेर किया गया है, गैरमजरूआ जमीन की रशीद नहीं काटा जा रहा है। जिसके खिलाफ हमें मजबूत लड़ाई लड़ना होगा। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि ढिबरा पत्थर उद्योग को बचाने के लिए कोडरमा जिला के सभी कोनों से हजारों की संख्या में पैदल यात्रा निकाल कर जिला प्रशासन को हिलाना होगा। कन्वेंशन में आधार पत्र पेश किया गया जिसमें कहा गया कि देश की सत्ता पर काबिज हिंदुत्ववादी कॉरपोरेट्स गठजोड़ द्वारा सुनियोजित तरीके से एक ओर देश की राष्ट्रीय संपदा की लूट की जा रही है और दूसरी तरफ संविधान, लोकतंत्र और देश के संघीय ढांचे समेत आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है।

### उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ केंद्रीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक

# बेहतर समाज के निर्माण में युवाओं की भागीदारी अहम : कामाख्या नारायण सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ के कार्य समिति के वरीय पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक क्षत्रिय धर्मशाला कोडरमा में संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह ने की जबकि संचालन महासचिव रामलखन सिंह ने किया। बैठक में संघ के द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सभी प्रक्षेत्र के अध्यक्ष, सचिव व सक्रिय सदस्यों से अपील की गई कि अपने अपने क्षेत्र में समाज हित से संबंधित अच्छे कार्यों को करने में तीव्रता लाएं। और इन कार्यों में युवाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करें। क्षत्रिय वंशजों के युवा कल के भविष्य हैं, इसलिए बेहतर समाज के निर्माण में युवाओं की भागीदारी अहम होनी चाहिए। बैठक में क्षेत्र की गतिविधियों को अच्छे से संचालित करने के लिए प्रभारियों का मनोनयन किया गया , जिसमें शिवलाल सिंह (उपाध्यक्ष) मसमोहना को जयनगर, गोहाल ,परसाबाद, चलकुसा और बरिऔन का प्रभार, प्रदीप सिंह (उपाध्यक्ष) तेतरियाडीह को डोमचांच, मरकच्चो, देवदानगर ,पड़रिया, और मसमोहना का प्रभार, विजय सिंह (उपाध्यक्ष) पथलडीहा को पथलडीहा , कोडरमा, तिलैया और घंघरी का प्रभार तथा संयुक्त प्रभार में शिवलाल सिंह मसमोहना , अशोक सिंह डंडाडीह और प्रदीप सिंह डोमचांच को भरकट्टा, यमडीहा, खेसकरी, बासोडीह और वृंदा का प्रभार दिया गया। वहीं सूचना मंत्री के रूप में राजेंद्र सिंह (सचिव) तिलैया का मनोनयन किया गया! बैठक में कोडरमा स्थित क्षत्रिय धर्मशाला के प्रभार में महेश सिंह (तीन तारा), हरदेव सिंह (कोडरमा ), विजय सिंह (मसमोहना), दिनेश सिंह (पथलडीहा), सत्यनारायण सिंह (पथलडीहा) रहेंगे।

### भाजपा जिला कार्यालय में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन, पूर्व विधायक ने कहा

# सभी मोर्चा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भाजपा सिमडेगा जिला कार्यालय में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत  दीप प्रज्वलित एवं वंदे दीप प्रज्वलित एवं वंदे मातरम के साथ हुआ मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक पूर्व विधायक विमला प्रधान सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित थे।यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री  नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के उपलक्ष्य में सिमडेगा विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित किया गया।जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि संयुक्त मोर्चा कार्यक्रम राष्ट्रीय कार्यक्रम है सभी मोर्चा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें एवं मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्य मोदी सरकार में हुए विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। दुर्ग विजय सिंह देव ने 2014 से पूर्व और अब की



क्रियाकलाप को लोगों तक पहुंचाने की बात कही। सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा संगठन में सभी सातों मोर्चा का महत्वपूर्ण स्थान है,2024 में आनेवाले लोकसभा एवं बिधानसभा चुनाव हमसबों के लिए चुनोती है अभी से कार्य करे।संयुक्त मोर्चा सम्मेलन कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए पूर्व मंत्री व एचपीसीएल के स्वतंत्र निदेशक विमला प्रधान ने कांग्रेस के कोलेबिरा विधायक पर हमला बोलते हुए कहा कि कोलेबिरा बिद्यायक आदिवासियों को बरगलाने का काम कर रहे हैं जहाँ भी उनकी सभा होती है अपनी उपलब्धि बताना छोड़ सिर्फ भाजपा और मोदी की बात करते हैं और आदिवासियों को भ्रम में डालते हैं कोलेबिरा विधायक को बताना चाहिए की उनके विधानसभा में मेडिकल कॉलेज बनना था उस कॉलेज का क्या हुआ क्या उसे मेडिकल कॉलेज में पढ़ कर आदिवासी मूलवासी बच्चियां डॉक्टर नहीं बनते, जिला आगे नहीं बढ़ता वही भारतमाला परियोजना का विरोध करते हुए कहते हैं कि आदिवासियों की जमीन लूट जाएगा पर सिमडेगा नगर में आदिवासी जमीन की खुलेआम लूट हो रही है उस पर बिद्यायक चुप हैं कोलेबिरा विधायक भाजपा द्वारा आदिवासियों को तोड़ने वाली पार्टी बोला जाता है जबकि कांग्रेस की सरकार में धर्मांतरण को बढ़ावा दिया जा रहा है तो आदिवासी के सबसे बड़े दुश्मन यही लोग हैं कांग्रेस पार्टी को बताना चाहिए कि अब तक क्यों नहीं सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा में सरना आदिवासियों को टिकट दिया जाता है सिर्फ एक खास समुदाय को ही क्यो टिकट दिया जाता है। वही सिमडेगा विधायक पर हमला बोलते हुए पूर्व मंत्री ने कहा की विधायक सभी धर्मों का होता है पर सिमडेगा विधायक सिर्फ एक समुदाय विशेष के धर्मस्थल में जाकर सभा कर रहे हैं क्या अन्य समुदाय से उनका कोई सरोकार नही है,कांग्रेस पार्टी सिर्फ सरना आदिवासियों को  बेवकूफ बनाने का काम किया है,बिद्यायक को बतानी चाहिए कि साडे 3 साल में अब तक कितने पुलों का निर्माण उन्होंने करवाया है जल जंगल जमीन की बात करने वाले कांग्रेस पार्टी  नगर परिषद क्षेत्र में आदिवासियों के जमीन लुटेरों का संरक्षक बनी हुई है,नेता पदाधिकारी और दलाल मिल कर सीएनटी जमीन की लूट हो रही है। जिला में भ्रष्टाचार हावी है छोटा हो या बड़ा पदाधिकारी सभी भ्रष्टाचार में लिप्त है पर विधायक गण खामोश है सिमडेगा की जनता जानना चाहती है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार और विधायक क्यों खामोश है ओबीसी आरक्षण पर राजनीति करने वाली राज्य सरकार है केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी को 27% आरक्षण देने के बावजूद राज्य सरकार मौन है राज्य सरकार और स्थानीय विधायकों को ओबीसी आरक्षण में बोलने का बिल्कुल भी हक नहीं है।सरकार की निकम्मे पर की वजह से नगर निकाय का अभी तक चुनाव नहीं हुआ है जिससे विकास कार्य हेतु केंद्र से आने वाली राशि पर ब्रेक लग गया है इसका जिम्मेवार राज्य सरकार है राज्य सरकार को अविलंब निकाय चुनाव करवानी चाहिए।

### कोलेबिरा में खुशहाल बचपन अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन




**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखण्ड में ह्लखुशहाल बचपन अभियानह्व के तहत जिला समाज कल्याण विभाग एवम पिरामल फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में प्रखण्ड के सीडीपीओ, लेडी सुपरवाइजर एवम आंगनबाड़ी सेविकाओं का एक दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अभियान में जिले के दो प्रखंडों  बांसजोर एवम कोलेबिरा के सौ आंगनवाड़ी केंद्रों पे प्रथम चरण में यह कार्यक्रम चलाया जायेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन कोलेबिरा प्रखण्ड के प्रमुख  दूतामी हेंब्रम, अंचल अधिकारी सह सीडीपीओ हरीश कुमार एवम पिरामल फाउन्डेशन के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।पीरामल फाउन्डेशन के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सुश्री दीपशिखा कुमारी ने बताया की खुशहाल बचपन अभियान राज्य के पांच आकांक्षि जिलों में चलाया जा रहा है, जिसमे सिमडेगा भी एक जिला है, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों पे पढ़ रहे छः साल तक के बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है, यह बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने की एक पहल है।कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में पिरामल फाऊंडेशन के प्रोग्राम लीडर अमित चतुवेर्दी एवम कुमार ताराचंद्र शामिल हुए।  सभी लेडी सुपरवाइजर, सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवम  गांधी फेलो तनुश्री सरकार इस कार्यक्रम उपस्थित थे, कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन गांधी फेलो तनुश्री सरकार  ने किया।

### विश्व रक्तदान दिवस पर सदर अस्पताल एवं अलफलाह सोसाइटी में लगा रक्तदान शिविर

**सिमडेगा।** विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर बुधवार को सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में अलफलाह सोसायटी ब्लड डोनर ग्रुप एवं सदर अस्पताल की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में हिल व्यू पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर समुद्र गुप्ता के द्वारा रिबन काटकर एवम पहला रक्तदान करते हुए इसकी शुरूआत की। इस मौके बताया गया कि सोसाइटी प्रत्येक वर्ष रक्तदान दिवस के दिन शिविर का आयोजन करती है जहां पर लोगों को प्रेरित करते हुए रक्तदान करवाती है ताकि मरीजों को रक्त की कमी से किसी प्रकार की कोई भी समस्या उत्पन्न ना हो। इस मौके पर कुल 13 यूनिट ब्लड बैंक में जमा किया गया रक्त दाताओं में समुद्र गुप्ता,विवेक झा, विकास साहु, सरफराज आलम , मो०जैनुल आबेदीन मंटू, महेन्द्र पांडेय फरीद कुरैशी, जीशान अकरम, मो० वैश, धीरज कुमार गिरि , वेद प्रताप रावत , आसित केरकेट्टा, अमन बाड़ा  रक्तदान किया ।शिविर को सफल बनाने में खुबैब शाहिद, विकाश साहु, रीना तिग्गा, सुबल भागे, अफान सिद्दीकी, अजीमुल्ला अंसारी का सराहनीय योगदान रहा।

### फांसी लगाकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जुरकेला बड़का टोली गांव में 65 वर्षीय भुटका लोहरा नामक व्यक्ति ने आम पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि भूटका लोहरा काफी दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और इधर उधर भटक रहा था ।अचानक मंगलवार की शाम में अपने घर के पास ही आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।परिवार वालों को जब नजर पड़ी तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी इधर पुलिस ने इस मामले में यूडी केस दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है।

### बांसजोर में पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

# कई लोगों ने थामा झापा का दामन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा/बांसजोर।** झारखंड पार्टी की ओर से बुधवार को बांसजोर में पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया कार्यक्रम में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री एनोस एक्का जिला अध्यक्ष मतीयस बागे,महासचिव बाबूराम लकड़ा,उपाध्यक्ष ललित समद, केंद्रीय समिति सदस्य बिरसा मांझी, युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत भाषण के साथ जिला अध्यक्ष के द्वारा किया गया इस मौके पर आए हुए अतिथियों का माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने कहा किसी भी पार्टी में कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है पार्टी तभी मजबूत होता है जब कार्यकर्ता पूरे लगन के साथ पार्टी के लिए कार्य करते हैं झारखंड पार्टी हमेशा से कार्यकताओं को सर्वोपरि माना है और उन्हीं के बदौलत क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करने का कार्य करती है। झारखंड पार्टी में हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्म के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाता है। उन्होंने कार्यकताओं को पूरे जोश और उत्साह के साथ क्षेत्र में समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर दूर करने की अपील की एवं आगामी चुनाव में झारखंड पार्टी के हाथ को मजबूत करने का आवाहन किया। संदेश एक्का ने अपने संबोधन में कहा जिस प्रकार मेरे पिता ने अपने मंत्री रहते हुए क्षेत्र में चहुमुखी विकास किया था उसी प्रकार क्षेत्र में एक बार फिर से उसी को दोहराने का प्रयास किया जाएगा उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में आप अगर मुझे जीताते हैं तो स्मार्ट सिटी नहीं मगर स्मार्ट गांव जरूर बनाया जाएगा। इधर इस मौके पर दर्जनों लोगों ने झारखंड पार्टी का दामन थामा जिनमें लालमन साहू ,चंद्रमोहन सिंह, बृज मोहन साहू ,महेश साहू, छोटू महतो ,अरविंद बैक, शहरु महतो धन कुमार महतो, बुधनाथ महतो ,गोवर्धन मेंहर ,कुबेर सिंह सहित कई लोग शामिल हुए वही इस मौके पर संगठन संचालन के लिए विमला बागे को प्रखंड महिला अध्यक्ष ,राजेश महतो को युवा अध्यक्ष ,बेलास एक्का एवं अमित बागे को प्रखंड प्रभारी बनाया गया।

### अदालत ने हत्या के आरोपी को सुनाई 10 वर्ष की सजा

**सिमडेगा।** सिमडेगा पिडीजे राज कमल मिश्र की अदालत ने बुधवार को हत्या के आरोपी को 10 वर्ष की सजा एवं ?10000 की जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं भरने पर छह महीना अतिरिक्त सजा के निर्देश दिए हैं इस संबंध में महबुवांग थाना कांड संख्या 4/18 के तहत मामला दर्ज है। बताया गया कि बड़का टोली गांव निवासी एसरेन सुरीन ने अपने पति की हत्या मामले में कीरोग सुरीन के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। घटना के संबंध में बताया गया कि 10 मार्च 2018 को सुबह 7:00 बजे की रोक सुरीन के द्वारा जूनास सोरेंग नामक व्यक्ति को बहँगा से मारकर घायल कर दिया था। जिसकी 11 मार्च को इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई थी और मृतक के शव को दफना दिया गया था साथ ही आरोपी ने उसकी पत्नी को धमकी भी दी थी ।इधर पुलिस द्वारा 22 मार्च 2018 को शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम करवाया था ।जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था । इधर न्यायालय में कुल 12 लोगों की गवाही कराई गई एवं दस्तावेज प्रस्तुत किए गए।

# मदर टेरेसा कॉलेज में मनाया गया विश्व रक्तदान दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज आफ नर्सिंग बानो मे बुधवार को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। जिसमें निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा ने बताया की कार्ल लैंडस्टेनर के जन्म दिवस के अवसर पर 14 जून को रक्त दिवस मनाया जाता है, उन्होंने रक्त के बारे में एवं रक्तदान से होने वाले फायदे के बारे में छात्रों को बताया। निदेशक ने छात्राओं को संकल्प दिलाते हुए कहा कि  सभी कोई रक्तदान करें और लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें।  प्राचार्या संगीता कुमारी ने भी रक्त दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि रक्त दें, प्लाज्मा दें, जीवन साझा करें और बार-बार करें। स्कीट के माध्यम से छात्राओं ने रक्त दिवस के बारे में समझाया। मंच संचालन द्वितीय बर्ष की छात्रा अंजली भारती ने किया। ट्यूटर निभा खलखो ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए रक्तदान दिवस पर अपने विचार रखे। आज के कार्यक्रम में ट्यूटर अलविना तोपनो रश्मि बाड़ा, लीलावती कुमारी, मटिलदा तिर्की , लीलावती साहू , सचिव निभा मिश्रा, कोर्डिनेटर रविकांत मिश्रा एवं सभी ए.एन.एम एवं जी.एन.एम की छात्राएं उपस्थित थी ।

### एचआईवी एड्स पर कार्यशाला का आयोजन

**सिमडेगा।** सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग एवं सैनी संस्था की ओर से एकदिवसीय एचआईवी ऐड्स पर कार्यशाला का आयोजन हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार के द्वारा किया गया इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड से चिकित्सा पदाधिकारी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक स्टाफ नर्स एवं अहाना ईएमटीसीटी पदाधिकारी उपस्थित थे। सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार द्वारा बताया गया कि भारत सरकार ने 2024 तक पैरंट ऑफ चाइल्ड ट्रांसमिशन ऑफ एचआईवी एंड शेफील्स के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विशेष रूप से सभी को कार्य करने की जरूरत है इस मौके पर एचआईवी एड्स के प्रचार-प्रसार तथा रोकथाम के तरीकों को बताया गया एवं एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार गैर संचारी रोग की जानकारी महावरी संबंधित जानकारी दी गई। मौके पर डीपीएम प्रदीप कुमार ,प्रीति बाला तिर्की, दीपक कुमार साहू शकुंतला सिंह को शबनम कुजुर सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### जलडेगा में 15 दिन बाद भी नहीं बना नल, पेयजल संकट से जूझ रहे हैं लोग

**जलडेगा।** प्रखंड के पतिअम्बा पंचायत अंतर्गत किनीरकेला भुकू टोली में एक खराब चापाकल को मरम्मत करने आए मिस्त्रियों की मांग को पूरा नहीं करने पर गांव वाले पिछले कई महीने से जल संकट से जूझ रहे हैं। नल से आश्रित परिवारों को अब कई किलोमीटर दूर से पानी लाने के लिए जाना पड़ रहा है। गांव के दिलीप लुगुन, संजय लुगुन, किरता लुगुन, बिनोद लुगुन, मातिलडा लुगुन, सुशानी लुगुन आदि ग्रामीणों ने बताया कि 15 से 20 दिन पूर्व गांव के खराब नल को बनाने के लिए मिस्त्री आए थे, मिस्त्रियों ने नल को बनाने के एवज में ग्रामीणों से एक देसी मुर्गा का मांग किया, मिस्त्रियो ने कहा की मुर्गा मिलेगा तभी नल बनेगा। हालाकि ग्रामीणों ने बात को मजाक में लिया और इसपर ध्यान नही दिया और नल को ठीक करने को कहा। ग्रामीण कुछ समझ पाते इससे पहले मिस्त्रियों ने देसी मुर्गा नहीं देने के कारण नल का सारा पाइप को खोल कर बाहर रख दिया और भाग गए।

### प्रजापति समाज का नये भवन के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन

# शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं : डॉ नरेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** प्रजापति समाज पुत्तो के नए भवन के लिए बुधवार को भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 50 फीट लंबा और 20 फीट चौड़ा इस भवन में एक हॉल, एक रूम, और सीढ़ी का निर्माण पहले फेज में 6 महीने में पूरा करने का संकल्प लिया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ नरेश पंडित, विशिष्ट अतिथि डॉ पी कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, समाज के जिलाध्यक्ष भुवनेश्वर पंडित, महामंत्री विजय पंडित, संगठन मंत्री प्रकाश पंडित मुख्य रूप से उपस्थित थे। भूमि पूजन पंडित आदित्य पांडेय ने कराई। इसमें यजमान के रूप में शनिचर पंडित और केदार पंडित शामिल। हुए मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ नरेश पंडित ने कहा कि समाज के लिए यह गौरव की बात है कि जिले के 6 प्रखंडों में पहला प्रखंड है कि यहां एक छत के नीचे समाज के कई लोगों को विविध कार्यक्रमों के लिए यह भवन उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा की जरूरत है, और अभिभावकों



को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष भुनेश्वर पंडित ने कहा कि भवन का निर्माण पुत्तो के 80 समाज के लोगों के अलावा अन्य लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर स्वागत गीत एवं ढोल बाजे रे ढोल बाजे पर ममता कुमारी, मनीषा कुमारी, दीपिका कुमारी ने नृत्य प्रस्तुत कर समा बांधा। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पंडित, छोटू पंडित, गोपाल पंडित, महेंद्र पंडित, विजय पंडित, छत्रु पंडित, किशोर पंडित, नारायण पंडित, गोपाल पंडित, सिकंदर पंडित, लक्ष्मण पंडित, विजेंदर पंडित, राहुल पंडित, मुन्ना पंडित, सुनील पंडित, प्रकाश पंडित, रामचंद्र पंडित, कामेश्वर पंडित, गीता देवी, बसंती देवी, कुलपति देवी, राधा देवी आदि शामिल थे।

### गढ़वा के लिए ऐतिहासिक दिन, एक साथ 370 करोड़ की 388 योजनाओं का हुआ शिलान्यास; मिथिलेश ठाकुर ने कहा

# मैं विधायक और मंत्री नहीं, जनता का सेवक हूं





**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक रहा। इस दिन गढ़वा में एक साथ 369 करोड़, 80 लाख,15 हजार, 500 रुपये की लागत से 388 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। गढ़वा सदर प्रखंड के एनएच 75 बाईपास के समीप डुमरो, नारायणपुर गांव में आयोजित मेगा शिलान्यास कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर सभी योजनाओं का शिलान्यास किया।

मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि आज गढ़वा के लिए ऐतिहासिक दिन है। आजादी के बाद से आज तक गढ़वा में जितना विकास कार्य नहीं हुआ वह विकास कार्य अब हो रहा है। पिछले डेढ़-पौने दो वर्षों में गढ़वा सहित पूरे राज्य में ऐतिहासिक विकास कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मैं ना तो विधायक हूं, ना मंत्री, मैं जनता का सेवक हूं। मैं चुनाव के पूर्व कहा था कि मुझे एक बार सेवा का मौका दीजिए। मैं दोबारा वोट मांगने आपके पास नहीं आऊंगा। आप मेरे कार्यों के आधार पर खुद ही मुझे वोट देंगे। मैं चुनाव से पूर्व जनता से अपना रिजल्ट मांगूंगा। यदि जनता ने मुझे पास किया तभी मैं चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र से जनता सिर्फ एक जनप्रतिनिधि चुनती है। यह बहुत बड़ा सम्मान है, परंतु लोग आज जाति, धर्म एवं धनबल के नाम पर लोगों को बरगला कर मतदान कराते हैं। जनता ऐसे व्यक्ति को अपना जनप्रतिनिधि चुने जो उनकी समस्याओं को दूर करे एवं उनके हर सुख-दुख में साथ रहे। जनप्रतिनिधि का मतलब जनता का सेवक होता है। जब इस बात को जनता समझ जाएगी। तब लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने की साजिश समाप्त हो जाएगी। मंत्री ठाकुर ने कहा कि पहले शिलान्यास की परिभाषा अलग थी। आज उन्होंने इसकी परिभाषा को बदल दिया है। पूर्व के जनप्रतिनिधि स्थल पर जाकर नारियल फोड़ते थे, तब कार्यों की शुरूआत होती थी। परंतु आज जितनी भी योजनाओ का शिलान्यास हो रहा है सभी का काम गुणवत्ता पूर्ण तरीके से 70 से लेकर 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। शिलान्यास का मतलब सिर्फ जनता को यह जानकारी देना है कि आपके क्षेत्र में कौन सा कार्य हो रहा है। यह कार्य कराना सिर्फ मंत्री, विधायक एवं अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं। बल्कि प्रत्येक जनता की जिम्मेवारी है कि अपने क्षेत्र में कार्य को बेहतर तरीके से संचालित कराएं। मंत्री ने कहा कि जनता ने झारखंडी जनमानस की सरकार चुनी है, परंतु इसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। विकास कार्यों से राज्य सरकार को रोका जा रहा है। सीबीआई, ईडी तरह-तरह के हथकंडे लगाकर जनता की चुनी हुई सरकार को प्रताड़ित किया जा रहा है। यह जनता का अपमान है। केंद्र सरकार जनता के बीच राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के सारे कार्य पूर्व की सरकार में हुए हैं। आमजनों से अपील करते हुए मंत्री ने कहा कि आपको सावधान रहने की जरूरत है। आप साजिश का शिकार नहीं हों एवं लोकतंत्र को बचाएं।

उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है वहां ईडी, सीबीआई भरे पड़े हैं। जहां भाजपा की सरकार है वहां यह सब कुछ भी नहीं है। मंत्री ने कहा कि हर विभाग में काम तीव्र गति से हो रहा है। वर्ष 2024 तक जनता की एक- एक समस्याओं का निदान होगा। एक-एक सुविधा जनता के घर तक जाऊंगा। यही मेरा लक्ष्य है। यदि मैं जनता की समस्याओं का निदान नहीं कर पाया तो विरोध झेलने के लिए तैयार हूं। मंत्री ने कहा कि किसी भी योजना की शत-प्रतिशत राशि केंद्र सरकार की नहीं होती है। उसमें राज्य सरकार की भी राशि होती है, परंतु केंद्र सरकार अपनी पीठ थपथपाती है। केंद्र सरकार संघीय ढांचा के तहत राज्यों को सहयोग करती है, न कि कोई एहसान नहीं करती है। मंत्री ने कहा कि अगली बार से शिलापट्ट पर योजना में खर्च की जाने वाली केंद्र व राज्य सरकार की राशि भी अंकित की जाएगी। बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि पहले विकास के नाम पर सिर्फ छलावा और धोखा होता था। अब सही मायने में मंत्री ठाकुर के नेतृत्व में विकास कार्य हो रहा है। पूर्व के जनप्रतिनिधि चुनाव के समय गाड़ी में नारियल भरकर घूमते थे। जहां जनता की अधिक मांग होती थी वहां नारियल फोड़ देते थे। कहते थे कि सरकार बनते ही यह काम तुरंत पूरा हो जाएगा। सिंह ने कहा कि यदि पूर्व के विधायक फंड की जांच करा दी जाए तो पूर्व जनप्रतिनिधि जेल में नजर आएंगे। मौके पर डीसी शेखर जमुआर, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, आरईओ के कार्यपालक अभियंता धर्मेंद्र कुमार, जिप अध्यक्ष शांति देवी आदि ने विचार व्यक्त किया।

धन्यवाद ज्ञापन डीडीसी राजेश राय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीओ राज महेश्वरम, जेई चंद्रचूर सिंह, सीओ कुमार मयंक भूषण, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा संयोजक रेखा चौबे, अनीता दत्त, ताहिर अंसारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, गुलाब सिंह, अंसारी, झामुमो महिला मोर्चा सचिव चंपा देवी, आराधना पाठक, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### इन योजनाओं का किया गया शिलान्यास

मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को 369 करोड़, 80 लाख, 15 हजार, पांच सौ रुपए की 388 योजनाओं का शिलान्यास किया। बुधवार को डुमरो, नारायणपुर में आयोजित मेगा शिलान्यास समारोह में मंत्री ने इन सभी योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान ग्रामीण विकास कार्य विभाग की 12736.880 लाख रुपए की 65 योजनाओ, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की 8028.052 लाख रुपए की 96, ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल की 2025.720 लाख की 13, कल्याण विभाग की 2006.736 लाख रुपए की 87, भवन निर्माण विभाग की 635.060 लाख रुपए की छः, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन की 230.741 लाख रुपए की 15, लघु सिंचाई प्रमंडल की 90.770 लाख रुपए की दो, भूमि संरक्षण विभाग की 521.848 लाख रुपए की 67, तथा झारखंड शिक्षा परियोजना की 704.348 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 37 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

### टेंपो चालक भी गांव में जाने से कर रहे हैं आनाकानी

# जर्जर सड़क के कारण हो रही आवागमन में भारी परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
प्रखंड के ब्रह्मणी, बारी, बनहरदी पंचायत की मुख्य सड़क की हालत इतनी जर्जर हो गई है कि ग्रामीणों को अवागमन में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि टेंपो चालक भी अब गांव में जाने से आनाकानी कर रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या मरीजों के साथ हो रही है। मरीजों को परिजन अब बाइक से अस्पताल लाने ले जाने को मजबूर हैं।

विदित हो कि उक्त सड़क एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ पर ब्रह्मणी से रेंची, घुटाम, डरेया, सुरली, छातासेमर, हुचलु, बनहरदी समेत सैकड़ों गांवों को जोड़ती है। सड़क की स्थिति दिन ब दिन दयनीय होती जा रही है। सड़क की दयनीय स्थिति पर अभी तक किसी भी जनप्रतिनिधि की नजर नहीं पड़ी है, जिसकी वजह से ग्रामीणों में खासी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय ग्रामीण सह पंसस मनोहर भगत, पूर्व मुखिया रोबिन उंराव, लक्ष्मीलाल भगत, नईम अंसारी, चलितर यादव, बोले भगत, सरिता देवी, अकेश उंराव, धनलाल उंराव, हाजी अंसारी, शोएब अंसारी, सदीक अंसारी, तुलसी राम, सुल्तान अंसारी समेत अन्य ने कहा है कि अगर जल्द से जल्द उक्त सड़क का निर्माण नहीं किया जाता है तो ग्रामीणों को बरसात के दिनों में खासी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

#### एनटीपीसी को आवंटित हुआ है कोल ब्लॉक

बताते चलें कि एनटीपीसी को बनहरदी कोल ब्लॉक का आवंटन किया गया है। एनटीपीसी के अधिकारी उक्त क्षेत्र में अपना सर्वे समेत अन्य कार्य करा रहे हैं। अधिकारियों को भी सड़क की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। इसके बावजूद किसी का भी खराब सड़क पर ध्यान नहीं है।

## बंद घर से नकदी समेत लाखों के आभूषण चोरी

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड मुख्यालय के पोस्ट ऑफिस मोहल्ला, (खूरा) के विजय नगर निवासी चंद्रशेखर उर्फ मिंटू शर्मा के घर में मंगलवार रात्रि अज्ञात चोरों ने घर में एक लाख से अधिक की नकदी समेत लाखों के आभूषण चोरी कर लिए। घटना को लेकर चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि 8 जून को वह बरवाडीह से यूपी के अनपरा अपने ससुराल पत्नी और बच्चे को लाने गए थे। बुधवार की दोपहर को जब वापस घर आये तो घर के पीछे के ग्रिल का ताला टूटा हुआ मिला और घर का मुख्य कमरा भी खुला होने के साथ अलमारी, बक्सा सब बिखरा हुआ था। साथ ही अलमारी में रखे हुए लाखों रुपये के पुश्तैनी और नये बेशकीमती गहने के साथ 9600 नकद रुपये गायब मिले। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद थाने के सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव मौके पर पहुंचकर घटना की पड़ताल की। परिवार के सदस्यों से घटना में हुई चोरी के संदर्भ में जानकारी ली।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, दिए गए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल द्वारा अवैध उत्खनन रोकथाम हेतु जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास के द्वारा विगत बैठक में प्राप्त निर्देश की जानकारी देते हुए बताया गया कि वाहन चेकिंग अभियान में सदर एवं सिमरिया थाना अंतर्गत बिना वैध कागजात के कोयला परिवहन करते वाहनों को पकड़ा गया था तथा उक्त उक्त मामले में अवैध परिवहनकर्त्ता, ट्रांसपोटर्स, लिफ्टर के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ब्लैकलिस्ट करते हुए सभी महाप्रबंधक को अपने परियोजना क्षेत्र से कोयला ढलाई में संलग्न सभी परिवहनकर्त्ता, ट्रांसपोटर्स, लिफ्टर को टेंडर में उल्लेखित सभी शर्तों का सख्ती के साथ अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश प्राप्त था। साथ ही शर्तो का उल्लंघन होने पर टेंडर रद्द करते हुए संबंधित के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश के अनुपालन की स्तिथि की जानकारी लेते हुए अपर समाहर्ता ने जरूरी दिशा निर्देश दिया तथा जिन परियोजना द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन अप्राप्त है उन्हें प्रतिवेदन जल्द उपलब्ध करने का निर्देश दिया। बैठक में परियोजना अन्तर्गत स्थापित सभी कांटाघरों के नियमित निरीक्षण एवं सत्यापन की जानकारी लेकर अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया। सड़क एवं रेल मार्ग से कोयले के सम्पूर्ण प्रेषण वैध ई-परिवहन चालान के माध्यम से करने के निर्देश पर बताया गया कि सम्पूर्ण प्रेषण कार्य सुनिश्चित कर लिया गया है। प्रश्नगत ईकाईयों का स्थलीय जांच कर क्रशर संचालन या खनिजों के भंडारण कार्य से संबंधित गतिविधि नहीं पाई गई है।

**कार्यक्रम** मेराल पूर्वी पंचायत भवन में सम्मान समारोह का आयोजन

# होनहार छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित





**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए बुधवार को मेराल पूर्वी पंचायत भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें कुल 17 विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर मुखिया रामसागर मेहता द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बीडियो प्रवेश कुमार साव, अंचलाधिकारी निकिता बाला, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, भाजपा नेता संजय भगत, डॉक्टर लाल मोहन, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, पंचायत सचिव परमानंद पाठक, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय प्रसाद, रोजगार सेविका निभा तिवारी, उप मुखिया अलिशेर अंसारी, वार्ड सदस्य पूजा कुमारी, विनोद चौधरी, भोला राम, कुमारी प्रतिमा, समाजसेवी सतेंद्र जयसवाल, रामकुमार राम, सोबरन मेहता, मदन यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

समारोह में मैट्रिक में गढ़वा जिले में तृतीय स्थान एवं मेराल हाई स्कूल के टॉपर प्रभात कुमार प्रसाद कुशवाहा पिता अर्जुन कुशवाहा को बीडियो प्रवेश कुमार साव ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में सत्यम कुमार, पुष्पा कुमारी, अमरेश कुमार चौधरी, अंबिया खातून, ऋषभ कुमार, अनामिका कुमारी, अंशु कुमारी, अमित कुमार, सोनी, राजन कुमार, शुभम कुमार तथा आईएससी में विवेक कुमार, सतीश कुमार, रिंकू शर्मा, गिरिनाथ मेहता, मेघा तथा बीए में एक हाथ का दिव्यांग राहुल कुमार पिता कामेश्वर महतो को प्रशस्ति पत्र मेडल कलम डायरी एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया। मुखिया राम रामसागर मेहता ने कहा कि पिछले वर्ष इसी 14 जून को मुखिया पद के लिए शपथ ली थी। इसलिए इस पद पर 1 साल पूरा होने पर वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह किया गया। इस अवसर पर विनेश मेहता देवव्रत कुमार सहित महिला पुरुष शामिल थे।

## कबड्डी प्रतियोगिता में खेल कर लौटी पूनम का स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
भुनेश्वर में 9 जून से 12 जून तक आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेकर लौटी जिले से एकमात्र चयनित प्रखंड के प्रतिभागी पूनम कुमारी एवं कोच अशफाक अहमद मुन्ना का बुधवार को बरवाडीह स्टेशन पर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। प्रतियोगिता के पहले मैच में झारखंड की टीम ने गोवा को पराजित किया, जबकि दूसरे मैच में चंडीगढ़ से संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित हुई। इसके बाद झारखंड की टीम वापस हो गई। पूनम कुमारी के बरवाडी स्टेशन पहुंचने पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, बीडीओ प्रतिनिधि मनजीत कुमार सिंह, प्रेस प्रवक्ता प्रेम कुमार अधूरा, खए आलोक उरांव, मंटू उरांव आदि कई लोगों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। सभी लोगों ने पूनम को झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए झारखंड का नाम रोशन करने की शुभकामना दी।

## डीसी ने सीसीटीवी कैमरे को क्रियाशील रखने का दिया निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में उग्रवादी हिंसा अनुकंपा समिति, कारा सुरक्षा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम समिति द्वारा उग्रवादी हिंसा के आश्रितों के अभ्यावेदनों की विस्तार से समीक्षा की गई। समिति द्वारा कुल 5 अभ्यावेदनों की समीक्षा की। समिति द्वारा 5 में से 3 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई। कारा सुरक्षा की समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त महोदय द्वारा मंडल कारा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा को सदैव क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही कारा अधीक्षक से कारा सुरक्षा संबंधित अन्य जानकारी ली गई एवं निर्देशित किया गया कि कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारी पूरी तरह से सजग रहें।

# कुप्रथा को समाप्त करें

***विश्व*** बालश्रम निषेध दिवस पूरे विश्व में बाल मजदूरी के विरोध में पिछले दिनों मनाया गया। बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित किये गये। सबने इसे समाप्त करने की दिशा में होने वाले प्रयासों का बखान किया। लेकिन सच्चाई इससे अलग है। झारखंड में कई जगहों पर बाल मजदूरी बदस्तूर जारी है। इसके रोकने के तमाम उपाय बेकार साबित हुए हैं। जिन नन्हें हाथों में किताब व कॉपी होनी चाहिए,उन हाथों की हथेलियों में छाले आसानी से देखा जा सकता है। हमारे आस-पास के होटलों,ढाबों और निमार्ण हो रहे भवनों में आसानी से काम करते बच्चों को देखा जा सकता है। राज्य का पलामू इससे अछूता नहीं है। यहां यह समस्या सदियों से चली आ रही है। कहने को बच्चों को भगवान का रूप माना जाता है। फिर भी बच्चों से बाल मजदूरी कराई जाती है। जो दिन बच्चों के पढ़ने, खेलने और कूदने के होते हैं, उन्हें बाल मजदूर बनना पड़ता है। इससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। कहने को सरकारें बाल मजदूरी को खत्म करने के लिए बड़े-बड़े वादे और घोषणायें करती है। फिर भी होता सिर्फ ढाक के वही तीन पात है। इतनी जागरूकता के बाद भी बाल मजदूरी का खात्मा दूर-दूर तक नहीं दिखता है। इसके उलट बाल मजदूरी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। मौजूदा समय में गरीब बच्चे सबसे अधिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। जो गरीब बच्चियां होती हैं, उन्हें पढ़ने के बजाय घर में ही बाल श्रम कराया जाता है। आज बाल मजदूरी समाज पर कलंक है। इसके खात्मे के लिए सरकार और समाज को मिलकर काम करना होगा। साथ ही साथ बाल मजदूरी पर पूर्णतया रोक लगानी होगी। बच्चों के उत्थान और उनके अधिकारों के लिए योजनाओं का प्रारंभ किया जाना चाहिए। जिससे बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। शिक्षा का अधिकार भी सभी बच्चों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए। गरीबी दूर करने वाले सभी व्यवहारिक उपाय उपयोग में लाये जाने चाहिए। क्योंकि बच्चे ही देश के भविष्य हैं। जब तक बच्चों को उनके अधिकारों और शिक्षा से वंचित रखा जायेगा तब तक देश के उज्जवल भविष्य की कल्पना करना निरर्थक है। ऐसे में इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए संकल्प लेना चाहिए। तभी हमारा देश तरक्की कर सकता है। बहरहाल हमारे आंगन में बच्चों की खुशी को लकवा मार गया है। गरीबी और लाचारी के कारण उनके ओठों पर पपड़ी जम गये हैं। उनकी खुशियों को बहाल रखने की दिशा में सार्थक प्रयास की जरूरत है। यह कार्यक्रम करने से समाप्त नहीं होगा, इसके लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। यह तभी सम्भव होगा जब हमारी संवेदनाओं के तार एक दूसरे से जुड़ेगें। ऐसे में सभी को यह संकल्प लेना होगा कि हम बच्चों की खुशियों को बर्बाद नहीं होने देगें। बहरहाल बाल श्रम आधुनिक समाज में एक बदनुमा दाग है। इसे रोकने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को आगे आना पड़ेगा। किसी बच्चे से श्रम कराना जहां एक ओर कानूनी जुर्म है, वहीं सभ्य समाज के लिए कहीं से जायज नहीं है। बच्चे देश के भविष्य होते है। उनके साथ खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती। इसके रोक थाम के लिए स्वंयसेवी संगठनों को भी आगे आने की जरुरत है। कहने का आशय यह है कि बाल श्रम और उसके कारक तत्वों की पड़ताल जरूरी है। आखिर क्या कारण है कि लिखने पढ़ने की उम्र में यह बच्चे मजदूरी करने को विवश होते है। उसका सीधा सा मतलब यह है कि गरीबी और अशिक्षा इन्हें इस ओर ढकेल देती है।

**मौजूदा समय में गरीब बच्चे सबसे अधिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। जो गरीब बच्चियां होती हैं, उन्हें पढ़ने के बजाय घर में ही बाल श्रम कराया जाता है। आज बाल मजदूरी समाज पर कलंक है।**

# 'रोजगार मेला' सृजन की दिशा में एक कदम





डॉ. जितेन्द्र सिंह

***भावी*** इतिहासकार इस तथ्य को दर्ज करेंगे कि प्रधानमंत्री के रूप में पिछले नौ वर्षों के दौरान नरेन्द्र मोदी ने जहां नियमित रूप से रोजगार मेला आयोजित करने की परिपाटी शुरू करके और भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साक्षात्कार को समाप्त करने जैसे सुधार लाकर सरकारी भर्ती प्रक्रिया को संस्थागत बनाने का प्रयास किया, वहीं दूसरी ओर उन्होंने स्टार्टअप आंदोलन को बढ़ावा देकर देश को सरकार से इतर रोजगार के वैकल्पिक साधनों के प्रति जागरूक किया, जिसके परिणामस्वरूप इस देश में स्टार्टअप की संख्या 300 गुना बढ़कर लगभग एक लाख हो गई। इनमें यूनिकॉर्न की संख्या 100 से अधिक है और भारत दुनिया के स्टार्टअप इकोसिस्टम में तीसरे स्थान पर है। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सरकार में या उसके बाहर नया पेशा अपनाने वाले युवाओं को 2047 में भारत @ 100 की पृष्ठभूमि में अगले 25 वर्षों के अमृतकाल के दौरान उनके द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में याद दिलाने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। रोजगार मेला देश में रोजगार सृजन के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की वचनबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। इन रोजगार मेलों से रोजगार सृजन की प्रक्रिया में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने और युवाओं को उनके सशक्तिकरण तथा राष्ट्रीय विकास में सीधी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने की उम्मीद की जाती है। 22 अक्टूबर 2022 को उद्घाटन के बाद से, इन रोजगार मेलों का आयोजन पूरे देश में छह किस्तों में किया गया है। इसके परिणामस्वरूप योग्य उम्मीदवारों को 4.25 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किये गये हैं। 13 जून 2023 को देशभर के 43 अलग-अलग स्थलों पर रोजगार मेला की छठी किस्त का आयोजन किया गया। इन पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) एवं अन्य सम्मानित भर्ती एजेंसियों द्वारा पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रियाओं के जरिए संचालित की जाती है। देश भर की विविध प्रतिभाओं के खजाने का प्रतिनिधित्व करने वाले नये भर्ती किये गये उम्मीदवार वित्तीय सेवा, डाक, स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, राजस्व, आण्विक ऊर्जा, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रेल मंत्रालय सहित विभिन्न सरकारी विभागों में और पदों पर योगदान देंगे। प्रधानमंत्री ने सरकारी कर्मचारियों के कौशल को और बेहतर करने तथा एक लोक सेवक को अपनी भूमिका की जरूरतों के अनुरूप खुद को उन्नत कर सकने की सुविधा प्रदान करने वाली प्रशिक्षण संरचना का एक इकोसिस्टम प्रदान करने के लिए मिशन कर्मयोगी नाम की पहल शुरू की थी। यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विभिन्न उपकरणों पर सुलभ कई ई-लर्निंग पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जिससे उम्मीदवारों के लिए सीखने में आसानी होती है। विभिन्न सरकारी विभागों के पांच लाख से अधिक कर्मयोगी पहले ही क्षमता निर्माण से संबंधित इस पोर्टल पर नामांकित हैं। भर्ती हुए नए उम्मीदवारों की जरूरतों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, माननीय प्रधानमंत्री ने हाल ही में पोर्टल पर कर्मयोगी प्रारंभ नाम के एक ऑनलाइन मॉड्यूल का शुभारंभ किया है, जहां कहीं भी किसी भी उपकरण पर सीखने के तरीके के लिए 400 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध कराये गये हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रेरणा को समझना, यौन उत्पीड़न की रोकथाम, सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, स्व-नेतृत्व, प्रभावी संचार, तनाव प्रबंधन जैसे आवश्यक विषयों के साथ-साथ माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल और वर्ड से संबंधित शुरूआती पाठ्यक्रम का समावेश किया गया है। सरकार का उद्देश्य कार्यबल को इन महत्वपूर्ण कौशलों से लैस करके उन्हें सशक्त बनाते हुए व्यक्तिगत एवं संगठनात्मक प्रभावशीलता और उत्कृष्टता एवं नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। सफल रोजगार मेला और कर्मयोगी प्रारंभ पहल के अलावा, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने सुव्यवस्था एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कई सुधार किये हैं। इन उल्लेखनीय सुधारों में समूह सी और समूह डी स्तर के पदों के लिए साक्षात्कार को समाप्त करना, दक्षता में सुधार के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा व्यवस्था को अपनाना और स्व-सत्यापन की शुरूआत शामिल है। कमजोर वर्गों के कल्याण के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता, पूर्व सैनिकों को आरक्षण का लाभ उठाने के कई अवसर प्रदान करने और मानक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षण प्रावधानों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने जैसी पहलों के जरिये स्पष्ट होती है। सरकार जहां रोजगार मेले के जरिये सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है, वहीं वह निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने में भी पूरी सक्रियता के साथ जुटी हुई है। पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान, राष्ट्रीय राजमार्गों एवं हवाई अड्डों का विस्तार, मेट्रो रेल नेटवर्क एवं जलमार्गों का विकास, स्टार्टअप को प्रोत्साहन, ग्रामीण सड़क संपर्क, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता और मेक इन इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत घरेलू मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने जैसी पहलें रोजगार के अवसरों के सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान जहां बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए तैयार किया गया है, वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क एवं औद्योगिक गलियारों के विस्तार से रोजगार की असीम संभावनाएं पैदा होने की उम्मीद है। हवाई अड्डों और मेट्रो रेल नेटवर्क की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और जलमार्गों के विकास, स्टार्ट-अप के विकास, ग्रामीण सड़क संपर्क, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता और डिजिटलीकरण से जुड़े प्रयासों ने रोजगार के अवसरों को और बढ़ाया है। समकालीन भारत में युवाशक्ति जैसी परिसंपत्ति का भरपूर लाभ उठाने के प्रति नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता उनकी प्रत्येक क्रमिक पहल में झलकती है।

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री और कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री**

**22 अक्टूबर 2022 को उद्घाटन के बाद से रोजगार मेलों का आयोजन पूरे देश में छह किस्तों में किया गया है। इसके परिणामस्वरूप योग्य उम्मीदवारों को 4.25 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किये गये हैं।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने बृहस्पति देव की कथा

***जब*** रानी ने यह खबर सुनी कि राजा आरहे हैं, तो उन्होंने बाँदी से कहा किः हे दासी! देख राजा हमको कितनी बुरी हालत में छोड़ गए थे। हमारी ऐसी हालत देखकर वह लौट न जायें, इसलिए तू दरवाजे पर खड़ी होजा। आज्ञानुसार दासी दरवाजे पर खड़ी हो गई। राजा आए तो उन्हें अपने साथ लिवा लाई। तब राजा ने क्रोध करके अपनी रानी से पूछा कि यह धन तुम्हें कैसे प्राप्त हुआ है, तब उन्होंने कहाः हमें यह सब धन बृहस्पतिदेव के इस व्रत के प्रभाव से प्राप्त हुआ है। राजा ने निश्चय किया कि सात रोज बाद तो सभी बृहस्पतिदेव का पूजन करते हैं परन्तु मैं प्रतिदिन दिन में तीन बार कहानी तथा रोज व्रत किया करूँगा। अब हर समय राजा के दुपट् ?टे में चने की दाल बँधी रहती तथा दिन में तीन बार कहानी कहता। एक रोज राजा ने विचार किया कि चलो अपनी बहिन के यहाँ हो आवें। इस तरह निश्चय कर राजा घोड़े पर सवार हो अपनी बहिन के यहाँ को चलने लगा। मार्ग में उसने देखा कि कुछ आदमी एक मुर्दे को लिए जा रहे हैं, उन्हें रोककर राजा कहने लगाः अरे भाइयों! मेरी बृहस्पतिदेव की कथा सुन लो। **वे बोलेः** लो! हमारा तो आदमी मर गया है, इसको अपनी कथा की पड़ी है। परन्तु कुछ आदमी बोलेः अच्छा कहो हम तुम्हारी कथा भी सुनेंगे। राजा ने दाल निकाली और जब कथा आधी हुई थी कि मुर्दा हिलने लग गया और जब कथा समाप्त हो गई तो राम-राम करके मनुष्य उठकर खड़ा हो गया। आगे मार्ग में उसे एक किसान खेत में हल चलाता मिला। राजा ने उसे देख और उससे बोलेः अरे भईया! तुम मेरी बृहस्पतिवार की कथा सुन लो। किसान बोला जब तक मैं तेरी कथा सुनूंगा तब तक चार हरैया जोत लूंगा। जा अपनी कथा किसी और को सुनाना। इस तरह राजा आगे चलने लगा।

(क्रमशः)

# शिवराज सरकार, खेती-किसान से प्यार



लोकेन्द्र सिंह

***खेती-किसानी*** और उससे जुड़े व्यवसाय मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं विकास की धुरी हैं। यह बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उनकी सरकार बखूबी समझती है। मुख्यमंत्री चौहान के हाथ में जब से प्रदेश की कमान है, तब से उन्होंने लगातार किसानों की बेहतरी के लिए प्रयास किये हैं। केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में शिवराज सरकार, दोनों ने अपनी प्राथमिकता में किसानों को रखा है। मध्य प्रदेश के राजगढ़ में आयोजित 'किसान-कल्याण महाकुंभ' के आयोजन से सरकार ने यही संदेश देने का प्रयास किया है कि वह किसानों के हितों की चिंता करने में सदैव की तरह अग्रणी रहेगी। महाकुंभ में शिवराज सरकार ने किसानों को राहत देते हुए 2200 करोड़ रुपये कृषि ऋण का ब्याज माफ करने, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की लगभग 1400 करोड़ रुपये की राशि जारी करने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 2900 करोड़ रुपये के दावों के भुगतान अंतरण करने का बड़ा काम किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कर्जमाफी के वायदे के चक्कर में प्रदेश के किसानों पर कृषि ऋण के ब्याज का बोझ बढ़ गया था, जिसके कारण वे डिफाल्टर हो गये थे, उन्हें सरकार की कृषि संबंध योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शिवराज सरकार ने किसानों को इस भंवर से निकाल कर बड़ी राहत दी है। याद हो कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि 'कांग्रेस की पूर्व सरकार के समय वर्ष 2018 में ऋणमाफी की उम्मीद में हजारों किसान डिफाल्टर हो गए और खाद बीज लेने से वंचित हो गए। ऐसे दो लाख रुपये तक के फसल ऋण वाले किसानों की पीड़ा को राज्य सरकार ने समझा है और ब्याज माफी का निर्णय लिया है'। अपनी घोषणा और किसानों के साथ किये वादे को निभाते हुए पिछले माह ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर के प्राथमिक सहकारी साख समिति केरबना के दो किसानों पंचमलाल और जुगरेन्द्र झल्लू का आवेदन भरकर 'मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना' की शुरूआत की दी थी, जिसके अंतर्गत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंको से संबद्ध प्रदेश की लगभग साढ़े चार हजार प्राथमिक कृषि साख समितियों में दो लाख रुपये तक के फसल ऋण वाले डिफाल्टर किसानों का ब्याज माफ करने के लिए आवेदन भरने का कार्य शुरू किया गया था। मध्य प्रदेश में कर्जमाफी या ब्याजमाफी जैसी स्थितियां न बनें, इस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जोर रहा है। कर्जमाफी जैसे योजनाएं किसानों के स्वाभिमान के अनुकूल भी नहीं है। किसान तो अपने पुरुषार्थ से देश-प्रदेश का पोषण करता है। प्रदेश के किसानों की अपेक्षा यही रही है कि सरकार ऐसी नीतियां बनाये कि उसे उचित मूल्य पर खाद-बीज और कृषि उपकरण मिलें। कृषि कार्य के लिए बैंक से उचित दर पर लोन मिल जाए। सबसे महत्वपूर्ण उसकी उपज का ठीक मूल्य उसे प्राप्त हो। यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने पहले कार्यकाल से इसी बात पर जोर दिया कि किसान के स्वाभिमान को बढ़ाने एवं उसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्या पहल की जाए? मध्य प्रदेश में कैसे किसानों के हित में सरकार काम कर रही है, इस बात को आसानी से और तर्कसंगत ढंग से समझना है, तो हमें लगभग 20 साल पीछे पलट कर देखना चाहिए। आज से लगभग 20 साल पीछे जाएं तब हम जान पायेंगे कि आखिर क्यों प्रदेश बदहाली के दौर से गुजर रहा था? उस वक्त प्रदेश में खेती के लिए न तो बिजली थी और न ही सिंचाई सुविधा। उत्पादन और लागत में बड़ा अंतर था। खेतों के लिए खाद और बीज भी किसान को उपलब्ध नहीं था। किसानों को लगभग 16 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिल पाता था।

**राजगढ़ में आयोजित 'किसान-कल्याण महाकुंभ' के आयोजन से सरकार ने यही संदेश देने का प्रयास किया है कि वह किसानों के हितों की चिंता करने में सदैव की तरह अग्रणी रहेगी।**

देश-विदेश

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# समझने की जरूरत है 'ऑनलाइन' धर्मांतरण का गेम



मृत्युंजय दीक्षित

***ऑनलाइन*** गेमिंग ऐप वैसे तो कई प्रकार से समाज के लिए नुकसानदेह है किन्तु कट्टरपंथी इस्लामिक तत्वों द्वारा इनका प्रयोग धर्मांतरण के लिए किया जाना एक बड़े दुश्चक्र के रूप में सामने आया है। इसका खुलासा विस्मय करने वाला है। पुलिस के हत्थे चढ़े मुख्य आरोपित शहनवाज खान उर्फ बद्दो के साथ तौफीक और आर्यन खान से पूछताछ हो रही है। यह पूरा गिरोह है। इसका खुलासा करने में गाजियाबाद जिले के पुलिस अधिकारियों की भूमिका सराहनीय है। इस गिरोह ने गाजियाबाद के राजनगर के एक किशोर को इस गेम की आड़ में मस्जिद में नमाज पढ़ने तक के लिए मजबूर कर दिया। उसे यह घुट्टी पिलाई गई कि इस्लाम दुनिया का सबसे बेहतर धर्म है। इस किशोर ने दो साल पहले बद्दो से कंप्यूटर के कुछ पार्ट खरीदे थे। इस इंटर पास छात्र के ऑनलाइन गेमिंग ऐप से धर्मांतरण के मामले में पुलिस ने जामा मस्जिद कमेटी के सदस्य अब्दुल रहमान उर्फ नन्नी को भी दबोचा है। इस छात्र के अलावा दो किशोर और एक युवक का मतांतरण कराने के साक्ष्य भी मिले हैं। पुलिस ने अब्दुल रहमान को मतांतरण कराने का आरोपी बनाया है क्योंकि चारों मतांतरित नियमित रूप से नमाज पढ़ने जाते थे। इमाम का कहना है कि रहमान को दो माह पूर्व ही मस्जिद कमेटी से बाहर किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी निपुण अग्रवाल का कहना है कि छात्र के मोबाइल से मिले सात नंबरों में से एक नंबर अब्दुल का था। छात्र अब्दुल से करीब सात-आठ माह पूर्व जामा मस्जिद में ही मिला था। अब्दुल ने उसे इस्लामिक सामग्री भेजी। उस पर नमाज पढ़ने का दबाव बनाया। दरअसल यह गिरोह ऑनलाइन गेम के दौरान कहते थे कि आयत पढ़ोगे तो लगातार जीत मिलेगी। और किशोर मन इनकी बातों में आकर ऐसा करने लगते थे। खास बात यह है कि इस गिरोह के लोगों की आईडी हिंदुओं के नाम पर हैं, जिससे कोई उन पर संदेह न करे। गिरोह के तार विदेशों से भी जुड़े हैं। प्रयागराज में भी गेमिंग ऐप के माध्यम से एक ब्राह्मण परिवार के 17 वर्षीय सदस्य के दिमाग में जहर घोल दिया गया। इसके बाद इस लड़के ने पूजा- पाठ बंद कर दी। मजार पर जाकर वहां उर्दू में लिखी इबारत को पढ़कर चूमने लगा। अपना जनेऊ तोड़कर फेंक दिया। जालीदार टोपी पहनने लगा और कव्वाली सुनने लगा। काल्विन अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. ईशान्या राजा ने कहा है कि मां-बेटे से बात करने पर यह बात स्पष्ट हो गई है कि और भी किशोरों का धर्मांतरण मोबाइल गेम की आड़ में कराया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि अब तक की जांच में पांच राज्यों के युवकों का धर्मांतरण कराने की मिली है। बद्दो के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल से पता चला है कि पिछले एक साल में उसके संपर्क में 100 से ज्यादा युवक आए। उसके बैंक से जानकारी मिली है कि उसके खाते में हर महीने लाखों रुपये जमा कराये जा रहे थे। यह रकम गुजरात, महाराष्ट्र, यूपी, दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ में जमा कराई गई। जांच एजेंसियों को पाकिस्तान कनेक्शन के भी कुछ सुराग मिले हैं। दावा तो यह तक किया गया है कि बद्दो का गिरोह महाराष्ट्र के ठाणे में 400 और गुजरात में भी लगभग 400 लोगों का धर्मांतरण करवा चुका है। यह संतोष की बात है कि उत्तर प्रदेश में धर्मांतरण विरोधी कड़ा कानून लागू है। धर्मांतरण के आरोपित पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून व गैंगस्टर लगाने जैसे कदम उठाने का भी प्रावधान है। साथ ही संपत्ति भी जब्त करने का प्रावधान है।

**प्रयागराज में भी गेमिंग ऐप के माध्यम से एक ब्राह्मण परिवार के 17 वर्षीय सदस्य के दिमाग में जहर घोल दिया गया। इसके बाद इस लड़के ने पूजा- पाठ बंद कर दी।**

देश-विदेश

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

**NEWS इन ब्रीफ**

## छत्तीसगढ़ में 26 जून तक बंद रहेंगे स्कूल, सीएम ने दिये निर्देश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच 16 जून से सभी सरकारी स्कूल खुलने का आदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने एक दिन पहले ही जारी किया था। किन्तु इसी दौरान निजी स्कूल भी खुलने वाले थे, अब एक दिन बाद बुधवार 14 जून को ही मुख्यमंत्री भूपेश का आदेश जारी हो गया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 26 जून से पहले सभी स्कूल बंद रहेंगे। उन्होंने साफ कहा है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाया जाए और तब तक सभी स्कूल बंद रखा जाए। उल्लेखनीय है कि 13 जून को स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया था। इसमें कहा गया था कि सभी सरकारी स्कूल 16 जून से खुलेंगे। इसके साथ ही 15 जुलाई तक प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। जबकि शुरूआती 10 दिनों में विशेष कार्यक्रम भी होंगे, जिनका शेड्यूल समेत गाइडलाइन स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी की गई थी। किन्तु अब जब सीएम का आदेश जारी हो गया है तो यह रिशेड्यूल हो जाएगा। फिर ये सभी आयोजन 26 जून के बाद ही हो सकते हैं।

## पत्नी और तीन बेटियों की हत्याकर फांसी लगाकर जान दी

**पटना।** बिहार में खगड़िया जिले के एकनियां में एक व्यक्ति ने मंगलवार आधीरात बाद डेढ़ बजे अपनी पत्नी पूजा देवी (32) तीन बेटियों सुमन कुमारी (18), आंचल कुमारी (16), रोशनी कुमारी (15) की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी मुन्ना यादव ने अपने दो बेटों की भी हत्या करने की कोशिश की, लेकिन वह किसी तरह छुपकर अपनी जान बचा सके। बाद में मुन्ना ने पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर एकनियां पहुंचे खगड़िया एसपी ने बताया कि मुन्ना यादव पर 2022 में एक जमींदार की हत्या का भी आरोप है। जमींदार की हत्या में मुन्ना यादव का भाई विमल यादव भी शामिल था। विमल यादव अभी जेल में हैं। मुन्ना यादव पुलिस रिकॉर्ड में फरार था। उन्होंने बताया कि पुलिस सामूहिक हत्याकांड की जांच कर रही है।
बताया गया है कि मुन्ना यादव पर पत्नी थाने में सरेंडर करने का दबाव बनाती थी। वह बेटी की शादी करने की दुहाई देती थी। इस बात पर अक्सर पति-पत्नी में लड़ाई होती थी। मंगलवार को भी पत्नी से इस बात पर लड़ाई हुई थी।

## मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली मां-बेटी की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो बैलेंस टॉलरेंस नीति की कड़ी में बुधवार को बांदा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली हिस्ट्रीशीटर तथा गैंगस्टर एक्ट की अभियुक्ता माँ-बेटी द्वारा अर्जित की गई 14.42 करोड़ की अवैध संपत्ति को पुलिस ने कुर्क कर लिया है। माँ-बेटी ने गिरोह बनाकर लगातार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी कर बड़े पैमाने पर अवैध संपत्ति एकत्र कर ली थी।
थाना बबेरु क्षेत्र के गांधीनगर की रहने वाली अभियुक्ता शांति देवी,पति रामराज यादव तथा पुत्री निशा यादव द्वारा आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से अर्जित की गई कुल 14 करोड़, 41 लाख, 56 हजार, 4 सौ रुपये की अवैध सम्पत्ति को कुर्क कर लिया गया। शांति देवी द्वारा अपने पुत्री निशा यादव व अन्य अभियुक्तों के साथ गिरोह बनाकर लगातार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी कर अवैध रुप से सम्पत्ति का अर्जित किया जा रहा था। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में शांति देवी व अन्य के विरुद्ध थाना बबेरु में में कई अभियोग पंजीकृत किये गये थे। अभियुक्ता शांति देवी उक्त गिरोह की सक्रिय गैंग लीडर है। जो थाना बबेरु की हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी है। उस पर गिरोह बनाकर समाजविरोधी क्रियाकलाप करने तथा समाज में भय व्याप्त कर अवैध रुप से संमत्ति अर्जित करने के प्राथमिकी दर्ज हैं।

### मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान एवं टैबलेट वितरण कार्यक्रम

# नकल माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें: सीएम योगी



**एजेंसी। लखनऊ**
यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले यूपी बोर्ड नकल के लिए बदनाम था। हमारी सरकार ने नकल विहीन परीक्षा व्यवस्था लागू की। उन्होंने कहा कि नकल माफिया समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं। नकल कराकर शिक्षण संस्थानों को अपवित्र करने वाले नकल माफिया का सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को लोकभवन में आयोजित मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान एवं टैबलेट वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इन्होंने विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रशासन भी नकल माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। सीएम योगी ने कहा कि छह वर्ष पहले प्रदेश में तीन महीने तक परीक्षाएं होती थीं। 2 से 3 महीने में परिणाम आते थे। तीन महीने अगली कक्षा के प्रवेश में लग जाते थे तो तीन माह का समय पर्व और त्योहारों में चला जाता थे। शिक्षण संस्थानों में पठान और पठन कम ही देखने को मिलता था। उन्होंने कहा कि यूपी के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने ऐसा पहली बार किया है कि 15 दिन के अंदर परीक्षा हुई है और 14 दिन के अंदर परिणाम भी आ गया। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश के विद्यालयों में पर्याप्त मात्रा में शिक्षक नहीं थे। हमारी सरकार ने छह वर्ष में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा परिषद के 1 लाख 62 हजार से अधिक शिक्षकों की पारदर्शी तरीके से चयन की प्रक्रिया को पूरी करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र भी दिया। इतने शिक्षकों की सरकारी नियुक्ति कहीं देश भर में नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद ने ऑपरेशन कायाकल्प माध्यम से 1 लाख 33 हजार विद्यालयों को बहुत अच्छा विद्यालय बनाया है। योगी ने कहा कि छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए हम दो करोड़ युवाओं को टैबलेट स्मार्टफोन दे रहे हैं। जिन अभिभावकों, छात्रों के पास कोचिंग के लिए पैसे नहीं हैं, उसके लिए अभ्युदय कोचिंग की स्थापना की गयी है। इस कोचिंग के माध्यम से इस वर्ष की सिविल परीक्षाओं में 23 बच्चे सेलेक्ट हुए। इसी तरह यूपीपीएससी की परीक्षा में भी 98 छात्र सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बालिकाओं के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना चल रही है। विद्यालयों को इस बारे में लोगों को जागरूक करना चाहिए जिससे बड़ी संख्या में बालिकाएं इस सुविधा का लाभ ले सकें। सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा विभाग तकनीक का उपयोग करते हुए प्रदेश भर में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने का प्रयास कर रहा है उसके बहुत अच्छे परिणाम आने वाले समय में आएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों के अंदर खेलकूद के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। आज स्कूल और कॉलेजों में ड्रॉप आउट रेट कम हुआ है। बोर्ड परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखी गई पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स जरूर पढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत एक मात्र देश है जिसने कोरोना चुनौती के बीच भी नए अवसर निकाले हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी उसी दौर का परिणाम है। हमारे शिक्षण संस्थानों को हर हाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करनी चाहिए, जिससे छात्रों का भविष्य उज्जवल हो सके। मौके पर प्रदेश भर के कुल 1745 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है।

## मप्र में छात्राओं के साथ छात्रों को भी मिलेगी स्कूटी

**भोपाल:** मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार ने बुधवार को एक बड़ा फैसला लिया है। हायर सेकेंडरी स्कूलों में अव्वल रहने वाली छात्राओं के साथ अब छात्रों को भी स्कूटी मिलेगी इस योजना से राज्य के लगभग नौ हजार छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे। राज्य सरकार के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य के हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्राओं के साथ छात्रों को भी अब स्कूटी दिए जाने का कैबिनेट ने प्रस्ताव पारित किया है, इससे राज्य के नौ हजार विद्यार्थियों को स्कूटी मिलेगी। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर स्कूटी उपलब्ध नहीं होगी, वहां के छात्रों को सामान्य स्कूटी खरीदने की स्वतंत्रता रहेगी। योजना के तहत पहले वर्ष 135 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, वहीं तीन साल के लिए 424 करोड़ रूपए की व्यवस्था की गई है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री की मौजूदगी में छात्रों ने अपने लिए भी कुछ फैसले लिए जाने की मांग की थी, इस पर मुख्यमंत्री ने कैबिनेट शुरू होने से पहले अपने सदस्यों के बीच बातचीत में जिक्र भी किया और कहा कि अब बालिकाओं के साथ बालकों को भी स्कूटी देने का प्रावधान किया जा रहा है।

# हम दुकान नहीं पार्टी चलाते हैं: मांझी



**एजेंसी। पटना**
बिहार में नीतीश मंत्रिमंडल से संतोष मांझी के इस्तीफे के बाद सियासी पारा पूरे सबाब पर है। जदयू अध्यक्ष के छोटी दुकान वाले बयान पर हम सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने कहा कि हम दुकान नहीं पार्टी चलाते हैं जो जनता की सेवा करती है। उन्होंने कहा कि नाक से ऊपर चढ़ गया था पानी इसलिए संतोष ने कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। मांझी ने ललन सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि दुकान का मतलब होता है - जहां खरीद-फरोख्त होती है। वे लोग खरीद-फरोख्त में माहिर हैं और विश्वास करते हैं। मांझी ने कहा कि मेरी पार्टी कोई दुकान नहीं है बल्कि जनता की सेवा करने का एक मंच है। हम पार्टी सुप्रीमो मांझी ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री रहते में जो भी 34 बड़े फैसले लिए, उसको लागू कराने के लिए ही पार्टी का निर्माण किया और लगातार नीतीश कुमार का समर्थन किए लेकिन अब पानी नाक से ऊपर चढ़ गया था, जो बर्दाश्त के बाहर था। नीतीश कुमार ने कुछ आधे-अधूरे फैसले लिए थे, जिससे जनता में नाराजगी थी। जनता लगातार हमारे कार्यकताओं और नेताओं से सवाल कर रही थी लिहाजा 'हम' पार्टी को नीतीश सरकार से अलग होना पड़ा।
जीतन राम ने कहा कि जदयू में मर्ज करने का भी प्रस्ताव आया था, जो हमें मंजूर नहीं था इसलिए संतोष सुमन ने इस्तीफा दिया है। फिलहाल अब 18 जून को पार्टी की कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।मैं नीतीश कुमार का पूरा सम्मान करता हूं लेकिन एक ही सवाल पूछता हूं कि जब जीतन राम मांझी 9 महीने मुख्यमंत्री रहा तो कौन ऐसा गलत काम किए कि उन्होंने गैर-संवैधानिक काम करवा कर मुझे बाध्य किया और फिर मैं मुख्यमंत्री नहीं रहा।

# बंगाल स्कूल नौकरी घोटाला: सीबीआई ने शिक्षा सचिव को किया तलब

**एजेंसी। कोलकाता**
सीबीआई ने करोड़ों रुपये के स्कूल भर्ती मामले में पूछताछ के लिए पश्चिम बंगाल के शिक्षा सचिव मनीष जैन को तलब किया है। जैन को गुरुवार को सीबीआई के निजाम पैलेस कार्यालय में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। बताया गया कि उन्हें कुछ दस्तावेज साथ लाने को भी कहा गया है। यह दूसरी बार है जब जैन को सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया है। स्कूल भर्ती मामले में समानांतर जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर चार्जशीट में भी जैन को गवाह के तौर पर नामित किया गया है। सूत्रों ने कहा कि मूल सवाल जो सीबीआई के अधिकारी जैन से पूछना चाहते हैं, वह यह है कि क्या कोई प्रभावशाली व्यक्ति पश्चिम बंगाल में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित करता था। सूत्रों ने कहा कि विशिष्ट प्रश्न राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की भूमिका पर होंगे। चटर्जी के कार्यकारी सहायक सुकांत आचार्य द्वारा निभाई गई भूमिका पर भी जैन से पूछताछ की जा सकती है। स्कूल भर्ती मामले में कथित संलिप्तता के कारण चटर्जी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। पिछले साल जुलाई में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से वह लगभग एक साल से जेल में हैं।इससे पहले, जब इस मामले में सीबीआई के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की, तो जैन ने उन्हें बताया कि उनका काम सिर्फ उन फाइलों पर हस्ताक्षर करना था, जिन्हें चटर्जी उनकी मंजूरी के लिए उनके पास भेजते थे। अदालत में जैन की स्वीकारोक्ति के कारण राज्य के शिक्षा विभाग को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय के फैसले का सामना करना पड़ा।

## तस्करी के सोना के साथ युवक गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण। भारत-नेपाल के सीमाई शहर बीरगंज में बुधवार तड़के सुबह जूता में छिपा कर सोना ले जा रहे एक युवक को नेपाल पुलिस ने गिरफ्तार किया है।बरामद सोना की कुल कीमत करीब 55 लाख रुपये नेपाली बताया जा रहा है। गिरफ्तार युवक की पहचान बीरगंज के वार्ड संख्या 16 निवासी किशन साह (22) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर कांठमांडू से बस से बीरगंज आ रहे है,उक्त युवक को नेपाल पुलिस के जिला प्रहरी कार्यालय मकवानपुर क्षेत्र के रातों माटे चेकपोस्ट पर जांच के क्रम में 561.30 ग्राम सोने के साथ पकड़ा गया।

# पीएम मोदी 27 जून को आएंगे मप्र, दूसरी वंदे भारत ट्रेन की देंगे सौगात

**एजेंसी। भोपाल**
मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के दौरों का सिलसिला भी तेज हो गया है। दो दिन पहले कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जबलपुर में बड़ी सभा करते हुए पार्टी के चुनाव अभियान का शंखनाद किया था। अब 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मध्य प्रदेश के प्रवास पर आ रहे हैं। वे यहां प्रदेश को दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात देंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 27 जून को यहां आ रहे हैं। वे पहले धार पहुंचेंगे, जहां 'सिकल सेल एनीमिया के जागरुकता कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे भोपाल आएंगे और यहां रानी कमलापति स्टेशन से जबलपुर-इंदौर के बीच शुरू हो रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस हाईस्पीड ट्रेन के शुरू होने से तीन बड़े शहर कनेक्ट हो सकेंगे। कम समय में इन शहरों के बीच यात्रा की जा सकेगी। उसके बाद प्रधानमंत्री कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। भाजपा यहां प्रधानमंत्री के रोड शो आयोजन की भी तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी इस दिन भोपाल में आयोजित कार्यक्रम से देशभर के दस लाख बूथों को डिजिटली संबोधित करेंगे। मध्यप्रदेश में ऐसे 64100 बूथ हैं। हर बूथ पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा। मप्र के 38 लाख कार्यकर्ता डिजिटली एनरोल्ड हैं।

## भाजपा सरकार ने यूपी की बिजली व्यवस्था को किया बर्बाद : अखिलेश

**एजेंसी। लखनऊ**
समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। बिजली की उपलब्धता सिर्फ कागजों पर है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को अपने बयान में कहा कि 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा करने वाली भाजपा सरकार में अघोषित बिजली कटौती के चलते जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। बिजली का महंगा बिल भरने के बाद भी लोग गर्मी में उबल रहे हैं। प्रदेश में प्रचंड गर्मी से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। लोगों की परेशानियों से बेखबर भाजपा के नेता टिफिन खाने का नाटक कर रहे हैं। सपा मुखिया अखिलेश ने कहा कि यह जानकारी तो पहले से ही थी कि इस वर्ष भीषण गर्मी पड़ेगी। इसके हिसाब से सरकार को तैयारी करनी थी। यह सरकार छह साल से सत्ता में है किन्तु भाजपा ने विद्युत संकट से उबारने के लिए कुछ किया ही नहीं। सरकारी नाकारापन के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। उन्होंने कहा कि शहरों में बिजली आने जाने का कोई निर्धारित समय नहीं है। बिजली विभाग में अराजकता व्याप्त है। गांवों में खेती किसानी के लिए बिजली का संकट बहुत भारी पड़ रहा है। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में 24 घंटे की जगह हफ्ते में 24 घंटे बिजली आ रही है।

## आईआईटी छात्र की मौत मामले में हाई कोर्ट ने बनाई कमेटी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आईआईटी खड़गपुर में छात्र की मौत के मामले में के जयरामन की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की। बुधवार को जस्टिस राजशेखर मंथा ने आदेश दिया कि घटना की जांच के लिए नई कमेटी बनाई जाएगी। समिति की अध्यक्षता के जयरामन करेंगे और इसमें पुलिस के सेवानिवृत्त अधिकारी और सीआईडी के अधिकारी शामिल होंगे। यह कमेटी नार्को टेस्ट करा सकती है। जांच टीम 14 जुलाई को रिपोर्ट देगी। मृतक छात्र के परिजनों ने कोर्ट में शिकायत की कि अधिकारियों ने दस्तावेजों को नष्ट करने का प्रयास किया है।

# विपक्षी दलों की बैठक से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कर सकते हैं मंत्रिमंडल का विस्तार



**एजेंसी। पटना**
बिहार में नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल से संतोष सुमन के इस्तीफा के बाद अब मंत्रिमंडल विस्तार के कयास लगाए जाने लगे हैं। संभावना तो यहां तक जताई जा रही है कि 23 जून को विपक्षी दलों की बैठक से पहले ही नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। वैसे, महागठबंधन की सरकार बनने के बाद कांग्रेस मंत्रिमंडल में कम कोटा मिलने की शिकायत करते हुए मंत्रिमंडल विस्तार की बात करती रही है। ऐसे में संतोष सुमन के मंत्री से हटने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा फिर से शुरू हुई है। जदयू के सूत्रों का मानना है संतोष सुमन की जगह सहरसा के सोनबरसा से तीन बार के विधायक रत्नेश सदा को जदयू कोटे से मंत्री बनाया जा सकता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अचानक फोन कर उन्हें पटना बुलाया है और उन्हें फिलहाल पटना नहीं छोड़ने के निर्देश भी दिए गए हैं। माना जा रहा है रत्नेश सदा के रूप में नीतीश कुमार ने जीतन राम मांझी के बेटे संतोष सुमन का विकल्प ढूंढ लिया है। सदा मुसहर समाज से ही आते है और इन्हें ज्यादा जनाधार वाला नेता माना जाता है। उल्लेखनीय है कि महागठबंधन सरकार बनने के बाद विभिन्न कारणों से राजद कोटे के दो मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा था। अब संभावना जताई जा रही है कि मंत्रिमंडल विस्तार में उन दो स्थानों को भी भरा जा सकता है। इधर, कांग्रेस के बिहार विधानसभा में 19 सदस्य हैं, जबकि मंत्रिमंडल में कांग्रेस कोटे से दो ही सदस्य हैं। कांग्रेस कई बार मंत्रिमंडल में अपना कोटा बढ़ाने की बात करती रही है। मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस कोटे से दो मंत्री पद मिलने की उम्मीद लगाए बैठी है।

**कामयाबी** आधी आबादी ने पकड़ी स्वावलंबन की डोर, लिखी सफलता की इबारत

# स्वरोजगार से परिवार को मिल रही आर्थिक मदद

**एजेंसी। मीरजापुर**
गांव में रह रही महिलाएं कामयाबी की इबारत लिख रही हैं। छोटे-छोटे प्रयासों से ऊंचाईयां छू रही हैं। महिलाएं अपने घर का खर्च चलाने के साथ अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे रही हैं। विंध्य क्षेत्र की महिलाओं ने अपनी हिम्मत, मेहनत, लगन और जज्बे से न सिर्फ कामयाबी की इबारत लिखी, बल्कि वे औरों के लिए मिसाल बन गई हैं। मुश्किलों के तूफानों से टकराकर इन महिलाओं ने न सिर्फ खुद को बल्कि न जाने कितनी और जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें सशक्त किया। बड़ी बात यह है कि घरों में रहकर ही महिलाओं ने सफलता रचने का काम कर दिखाया है। नई इबारत लिखी है। खुद को साबित किया है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) योजना से छानबे ब्लाक अंतर्गत रामपुर भटेवरा गांव निवासी रेखा सिंह सफलता की नई इबारत लिख रही हैं। छोटी सी किराना की दुकान से आज आटा चक्की संचालिका बन गई हैं। पहले दो से हजार की आमदनी मुश्किल से होती थी। वर्तमान में लगभग पांच से छह हजार रुपया प्रतिमाह आय हो रही हैं। उनके पति राजा सिंह भी इस कार्य में मदद करके प्रोत्साहित कर रहे हैं। आर्थिक समृद्धि होने से बच्चों की पढ़ाई बेहतर तरीके से करा पा रही हैं। उद्यान विभाग के प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) योजना के खाद्यान्न प्रसंस्करण इकाई से आटा चक्की लगाया। इकाई की



स्थापना पर लगभग 1.66 लाख रुपया खर्च आया है, जिसमें से 58 हजार का अनुदान मिला है। इकाई संचालक रेखा सिंह ने बताया कि आटे की पिसाई के लिए प्रति किग्रा 1.50 रुपया शुल्क लिया जाता है। इसके साथ ही गेहूं की खरीद करके आटा की बिक्री करती हैं। क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के अनुसार आटा चक्की को चलाती हैं। आटा चक्की लगाकर वे खुद आत्मनिर्भर बनी ही, दो अन्य लोगों को भी रोजगार मिला है। आज परिवार के जीविकोपार्जन में मदद मिल रही है। सिटी ब्लाक के चेरूईराम गांव निवासी धनंजय ने बताया कि 29.19 लाख से टमाटर (अचार-मुरब्बा) इकाई लगाया है और अचार-मुरब्बा, सास, हल्दी आदि बनाकर एवं बेचकर 5-6 लाख रुपये वार्षिक आय हो रही है। छानबे ब्लाक के गैपुरा निवासी राकेश कुमार पांडेय बताया कि 29.20 लाख से आयल सीड बेस्ट प्रोडक्ट इकाई लगाया है। संपूर्ण इकाई की स्थापना के लिए 1.45 करोड़ स्टीमेट है, जिसमें खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अतिरिक्त बैंक से भी लोन लिया है। इंदौर की मशीनों से उत्पादन करके बिक्री की जा रही है। मशीन से प्रतिदिन 15 टन पेराई होता है। इसमें छह टन तेल एवं नौ टन खली निकलता है। वहीं विंध्याचल में 12.25 लाख की लागत से लाचीदाना इकाई स्थापित करने वाले धीरज द्विवेदी ने बताया कि कानपुर से मशीन मंगाया है। प्रतिदिन तीन क्विंटल उत्पादन होता है। दुकानों में 4500 रुपये प्रति क्विंटल बिक्री की जाती है। सिटी ब्लाक के नकहरा में 10 लाख से बेकरी उत्पादन इकाई स्थापित करने वाले राचित कुमार ने बताया कि मशीन फैजाबाद से मंगाया गया है। प्रतिदिन बेकरी प्रोडक्ट का विक्रय करके अच्छा मुनाफा हो रहा है। 10 लोगों को रोजगार मिल रहा है। जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम ने बताया कि उद्यम लगाने के लिए दो लाख से लेकर 15 करोड़ तक का लोन मिल रहा है। इस पर सरकार 35 प्रतिशत अनुदान दे रही है। इसका लाभ उठाने के लिए एफएमई पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

## सीजीएसटी अफसरों के घरों से 83.26 लाख कैश बरामद

जबलपुर। सीबीआई द्वारा रिश्वत लेते पकड़े गए जबलपुर सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स अधीक्षक कपिल कांबले और 4 अन्य अधिकारियों के घरों और ऑफिस से 83.26 लाख कैश मिला है। बुधवार शाम तक सीबीआई सभी को कोर्ट में पेश करेगी। सीबीआई ने जीएसटी अधीक्षक और चार बड़े अफसरों को मंगलवार शाम दफ्तर में 7 लाख रुपये की घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा था। मामले में कांबले के अलावा सीजीएसटी अधीक्षक सौमेन गोस्वामी, इंस्पेक्टर विकास गुप्ता, प्रदीप हजारी, वीरेंद्र जैन भी आरोपी हैं। जबलपुर सीजीएसटी दफ्तर में सीबीआई की कार्रवाई मंगलवार की शाम से लेकर बुधवार तक चली। जांच में टीम ने पाया कि कांबले था तो सुपरिटेंडेंट, लेकिन पूरे ऑफिस में इसका रुतबा डिप्टी कमिश्नर जैसा था। सीबीआई को कांबले के रांझी के घर से 3 लाख रुपए मिले हैं।

# फर्ग्यूसन और जेसन रॉय के साथ किया करार



**लॉस एंजिल्स**

लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स (एलएकेआर) ने मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के उद्घाटन सत्र के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्टार खिलाड़ियों आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, लॉकी फर्ग्यूसन और जेसन रॉय के साथ करार किया है। इनके अलावा एलएकेआर ने ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जाम्पा, न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रिले रोसौव के साथ भी करार किया है। एलएकेआर टीम में भारतीय खिलाड़ी उन्मुक्त चंद, यूएसए के जसकरण मल्होत्रा और अली खान भी शामिल हैं। मल्होत्रा अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने के लिए जाने जाते हैं। पिछले महीने, रॉय ने इस गर्मी में यूएसए की एमएलसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुबंध को समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की थी। वह केकेआर के लिए आईपीएल 2023 में एक प्रतिस्थापन खिलाड़ी भी थे। रसेल और नरेन सीपीएल में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और आईएलटी20 में अबू धाबी नाइट राइडर्स का भी हिस्सा हैं। नाइट राइडर्स के सीईओ वेंकी मैसूर ने एक बयान में कहा, ‘हमने एमएलसी के पहले सीजन के लिए एक मजबूत और प्रतिभाशाली टीम तैयार की है, जो उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकती है और दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को खुशी दे सकती है। उन्होंने आगे कहा, ‘नाइट राइडर्स समूह संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने और दुनिया भर में नए दर्शकों के लिए क्रिकेट के हमारे अनूठे ब्रांड को लाने के लिए तैयार है। एलएकेआर टीम में अली शेख (यूएसए), भास्कर यादराम (वेस्टइंडीज), कॉर्न ड्राई (दक्षिण अफ्रीका), नीतीश कुमार (कनाडा), सैफ बदर (पाकिस्तान) और शैडली वान शल्कविक (दक्षिण अफ्रीका) भी शामिल हैं। एमएलसी 2023 का आयोजन टेक्सास के डलास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में 13 से 30 जुलाई तक होगा, जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी।

## नूर ने की शानदार बल्लेबाजी से हिमालयन क्लब ने जीता मैच

**लखनऊ।** राजेश सिंह मेमोरियल 40 प्लस क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हिमालयन क्लब ने क्रिकेट बडीज को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में हिमालयन के नूर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 65 रन बनाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट बडीज ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 142 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज हैदर राजा मात्र तीन रन बनाकर आउट हो गये। वहीं रविंद्र नेगी ने 48 रन का योगदान दिया। वहीं सुमित गुप्ता ने 36 रन बनाये। वहीं टी.सी. अग्रवाल ने पांच चौकों की मदद से 29 रन बनाये। वहीं संदीप मेहरोत्रा एक रन पर ही पवेलियन वापस लौट गये। हिमालयन क्लब ने मात्र तीन विकेट गवांकर 143 रन बना लिये और सात विकेट से मैच को जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सलामी बल्लेबाज करूणेश मात्र दो रन बनाकर ही पवेलियन वापस लौट गये।

# इतालवी फुटबॉल महासंघ की 125वीं वर्षगांठ पर जारी की गई विशेष किट



**एजेंसी। मिलान**

इटली और एडिडास ने इतालवी फुटबॉल महासंघ की 125 वीं वर्षगांठ के लिए एक विशेष किट जारी की है। 26 मार्च, 1898 को स्थापित इतालवी फुटबॉल महासंघ की 125वीं वर्षगांठ पर एडिडास ने राष्ट्रीय टीम के लिए यूएफा नेशंस लीग में टीम के आगामी मैचों में पहनने के लिए एक विशेष किट तैयार की है। इटली शुक्रवार को यूईएफए नेशंस लीग के सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा। इतालवी फुटबॉल महासंघ की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, ‘यह विशेष किट 1910 में अपने उद्घाटन मैच (इटली-फ्रांस 6-2, मिलान में एरिना सिविका में) में इतालवी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम द्वारा पहनी गई पहली किट से मिलती-जुलती है, जर्सी सफेद व गोल्डन कलर की है और इस पर इतालवी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का लोगो है। इसके अलावा जर्सी पर एक सुनहरा लॉरेल और इतालवी फुटबॉल महासंघ (1898-2023) की 125 वीं वर्षगांठ का विवरण है। गेब्रियल ग्रेविना, इतालवी फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष ने कहा, ‘एडिडास के साथ सहयोग के लिए धन्यवाद, हम इतालवी फुटबॉल महासंघ की स्थापना की 125वीं वर्षगांठ, इतिहास और आधुनिकता में डूबी एक प्रतिष्ठित जर्सी के साथ मना रहे हैं। वर्षगांठ किट पूरी तरह से हमारे दृष्टिकोण की व्याख्या करती है। इतालवी फुटबॉल टीम ने ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट, चार फीफा विश्व कप और दो यूईएफए यूरोपीय चैंपियनशिप जीता है।

## शौर्य ने की शानदार बल्लेबाजी यूथ ने लाइफ केयर को हराया

**लखनऊ ।** अंडर-25 क्रिकेट लीग मैच में यूथ क्रिकेट क्लब ने लाइफ केयर क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हरा दिया। इस मैच में यूथ के आलराउंडर शौर्य प्रताप बिंद ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 70 रन बनाये। लाइफ केयर क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में नौ विकेट खोकर 175 रन बनाये। बल्लेबाजी की शुरुआत ही निराशाजनक रही और सलामी बल्लेबाज पार्थ पटेल मात्र एक रन बनाकर पवेलियन लौट गये। वहीं सर्वाधिक शिवम तिवारी ने छह चौका और एक छक्का की मदद से 50 रन बनाये। अमन ने 36 रन का योगदान दिया, वहीं सर्वेश ने 29 रन बनाये। यूथ की टीम ने पांच विकेट खोकर 33वें ओवर में ही 176 रन बना लिये और पांच विकेट से मैच को जीत लिया। सलामी बल्लेबाज सत्यम मात्र तीन रन बनाकर आउट हो गये। वहीं शौर्य ने सर्वाधिक 70 रन बनाये। वहीं फरहान और शिवम पांडेय ने 32-32 रन का योगदान दिया।

# पहलवानों की जांच रिपोर्ट अदालत को सौंपेगी दिल्ली पुलिस



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस के एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि पहलवानों के मामले के जांचकर्ता जल्द ही अदालत में चैट, वीडियो और 150 से अधिक गवाहों के बयान पेश करेंगे। सूत्र के मुताबिक, पुलिस ने भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के दफ्तर के सीसीटीवी फुटेज सहित कई वीडियो एकत्र किए हैं। इससे पहले, पुलिस पांच विदेशी कुश्ती महासंघों से जानकारी लेने के लिए पहुंची थी, क्योंकि कई पहलवानों ने विदेशों में टूर्नामेंट के दौरान उत्पीड़न का आरोप लगाया था। वह फिलहाल इन महासंघों के जवाबों का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस द्वारा दायर आरोपपत्र के बारे में अधिकारियों ने कहा कि पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने जांच की प्रगति की समीक्षा की है और आगे बढ़ने की मंजूरी दी है। अधिकारी ने कहा, जांच अधिकारी अब आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करेंगे और राउज एवेन्यू कोर्ट को रिपोर्ट सौंपेंगे। दिल्ली पुलिस ने अप्रैल में यौन उत्पीड़न के आरोपों के आधार पर डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ दो अलग-अलग प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की। पहली प्राथमिकी एक नाबालिग द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत तथा महिला के शीलभंग से जुड़ी आईपीसी की धाराओं के तहत दायर की गई है। दूसरी प्राथमिकी वयस्क शिकायतकर्ताओं की गई शिकायतों की व्यापक जांच पर केंद्रित है और इसमें शीलभंग करने से संबंधित आईपीसी की प्रासंगिक धाराएं शामिल हैं। मामले में शामिल नाबालिग पहलवान के पिता ने दावा किया है कि उन्होंने डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ यौन उत्पीड़न की 'झूठी' शिकायत दर्ज कराई है। पिता का आरोप है कि उनकी हरकतें कुश्ती संघ प्रमुख द्वारा अपनी बेटी के प्रति कथित पक्षपातपूर्ण व्यवहार पर गुस्से और हताशा से प्रेरित थीं।

## इयान चैपल ने एशेज को खिलाड़ियों के लिए 'बुरा सपना' बताया



**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान इयान चैपल ने आगामी एशेज सीरीज के व्यस्त कार्यक्रम की आलोचना करते हुए इसे सभी खिलाड़ियों के लिए बुरा सपना बताया है, क्योंकि पांच टेस्ट मैचों की सीरीज अगस्त से पहले खत्म हो जाएगी। पहला टेस्ट 16 जून से एजबस्टन में खेला जाएगा, जबकि पांचवां और आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से द ओवल में शुरू होगा। कुल मिलाकर, दोनों पक्ष 46 दिनों के अंतराल में 25 दिनों का क्रिकेट खेल सकते हैं। वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से बात करते हुए चैपल ने कहा कि जिस तरह से एशेज कार्यक्रम तैयार किया गया था वह 'मूर्खता' थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि जबकि श्रृंखला हमेशा शारीरिक रूप से मांग करती रही है, इस साल का कार्यक्रम अनावश्यक रूप से तेज है।

# वर्ल्ड गेम्स 2023 में हिस्सा लेगी भारतीय नेत्रहीन महिला क्रिकेट टीम




**एजेंसी। बेंगलुरु**

क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) ने आगामी इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन वर्ल्ड गेम्स 2023, बर्मिंघम में अपनी भागीदारी की घोषणा की। खेलों का आयोजन 18 से 27 अगस्त के बीच होना है और विश्व खेलों में पहली बार ब्लाइंड क्रिकेट को शामिल किया गया है। भारतीय पुरुष और महिला नेत्रहीन क्रिकेट टीमों ने पहले ही टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण करा लिया है। टीमों को आने वाले महीनों में बेंगलुरु में प्रशिक्षित होने की उम्मीद है। सीएबीआई ने 16 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की जो खेलों में भाग लेगी जबकि पुरुषों की टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। टीम में बी1 और बी3 वर्ग के छह-छह खिलाड़ी और बी2 वर्ग के चार खिलाड़ी शामिल हैं। महिला टीम ने हाल ही में विश्व खेलों की तैयारी के लिए काठमांडू में नेपाल के खिलाफ पांच मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी। विश्व खेलों में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी पर बोलते हुए, सीएबीआई के अध्यक्ष, डॉ. महंतेश जी. किवादासन्नवर ने कहा, ‘यह भारत में ब्लाइंड क्रिकेट के लिए एक गर्व का क्षण है क्योंकि हमारी टीम विश्व खेलों में भाग लेगी जहां क्रिकेट को पहली बार शामिल किया गया है। इन खेलों से खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन मिलेगा और मुझे उम्मीद है कि वे शानदार प्रदर्शन करेंगे और हमारे देश को गौरवान्वित करेंगे।

# महाराष्ट्र आयरनमैन ने दिल्ली पैंजर्स को हराया



**एजेंसीजयपुर**

राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में हो रहे प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) में मैच डे 6 के पहले मैच में महाराष्ट्र आयरनमैन ने दिल्ली पैंजर्स को हरा दिया। महाराष्ट्र आयरनमैन ने यह हाई स्कोरिंग मैच 41-31 से जीता। इस मैच में महाराष्ट्र की टीम का अटैक पूरी तरह हावी रहा जबकि दिल्ली पैंजर्स लगातार संघर्ष करती रही। प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) के उद्घाटन सीजन के 11वें मैच में दिल्ली पैंजर्स और महाराष्ट्र आयरनमैन एक दूसरे से भिड़े। आयरनमैन ने मैच की शुरुआत धमाकेदार तरीके से की। 15वें मिनट तक आयरनमैन ने तीन अंक की लीड ले ली थी। इस समय तक स्कोर 8-5 हो गया था। पैंजर्स अपनी आक्रामक लय में आने की कोशिश कर रहे थे लेकिन लगातार स्कोर करने में सफल नहीं हो पा रहे थे। दिल्ली पैंजर्स के कप्तान और स्टार खिलाड़ी दीपक अहलावत भी पहले हाफ में फिनिशिंग टच पाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। पहले हाफ के अंत तक स्कोर महाराष्ट्र आयरनमैन के पक्ष में 21-12 हो गया था। इसका कारण यह था कि पैंजर्स को पहले हाफ में आयरनमेन के डिफेंस को तोड़ने में मुश्किल हो रही थी। पैंजर्स के स्टार खिलाड़ी भूपेंद्र घनघस और अशोक नैन के पास कई मौके आए लेकिन वे उसे गंवा रहे थे। इससे दूसरे हाफ में महाराष्ट्र की टीम का आत्मविश्वास बढ़ा। महाराष्ट्र आयरनमैन के कप्तान चिसेलियोव यकीनन अपना श्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन कर रहे थे।

## विशाल ने चटकाए पांच विकेट, कूह ने जीता मैच

**लखनऊ।** अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में कूह स्पोर्ट्स ने पैरामाउंट क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हरा दिया। कूह के गेंदबाज विशाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच ओवर गेंद डालकर मात्र 21 रन देकर पांच विकेट लिये। पैरामाउंट क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 35 ओवर में आठ विकेट गवांकर 181 रन बनाये। आदर्श कुशवाहा ने सबसे अधिक 60 रन का योगदान दिया। वहीं सलामी बल्लेबाज वसु रूहेला ने आठ चौका और एक छक्का की मदद से 59 रन बनाये। वहीं विशाल कुमार यादव मात्र 13 रन पर आउट हो गये। कूह की टीम ने मात्र पांच विकेट खोकर 33वें ओवर में ही 185 रन बना लिये और पांच विकेट से मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अंश मिश्रा ने नौ चौका और एक छक्का की मदद से 74 रन बनाये।

# प्रदेश के सभी जिलों में पदक विजेता बॉक्सर तैयार हों : प्रमोद





**एजेंसी। झांसी**

भोपाल में 26 जून से 1 जुलाई तक राष्ट्रीय यूथ महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के बॉक्सिंग हॉल में आयोजित की जा रही है। उ.प्र. यूथ महिला बॉक्सिंग के विशेष प्रशिक्षण शिविर में प्रदेशभर के यूथ महिला बॉक्सरों के प्रशिक्षण शिविर का जायजा और उनके ठहरने व रुकने की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए आज उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग संघ के नवनिर्वाचित महासचिव प्रमोद कुमार ने झांसी आकर खिलाड़ियों से मुलाकात की। साथ ही खेल विशेषज्ञ बृजेंद्र यादव से विशेष बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लंबे समय के इंतजार के बाद उ.प्र. बॉक्सिंग संघ का अस्तित्व फिर से देश के मुक्केबाजों में जोश भरने के लिए दृढ़ता और पूर्ण ईमानदारी से फिर सक्रिय है। जो पहले हुआ उसे भूल जाओ, अब नए सिरे से हर जिले की यूनिट का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा समूचे उ.प्र. में जो जिले अभी तक प्रदेश बॉक्सिंग संघ से मान्यता प्राप्त नहीं है। उन्हें अस्थायी कमेटी बनाकर मान्यता प्रदान की जाएगी और उनकी परफॉर्मेंस के बाद उन्हें मान्यता प्रदान की जाएगी।

**प्रतिनिधित्व** | फीफा महिला विश्व कप में मटिल्डास की अगुआई करेंगी

# घर में विश्व कप जीतना सबसे बड़ा लक्ष्यः सैम केर



**एजेंसी। कैनबरा**

ऑस्ट्रेलियाई महिला फुटबॉल की कप्तान सैम केर ने कहा है कि घर में विश्व कप जीतना उनके करियर का सबसे बड़ा लक्ष्य है। रिपोर्ट के अनुसार, 29 वर्षीय केर 20 जुलाई को सिडनी में आयरलैंड के खिलाफ 2023 फीफा महिला विश्व कप में अपने पहले मैच के लिए मटिल्डास की अगुआई करेंगी। टूर्नामेंट जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित किया जाएगा, ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल और केर के करियर में सबसे बड़ा इवेंट होगा। वर्तमान में दुनिया में 10वें स्थान पर, मटिल्डास को व्यापक रूप से हाल ही में साथी शीर्ष रैंकिंग वाली टीमों इंग्लैंड, स्पेन और स्वीडन पर जीत के बाद विश्व कप जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई टीम बनने का दावेदार माना जा रहा है। केर ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) से मंगलवार को कहा, यह अंतिम सपना होगा। इसलिए मैं फुटबॉल खेलती हूं। इसलिए मैं वह करती हूं जो मैं हर दिन करती हूं। यही कारण है कि मैं विश्व कप जीतने के लिए इतना त्याग करती हूं। केर ऑस्ट्रेलियाई इतिहास में सर्वकालिक प्रमुख स्कोरर हैं, लेकिन एक महत्वपूर्ण पेनल्टी से चूक गयीं क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को 2019 विश्व कप में नॉर्वे द्वारा राउंड-ऑफ-16 शूटआउट में बाहर कर दिया गया था। टूर्नामेंट की मेजबानी के अतिरिक्त दबाव के बावजूद, केर ने कहा कि टूर्नामेंट शुरू होने तक 36 दिनों के साथ वह और उनकी टीम की साथी पूरी तरह से अपनी तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम खुद पर ध्यान केंद्रित करते हैं और अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और इसका आनंद भी लेते हैं, क्योंकि यह जीवन में एक बार आने वाला अनुभव है।

## स्टोक्स के एक शब्द ने मुझे संन्यास से बाहर आने पर मजबूर किया : मोईन



**लंदन।** ऑलराउंडर मोईन अली ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के एक उम्मीद भरे संदेश का खुलासा किया, जिसने उन्हें आगामी एशेज सीरीज के लिए टेस्ट टीम में वापसी की उम्मीद के रास्ते पर ला खड़ा किया। 2021 की गर्मियों के अंत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 35 वर्षीय ऑलराउंडर ने टेस्ट कप्तान स्टोक्स और हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ चर्चा के बाद अपने फैसले को पलट दिया। मोईन ने जैक लीच की जगह ली, जिन्हें पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर होने के कारण रविवार को 16 सदस्यीय मूल टीम से वापस ले लिया गया था।



## NEWS इन ब्रीफ

### सरकार ने अगले साल मार्च तक गेहूं पर भंडारण सीमा लागू की

**नई दिल्ली।** सरकार ने 15 वर्ष में पहली बार गेहूं की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए सोमवार को मार्च, 2024 तक तत्काल प्रभाव से गेहूं पर भंडारण सीमा (स्टॉक लिमिट) लागू कर दी। सरकार ने खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत पहले चरण में केंद्रीय पूल से थोक उपभोक्ताओं और व्यापारियों को 15 लाख टन गेहूं बेचने का भी फैसला किया है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा, पिछले महीने में गेहूं की कीमतों में तेजी आई है। मंडी स्तर पर कीमतों में करीब आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, थोक और खुदरा कीमतों में इतना इजाफा नहीं हुआ है, लेकिन सरकार ने गेहूं पर स्टॉक सीमा लगा दी है।

### गो फर्स्ट ने उड़ानों को फिर 16 जून तक किया रद्द

**नई दिल्ली।** परिचालन के संकट के दौर से गुजर रही गो फर्स्ट एयरलाइन ने अपनी उड़ानों को 16 जून तक रद्द कर दिया है। गो फर्स्ट की ओर से एक बयान जारी कर कहा गया है कि परिचालन के कारण निर्धारित उड़ानों का संचालन 16 जून तक रद्द रहेगा, यात्रियों को जल्द ही टिकटों के पैसे रिफंड कर दिए जाएंगे। गो फर्स्ट ने एक ट्वीट में कहा, ₹हमें आपको यह सूचित करते हुए खेद है कि परिचालन संबंधी कारणों से 16 जून 2023 तक निर्धारित गो फर्स्ट उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। उड़ान रद्द होने से हुई असुविधा के लिए हम क्षमा चाहते हैं। गो फर्स्ट ने एक पत्र में कहा, ₹हम स्वीकार करते हैं कि उड़ान रद्द होने से आपकी यात्रा की योजना बाधित हो सकती है।

## भारत व यूएई के पेट्रोलियम व्यापार समझौते पर उद्योग मंत्री ने कहा -

# 100 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अपने गैर-तेल द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर पर ले जाने का इरादा जताया है। फिलहाल दोनों देशों के बीच पेट्रोलियम उत्पादों से अलग द्विपक्षीय व्यापार 48 अरब डॉलर है। भारत एवं यूएई के बीच पिछले साल एक मई को लागू हुए समग्र आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) की संयुक्त समिति की पहली बैठक में गैर-तेल व्यापार को बढ़ाने के लक्ष्य पर सहमति जताई गई। गोयल ने संयुक्त समिति की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, हमने मिलकर यह तय किया है कि अब हमें अधिक महत्वाकांक्षी होना चाहिए। इसलिए वर्ष 2030 तक कुल द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक ले जाने के पिछले लक्ष्य के बजाय अब हम गैर-पेट्रोलियम कारोबार को ही 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचाना चाहेंगे। इस तरह सात साल में गैर-पेट्रोलियम कारोबार को दोगुने से भी अधिक करने का इरादा है। यूएई भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में से एक है। दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार में यूएई से भारत आने वाले कच्चे तेल की बड़ी हिस्सेदारी है। गोयल ने कहा कि दोनों देशों के कारोबार क्षेत्रों को अपना व्यापार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और सीईपीए समझौते को अच्छी तरह क्रियान्वित करने से इसमें मदद मिलेगी। सीईपीए संबंधी संयुक्त समिति की बैठक में व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने के लिए कई समितियों एवं उप-समितियों के गठन पर भी सहमति बनी। वस्तु निर्यात, सीमा-शुल्क सुविधा, मूल-स्थान के नियम और तकनीकी बाधाओं से संबंधित मुद्दों पर ये समितियां बनाई जाएंगी।

### आरबीआई ने सीईओ के रूप में आकाश सूरी की नियुक्ति को किया खारिज




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को यस बैंक को बड़ा झटका दिया। सूत्रों के मुताबिक आरबीआई ने जेसी फ्लावर्स यस बैंक एआरसी के सीईओ के रूप में आकाश सूरी की नियुक्ति को खारिज कर दिया। आकाश सूरी जेसी फ्लावर्स एआरसी के सीईओ नियुक्त होने से पहले यस बैंक के परिसंपत्ति पुनर्निर्माण व्यवसाय के समूह अध्यक्ष और राष्ट्रीय प्रमुख थे। जुलाई 2022 में यस बैंक ने न्यूयॉर्क स्थित जेसी फ्लावर्स के साथ समझौता किया था। इसके जरिए एआरसी (संपत्ति पुनर्निर्माण) का गठन करके पहचाने गए स्ट्रेस्ड लोन की बिक्री किए जाने पर सहमति बनी थी।

# माधव सेठ ने रियलमी कंपनी को कहा अलविदा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रियलमी के कारोबार एवं कॉर्पोरेट रणनीति (वैश्विक) के उपाध्यक्ष माधव शेठ ने बुधवार को कंपनी को अलविदा कह दिया। अग्रणी टेक्नोलॉजी ब्रांड से पांच साल तक जुड़े रहने के बाद वह अब नए मुकाम की ओर बढ़ेंगे। रियलमी के फाउंडर स्काई ली अब मार्केट की जिम्मेदारी संभालेंगे। शेठ ने एक पत्र में कहा, मैं रियलमी में अपनी भूमिका से हट रहा हूं और मैं नए मुकाम की तरफ बढ़ने के लिए तैयार हूं। शेठ रियलमी की विकास रणनीति, वैश्विक उत्पाद अवलोकन, बाजार अंतर्दृष्टि और परिचालन सुझावों के लिए रणनीतिक सलाहकार बने रहेंगे। शेठ ने कहा, पांच साल रियलमी में रहने के बाद अब मेरे लिए आगे बढ़ने और एक नई यात्रा शुरू करने का समय आ गया है। रियलमी मेरे जीवन का अभिन्न अंग रहा है, एक ऐसा ब्रांड जो सिर्फ एक संगठन से कहीं बढ़कर है - यह मेरा घर, मेरा जुनून और मेरा उद्देश्य रहा है। कंपनी ने आईएएनएस को दिए एक बयान में कहा कि शेठ के नेतृत्व में उसने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन ब्रांडों में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है।

## पीएम प्रणाम स्कीम को मंजूरी दे सकती है कैबिनेट

# फर्टिलाइजर पर सब्सिडी होगा कम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कैबिनेट की बैठक में बुधवार को प्रणाम योजना को मंजूरी मिल सकती है। पीएम प्रणाम (प्रमोशन ऑफ ऑल्टरनेटिव न्यूट्रियन्ट्स फॉर एग्रीकलचर मैनेजमें स्कीम) का मकसद बायो फर्टिलाइजर और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर्स के संतुलित इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। इस स्कीम को लागू कर सरकार केमिकल फर्टिलाइजर पर सब्सिडी के बोझ को कम करना चाहती है। केमिकल फर्टिलाइजर पर सब्सिडी 2022-23 में 2.25 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। यानी 2021 के 1.62 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े से 39% ज्यादा। सीएनबीसी आवाज की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस स्कीम का कोई अलग बजट नहीं होगा और इसे उर्वरक विभाग की पहले से चल रही स्कीम्स के माध्यम से ही फाइनेंस किया जाएगा। यानी अभी जो फर्टिलाइजर सब्सिडी दी जाती है उसकी सेविंग्स से ये स्कीम फाइनेंस होगी। कैबिनेट 169 शहरों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए 62,000-63,000 करोड़ रुपए की सिटी बस ऑग्मेंटेशन योजना को भी मंजूरी दे सकती है। सिटी बस ऑग्मेंटेशन की घोषणा सरकार ने बजट 2021-22 के दौरान की थी। इस स्कीम के जरिए प्राइवेट सेक्टर के प्लेयर्स देश में बसों का ऑपरेशन और मेंटेनेंस ढढढ मॉडल के जरिए कर सकेंगे।

### कंपनियों के चीन से पलायन पर भारत हो सकता है ठिकाना

**नई दिल्ली।** वैश्विक कंपनियां अब आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण को अधिक गंभीरता से ले रही हैं। कंपनियां भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को 'फ्रेंड-शोरिंग' के लाभों पर जोर दे रही हैं। मॉर्गन स्टेनली ने एक रिपोर्ट में कहा, हम भारत, मैक्सिको और दक्षिण पूर्व एशिया को इस परिवर्तन के लिए सबसे अच्छी स्थिति में देखते हैं। भारत और मैक्सिको दो ऐसी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जो स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं से लाभान्वित होने के लिए खड़ी हैं। मॉर्गन स्टेनली के अर्थशास्त्रियों ने आर्थिक और औद्योगिक लाभों पर विस्तार से लिखा है, जो उन अर्थव्यवस्थाओं में अर्जित करना शुरू कर रहे हैं।

# पॉलिसी धारकों को 344 करोड़ का बोनस मिला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड ने वित्त-वर्ष 2023 में अपने पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के लिये कुल 344 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है। कंपनी ने वित्त-वर्ष 2023 में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया और कर पश्चात लाभ के रूप में 108 करोड़ रुपये दिये (वित्त-वर्ष 2022 की तुलना में 65% की वृद्धि)। इस घोषणा के अनुसार, 31 मार्च 2023 तक प्रभावी रिवर्सनरी बोनस वाली के साथ सभी पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीज को घोषित बोनस दिया गया है। यह रिवर्सनरी बोनस वाली पॉलिसीज के लिये मृत्यु और परिपक्वता पर गारंटीड फायदे बढ़ाएगा। यह बोनस वित्तझवर्ष 2023 के लिये कंपनी के पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों द्वारा अर्जित लाभ में से दिया जा रहा है। इस बोनस के जारी होने से रिलायंस निप्पॉन लाइफ के 5,69,000 से ज्यादा पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों को फायदा होगा। कंपनी पिछले 22 वर्षों से नियमित आधार पर बोनस की घोषणा कर रही है, क्योंकि यह बोनस ग्राहकों को अपने प्रीमियम का नियमित भुगतान करने और पॉलिसी की पूरी अवधि तक जुड़े रहने का प्रोत्साहन देता है। बोनस की इस घोषणा पर अपनी बात रखते हुए, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेन्स के ईडी और सीईओ आशीष वोहरा ने कहा, हमारा उद्देश्य अपने सभी ग्राहकों को समृद्धि और मानसिक शांति देना है।

## विदेश

## शक्तिकांत दास को मिला दुनिया के बेस्ट गवर्नर का खिताब

# 'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से किया सम्मानित



**एजेंसी। लंदन**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर शक्तिकांत दास को लंदन में सेंट्रल बैंकिंग अवाड्र्स 2023 में 'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान कोविड महामारी के दौरान लिए गए फैसलों और मुद्रास्फीति के कुशल प्रबंधन के लिए दिया गया है। ऑर्गेनाईजर्स ने बयान जारी करते हुए कहा, 'आरबीआई गवर्नर ने कई जरूरी फैसले लिए हैं। उनके कार्यकाल में वर्ल्ड लीडिंग यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का तेजी से विस्तार हुआ है। उन्होंने मुश्किल समय में भारत का अच्छी तरह से नेतृत्व किया है।'

**दास ने इन चुनौतियों का किया सामना :** दास के सामने बड़ी नॉन-बैंकिंग फर्म आईएल एंड एफएस के दिवालिया होने से लेकर कोविड-19 महामारी की पहली और दूसरी लहर के साथ यूक्रेन पर रूस के आक्रमण जैसी चुनौतियां आई। दास की लीडरशिप में आरबीआईने क्रिटिकल रिफॉर्म्स को लागू किया, इनोवेटिव पेमेंट सिस्टम्स की शुरूआत की और महामारी के दौरान ग्रोथ-सपोर्टिव मेजर्स भी दिए। वहीं, हाल ही में उन्होंने 2000 रुपए के नोटों को सकुर्लेशन से बाहर करने का फैसला लिया है। शक्तिकांत दास 'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित होने वाले दूसरे आरबीआई गवर्नर हैं। इससे पहले 2015 में रघुराम राजन को 'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

**1980 बैच के आईएएस अधिकारी हैं दास :** शक्तिकांत दास दिल्ली से स्टीफन कॉलेज से पोस्ट ग्रेजुएट हैं और 1980 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। 2017 मई तक वे इकोनॉमिक अफेयर्स के सेक्रेटरी थे। दास ने 12 दिसंबर 2018 में आईबीआई के 25 वें गवर्नर का पद संभाला था। उन्हें उर्जित पटेल के इस्तीफे के बाद गवर्नर बनाया गया था। नवंबर 2016 में जब नोटबंदी हुई थी, तब भी दास ही मुख्य मोर्चे पर थे। दास ने 15 वें फाइनेंस कमीशन में भी सदस्य के रूप में काम किया था। भारत की ओर से ब्रिक्स, इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड और सार्क में प्रतिनिधित्व किया है।

## नॉर्थ कोरिया में आत्महत्या पर लगा बैन

**प्योंगयांग।** नॉर्थ कोरिया में आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसे देखते हुए तानाशाह किम जोंग उन ने एक सीक्रेट आदेश जारी करके सुसाइड को बैन कर दिया है। उन्होंने इसे देशद्रोह बताया है। आदेश में अधिकारियों को आत्महत्याओं को रोकने की जिम्मेदारी दी गई है। अगर पूरे नॉर्थ कोरिया में देशद्रोह का कोई भी मामला सामने आया तो अधिकारियों को इसका जिम्मेदार ठहराया जाएगा। नॉर्थ कोरिया के अधिकारी ने रेडियो फ्री एशिया से बात करते हुए इसकी जानकारी दी। साउथ कोरिया की एक स्पाई एजेंसी के मुताबिक, नॉर्थ कोरिया में मई तक पिछले साल की तुलना में सुसाइड के 40% ज्यादा मामले दर्ज किए गए। चोंगजिन प्रान्त में इस साल सुसाइड के 35 मामले सामने आए। इनमें से ज्यादातर केस पूरे परिवार के एक साथ आत्महत्या करने के हैं। लोगों ने सुसाइड नोट में वहां के सोशल सिस्टम की आलोचना की है। उन्होंने आत्महत्या का कारण बढ़ती गरीबी और बेरोजगारी बताया। हू की 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्थ कोरिया में हर 1 लाख लोगों पर 8.2 आत्महत्याएं हुईं। हालांकि, किम ने अब तक सुसाइड केस का ऑफिशियल डेटा जारी नहीं किया है। साउथ कोरिया की स्पाई एजेंसी ने बताया कि किम के देश में हिंसक अपराधों के केस भी लगातार बढ़ रहे हैं। रेडियो फ्री एशिया के मुताबिक, तानाशाह किम ने सुसाइड के बढ़ते केस पर एक इमरजेंसी बैठक बुलाई थी।

## राहत | 8 साल के निचले स्तर पर आई थोक महंगाई

# मई में खाने-पीने की चीजों पर 3.48% की दर रही



**अप्रैल 2022 से अप्रैल 23 तक थोक महंगाई का हाल**

| महीना | महंगाई दर |
|---|---|
| अप्रैल 2022 | 15.08% |
| मई 2022 | 15.88% |
| जून 2022 | 15.18% |
| जुलाई 2022 | 13.93% |
| अगस्त 2022 | 12.41% |
| सितंबर 2022 | 10.70% |
| अक्टूबर 2022 | 8.39% |
| नवंबर 2022 | 5.85% |
| दिसंबर 2022 | 4.95% |
| जनवरी 2023 | 4.73% |
| फरवरी 2023 | 3.85% |
| मार्च 2023 | 1.34% |
| अप्रैल 2023 | -0.92% |

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बुधवार को थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े जारी कर दिए हैं। मई में डब्ल्यूपीआई घटकर -3.48% पर आ गई है। इसके साथ ही थोक महंगाई 8 साल के निचले स्तर पर आ गई है। इससे पहले अक्टूबर 2015 में ये -3.81% पर आई थी। अप्रैल में थोक महंगाई दर -0.92% रही थी। इससे पहले 12 जून को जारी आंकड़ों के अनुसार फुटकर महंगाई दर मई में घटकर 4.25% पर आ गई। यह 25 महीनों में महंगाई का सबसे निचला स्तर है। मई में खाद्य महंगाई दर 0.87% से घटकर -0.46% रही है। रोजाना जरूरत के सामानों की महंगाई दर 1.20% से घटकर -1.13% रही है। ईंधन और बिजली की थोक महंगाई दर -2.43% से घटकर -2.62% रही है। मेन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की महंगाई दर -0.07% से बढ़कर -0.35% रही है। थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहना चिंता का विषय रहता है। ये ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर बुरा असर डालती है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है, तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डब्ल्यूपीआई को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है, क्योंकि उसे भी सैलरी देना होता है। ढढक में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है। मई में रिटेल महंगाई दर घटकर 4.25% पर आ गई है। यह 25 महीनों में महंगाई का सबसे निचला स्तर है। अप्रैल 2021 में महंगाई 4.23% रही थी।

### चूहों के साथ रहने की आदत डालेंगे पेरिस के लोग

**पेरिस।** पेरिस के लोग अब चूहों के साथ रहने की आदत डालेंगे। वहां लगातार बढ़ रही चूहों की आबादी को देखते हुए एक कमिटी बनाने का फैसला किया गया है। पेरिस की ये कमिटी उन संभव तरीकों पर विचार करेगी जिनसे लोग बिना किसी परेशानी के चूहों के साथ रह पाएं और उन्हें मारे नहीं। चूहों से निपटने के सारे तरीके फेल होने के बाद पेरिस की मेयर एन हिडाल्गो के कहने पर ये कमिटी बनाई जा रही है। दरअसल, चूहों की आबादी के मामले में पेरिस चौथा सबसे बड़ा शहर है। जहां 60 लाख चूहे हैं और केवल 21 लाख लोग रहते हैं। तस्वीर पेरिस की मेयर एन हिडाल्गो की है, इन पर चूहों से निपटने के सही इंतजाम नहीं करने के आरोप लगते रहे हैं। पेरिस में काफी सालों से चूहों से निपटने की योजनाएं बनाने की कोशिशें हो रही हैं। इसके चलते 2017 में शहर से चूहों को खत्म करने के लिए 14 करोड़ रुपए खर्च करने का प्लान बनाया गया था। इसके तहत शहर की ज्यादा गंदगी वाली जगहों पर चूहे मारने वाला जहर भी रखा गया था।

## पेज एक के शेष

### राज्य में निवेश ...

तक ऑटोमोबाइल सेक्टर में शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करना टाटा मोटर्स का लक्ष्य है। टाटा मोटर्स जमशेदपुर में हाइड्रोजन सेगमेंट स्थापित करना चाहती है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से हरित हाइड्रोजन मिशन को प्राप्त किया जा सकेगा। टाटा मोटर्स इन दिनों वाहनों के नए तकनीक पर काम कर रही है। टाटा मोटर्स इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ अब हाइड्रोजन इंजन से चलने वाली गाड़ियों की मैन्युफैक्चरिंग की ओर ध्यान दे रही है। टाटा मोटर्स झारखंड के जमशेदपुर में हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी के विस्तार हेतु निवेश के लिए इच्छुक है। टाटा मोटर्स इस निमित्त राज्य सरकार से सहयोग की अपेक्षा रखती है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने टाटा मोटर्स, टाटा स्टील एवं टाटा कमिंस के अधिकारियों से हाइड्रोजन इंजन आधारित वाहन मैन्युफैक्चरिंग प्लानिंग की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग पूरे विश्व के लिए चुनौती है। भविष्य में ग्रीन टेक्नोलॉजी की ओर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। झारखंड में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। टाटा मोटर्स नई तकनीक का उपयोग कर स्वच्छ वातावरण में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट स्थापित करने निमित्त बेहतर मास्टर प्लान बनाकर कार्य करे। राज्य सरकार वाहन निमार्ता कंपनी के सहयोग के लिए उनके साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, ईडी टाटा मोटर्स गिरीश वाघ, वाइस प्रेसिडेंट टाटा स्टील चाणक्य चौधरी, एमडी टाटा कमिंस अश्वथ राम, वाइस प्रेसिडेंट टाटा मोटर्स विशाल बादशाह, वाइस प्रेसिडेंट टाटा मोटर्स सुशांत नायक सहित संजय मोहन श्रीवास्तव, कनिष्क कुमार, राम फल नेहरा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भगोड़े नीरव की ...

वकील को जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय देते हुए कहा कि इस मामले की सुनवाई तीन हफ्ते बाद की जाएगी।मालूम हो कि पंजाब नेशनल बैंक के साथ ईडी ने नीरव मोदी की लगभग 500 करोड़ रुपये की उस संपत्ति पर अपना अपना दावा ठोका है जिसे कुछ समय पहले जब्त किया गया था। अक्टूबर 2022 के एक आदेश के तहत ईडी को छूट दी गई थी कि वो नीरव मोदी की 21 में से 12 संपत्ति पर कब्जा कर सकता है। पंजाब नेशनल बैंक ने आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि इन 12 प्रॉपर्टी पर उसका हक है। लिहाजा ये उसके कब्जे में दी जाएं। दूसरी तरफ ईडी ने बाकी बची 9 संपत्तियों पर भी अपना दावा ठोका है। उसका कहना है कि वो इस मामले की इन्वेस्टिगेटिव एजेंसी है। नीरव की कुल 48 संपत्ति हैं।ईडी का कहना है कि बैंक का नीरव मोदी की संपत्तियों पर कोई सीधा दावा नहीं बनता। वो मामले की जांच कर रही है लिहाजा इन पर पहला हक उसका है। दूसरी तरफ बैंक का कहना है कि नीरव ने उसके पास से लोन लिया था। पैसा वापस नहीं होने से उसे बड़ा नुकसान हुआ है।

### तुपुदाना दोहरे ...

इसी बीच रवि और निरंजन लड़की के साथ दुष्कर्म की बात करने लगा। तभी एक युवक ने कहा, नहीं वो ऐसा नहीं करेगा। उसके बाद निरंजन, रवि दूसरी ओर बैठे विवेक और पूजा के पास गये एवं छेड़छाड़ करने लगे। विवेक और पूजा ने विरोध किया, तो मारपीट करने लगे। इसी बीच लड़की से जबरदस्ती दुष्कर्म का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। इसपर तीनों आरोपितों ने विवेक और पूजा की मारकर हत्या कर दी। फिर बाइक लेकर सभी फरार हो गये। वहीं दूसरी मामले में एक आरोपित निरंजन बांडो की हत्या हो चुकी है, जो पीएलएफआई का उग्रवादी भी था।

### वीरेंद्र राम की ...

मामले में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार को ईडी के जवाब पर अपना प्रतिउत्तर देने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वीरेंद्र राम के पास अकूत संपत्ति की जानकारी विभागीय मंत्री को नहीं होगी, ऐसा संभव नहीं है। सभी के साठगांठ से भ्रष्टाचार का यह खेल हुआ है।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी और एंटी करप्शन ब्यूरो( एसीबी) को मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था की जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के जमशेदपुर आवास से नवंबर, 2019 में करीब ढाई करोड़ रुपये बरामद हुए थे। एसीबी ने इस मामले में सिर्फ सुरेश प्रसाद को जेल भेज दिया, लेकिन बाकी के खिलाफ किसी तरह की न तो जांच की गई और न ही कोई कार्रवाई नहीं हुई।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

### छग के 3 प्रवासी मजदूरों की कर्नाटक में जेसीबी से कुचलकर मौत



**रायचुर।** छत्तीसगढ़ के तीन प्रवासी मजदूरों की कर्नाटक के रायचुर जिले में हुए एक हादसे में जान चली गई। पुलिस के मुताबिक नीलावंजा गांव में मंगलवार की रात जेसीबी से कुचले जाने से तीनों मजदूरों ने जान गंवा दी। मृतकों की शिनाख्त विष्णु (26), शिवराम (28) और बलराम (30) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि तीनों नीलावंजा गांव में बोरवेल की खुदाई करने वाली टीम का हिस्सा थे। ड्रीलिंग के बाद तीनों खेत की ओर जाने वाली सड़क पर सोए थे। इसी दौरान ड्राइवर ने तीनों पर जेसीबी चढ़ा दी। देवादुर्गा पुलिस घटनास्थल की जांच करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### एसआईए का द.कश्मीर के तीन जिलों में छापा

**श्रीनगर।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने बुधवार को दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों में छापा मारा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर एसआईए ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और अनंतनाग जिले में छापा मारा है। यह छापा बैंक एटीएम गार्ड संजय कुमार शर्मा हत्याकांड की जांच के सिलसिले में मारा गया है। खबर लिखे जाने तक यह कार्रवाई जारी थी।

# मणिपुर में उग्रवादियों ने की 11 लोगों की हत्या, 23 घायल

**एजेंसी। इम्फाल**

मणिपुर के खामलॉक गांव में संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने मंगलवार देर रात खामलॉक गांव पर हमला किया और ग्रामीणों पर स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी की जिसमें नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी तथा 25 अन्य घायल हो गये। बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान घायलों में से दो ने दम तोड़ दिया। शवों को इम्फाल के



पोरमपात स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा विज्ञान संस्थान के शवगृह में रखा गया है। खामलॉक गांव मेइती समुदाय के प्रभाव वाले इम्फाल ईस्ट जिले और आदिवासी बहुल कांगपोकपी जिले की सीमा पर है। खामलॉक में हाल की हिंसा में कई लोगों के मारे जाने के बाद वहां अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इम्फाल ईस्ट और इम्फाल वेस्ट जिलों के जिला मजिस्ट्रेटों ने मंगलवार रात हुई हिंसा के मद्देनजर कर्फ्यू में दी गई ढील वापस ले ली है। आमतौर पर अभी शाम के 6 बजे से रात के 8 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी जा रही थी। मणिपुर में आदिवासी और मेइती समुदायों के बीच 3 मई से हिंसा जारी है।

### मणिपुर में लूटे गए 1,040 अत्याधुनिक हथियार बरामद

**मणिपुर** में 3 मई को जातीय हिंसा भड़कने के बाद भीड़ द्वारा लूटे गए हजारों हथियारों और सुरक्षा बलों से चरमपंथियों द्वारा लूटे गए हथियारों में से कुल मिलाकर 1,040 अत्याधुनिक हथियार और विभिन्न प्रकार के 13,601 गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, गृहमंत्री अमित शाह के चार दिवसीय (29 मई से 1 जून) मणिपुर का दौरे के बाद सेना, विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, मणिपुर राइफल्स और पुलिस द्वारा शुरू किए गए राज्यव्यापी तलाशी अभियान के बाद अब तक हथियारों और गोला-बारूद के साथ विभिन्न प्रकार के 230 जिंदा बम बरामद किए गए हैं।

# एस. जयशंकर ने जेक सुलिवन से पीएम मोदी की यात्रा की तैयारियों पर की चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को यहां अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 22 जून को वाशिंगटन की यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की। जयशंकर ने ट्विटर पर कहा, आज सुबह साउथ ब्लॉक में अमेरिकी एनएसए से मिलकर अच्छा लगा। हमारी बातचीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी अमेरिका यात्रा की तैयारी पर केंद्रित थी। हमने साझेदारी के दृष्टिकोण से वैश्विक सामरिक विकास पर भी चर्चा की। सुलिवन अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के निमंत्रण पर मंगलवार को दो दिवसीय भारत यात्रा पर आए थे। मंगलवार शाम को, उन्होंने प्रधान मंत्री मोदी से मुलाकात की और राष्ट्रपति जो



बाइडेन के संदेश से अवगत कराया कि वह 21-25 जून को होने वाली उनकी आगामी राजकीय यात्रा पर उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

मोदी की यात्रा बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन के निमंत्रण पर हो रही है। अपनी यात्रा के दौरान, प्रधान मंत्री व्हाइट हाउस में एक राजकीय रात्रिभोज में भाग लेंगे, जो 14 साल बाद किसी भारतीय नेता को दिया जा रहा है। पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह आखिरी थे, जिनकी मेजबानी 2009 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने की थी। अमेरिकी कांग्रेस ने मोदी को प्रतिनिधि सभा और सीनेट की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के लिए भी आमंत्रित किया है।

# ओडिशा: सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा के बलांगीर जिले में एक दुःखद सड़क दुर्घटना में दो बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक हादसा मंगलवार देर रात संबलपुर-बलांगीर राष्ट्रीय राजमार्ग-26 पर छुईनबांचा चौराहे के पास हुआ। पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें बुर्ला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बलांगीर के रामजीपाड़ा के आत्मज नायक अपने परिवार के छह अन्य सदस्यों के साथ जिले के अगलपुर इलाके में एक शादी समारोह में शामिल होकर कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। मृतकों की पहचान आत्मज नायक (25), उसकी बहन इप्सिता साई (27), उसकी बेटी रिया (6), आत्मज के चाचा दीप्तिरंजन साई (35) और साईं की बेटी अन्वी (6) के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद बलांगीर पुलिस दुर्घटनास्थल पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे में नायक की मां आरती (47) और दीप्तिरंजन साईं की पत्नी रस्मिता (29) गंभीर रूप से घायल हो गईं। बुर्ला के विम्सर में उनका इलाज चल रहा है।

# पुरोला में 19 जून तक धारा 144 लागू, धामी ने की शांति की अपील

**एजेंसी। उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी के पुरोला में लव जिहाद के हंगामे के बीच 15 जून को महापंचायत होनी थी। इससे पहले ही पुरोला नगर क्षेत्र में जिला प्रशासन ने 14 जून से लेकर 19 जून तक धारा 144 लागू कर दी है। महापंचायत को देखते हुए नगर में रह रहे मुस्लिम समुदाय के तीन परिवार कुछ दिनों के लिए शहर से बाहर चले गए हैं। यह तीनों परिवार बुधवार सुबह ही अपने घरों में ताला लगाकर पुरोला शहर से बाहर चले गए। एसडीएम पुरोला देवानंद शर्मा ने धारा 144 लगाने की जानकारी दी। वहीं एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने अशांति फैलाने वालों पर एनएसए लगाने की बात भी कही है। इस बीच पुरोला से तीन और मुस्लिम परिवार बाहर चले गए हैं। सीएम धामी ने सभी से शांति बनाए रखने की अपील की है। उत्तरकाशी का पुरोला इन दिनों लव जिहाद की घटना और उसके बाद मचे बवाल के कारण राष्ट्रीय स्तर पर छाया हुआ है। लव जिहाद की घटना के बाद से हिंदू संगठन लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। 15 जून को हिंदू संगठनों ने महापंचायत की घोषणा की थी। हालांकि जिला प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी है। अब जिला प्रशासन ने पुरोला में 14 जून से 19 जून तक यानी 6 दिन के लिए धारा 144 लागू कर दी है। पुरोला के एसडीएम देवानंद शर्मा का कहना है कि धारा 144 का सख्ती से पालन किया जाएगा। पुरोला में 15 जून को प्रस्तावित महापंचायत को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि- हमने सभी से शांति बनाए रखने और कानून को अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की है। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी अशोक कुमार ने भी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से तैयार हैं।

# तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी को 28 जून तक न्यायिक हिरासत

**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के विद्युत, उत्पाद शुल्क और मद्यनिषेध मंत्री सेंथिल बालाजी को बुधवार तड़के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया और उन्हें 28 जून तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीने में दर्द की शिकायत के बाद मंत्री को ओमानदुरार सरकारी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंत्री के अस्पताल में किए गए एंजियोग्राम में पाया गया कि उनकी कोरोनरी धमनी में तीन ब्लॉकेज हैं और इसलिए तत्काल बाईपास सर्जरी की जरूरत है। अदालत ने मंत्री को न्यायिक हिरासत के दौरान अस्पताल में रहने की अनुमति दी। प्रधान सत्र अदालत के



न्यायाधीश एस. अली ने अस्पताल में मंत्री से मुलाकात की और अपना फैसला सुनाया। गौरतलब है कि सेंथिल बालाजी पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नकद घोटाले के लिए नौकरी से संबंधित एक मामले में आरोप लगाया गया था, जब वह अन्नाद्रमुक नेता जे. जयललिता की सरकार (2011-16) में परिवहन मंत्री थे। बाद में वह द्रमुक में चले गए।

# लड्डू गोपाल को साथ ले काशी जा रहे तो हो जाएं सावधान

**आरएनएम। वाराणसी**

काशी दर्शन पूजन करने आए हरदोई जिले के एक परिवार से आराध्य लड्डू गोपाल बिछड़ गए। वह एक ऑटो में छूट गए ।आटो वाला लेकर चंपत हो गया। खोजबीन के बाद भी लड्डू गोपाल नहीं मिले , तो पूरा परिवार रोते-बिलखते बनारस की गलियों में भटकता रहा। थक हारकर थाने पहुंचा, पर वहां भी सुनवाई नहीं हुई। क्योंकि जी-20 सम्मेलन में पुलिस महकमा लगा हुआ है। सो पुलिस ने उसका हवाला देकर उनके प्रार्थना पत्र को रख लिया । गुहार नजर अंदाज कर दी गई। हरदोई के सीतापुर रोड निवासी विवेक मिश्र नौ जून को अपने परिवार और लड्डू गोपाल के साथ श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन करने आए थे। लक्सा थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में ठहरे हुए थे। दर्शन-पूजन और काशी भ्रमण के बाद 12 जून की सुबह उनकी वापसी थी।विवेक के मुताबिक, सुबह साढ़े छह बजे गिरजाघर चौराहे से कैंट स्टेशन जाने के लिए ऑटो किया। परिवार के कुछ सदस्य सामान लेकर ऑटो में बैठ गए। लेकिन, किराये पर बात नहीं बनी तो उन्होंने उस ऑटो को छोड़कर दूसरा ऑटो ले लिया। कैंट स्टेशन पहुंचने के बाद परिवार के सदस्य ट्रेन में बैठे तो पता चला कि लड्डू गोपाल नहीं हैं।विवेक ने बताया कि उनकी भतीजी वैभवी लड्डू गोपाल की टोकरी ली हुई थी। जब उससे पूछा गया तब उसे याद आया कि लड्डू गोपाल तो पहले वाले ऑटो में ही छूट गए हैं। इसके बाद विवेक ट्रेन छोड़ अपनी बहन के साथ गिरजाघर चौराहे पहुंचे। काफी खोजबीन की, लेकिन उनके अराध्य की मूर्ति नहीं मिली।थक हार पर वो लक्सा थाने पहुंचे और लड्डू गोपाल को ढूंढने की गुहार लगाई। प्रार्थना पत्र भी दिया लेकिन पुलिसकर्मियों ने ये कहकर उन्हें लौटा दिया कि फोर्स नहीं है।

# चक्रवात बिपरजॉय के कारण अमित शाह का तेलंगाना दौरा स्थगित



**एजेंसी। हैदराबाद**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का गुरुवार को होने वाला तेलंगाना दौरा स्थगित कर दिया गया है। राज्य भाजपा अध्यक्ष बंदी संजय कुमार ने कहा कि पश्चिमी तट पर गंभीर चक्रवाती परिस्थितियों के कारण विशेष रूप से महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में शाह की यात्रा स्थगित कर दी गई है। अमित शाह बुधवार को हैदराबाद आने वाले थे और आंध्र प्रदेश के खम्मम में एक जनसभा को संबोधित करने वाले थे। राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए उनका हैदराबाद में भाजपा की राज्य इकाई के नेताओं से मिलने का भी कार्यक्रम था। जनसभा की नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। बंदी संजय ने ट्वीट किया कि चूंकि एनडीआरएफ की टीमें पहले से ही तैनात हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और अमित शाह व्यक्तिगत रूप से बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।




### सलमान खान के साथ दिखी मिस्ट्री गर्ल

**बॉलीवुड** के भाईजान सलमान खान की शख्सियत ही ऐसी है कि वो फिल्में ,फैंस और फीमेल से घिरे रहते हैं। कोई भी अवॉर्ड फंक्शन सलमान की मौजूदगी के बिना पूरा नहीं होता। जी हां, हाल ही में हुए आइफा में ये नजारा देखने लायक था लेकिन उस इवेंट का एक और हाईलाइट प्वाइंट था और वो इन तस्वीरों



में दिखा। जहां सलमान खान एक खूबसूरत हसीना के साथ नजर आए। आखिरकार कौन हैं ये मिस्ट्री गर्ल। आपको बता दें कि ये कोई आम चेहरा नहीं बल्कि मिस इंडिया टूरिज्म और एक्ट्रेस रुपाली सूरी हैं, जो हाल ही में आइफा गयी थी और वहीं पर बैक स्टेज पर सलमान खान के साथ ये यादगार पल कैप्चर हो गया। रुपाली सूरी टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना चेहरा हैं। दिवंगत अभिनेता विक्रम गोखले से उन्होंने एक्टिंग के गुर सीखे हैं और भारत दाभोलकर के प्ले में दिखाई देंगी।

### ऋचा चड्ढा ने 'फुकरे' को बताया खास, कहा इसी दौरान मिला जीवन साथी

**अभिनेत्री** ऋचा चड्ढा, जो अपनी कॉमेडी फिल्म 'फुकरे' के दस साल पूरे होने का जश्न मना



रही हैं, ने साझा किया है कि फिल्म उनके दिल में एक विशेष स्थान रखती है। उन्होंने कहा कि फिल्म ने उन्हें सबसे पसंदीदा पात्रों में से एक दिया और उन्हें अपने जीवन साथी अली फजल से भी मिलवाया। 2013 में दोस्ती के रूप में जो सफर शुरू हुआ वह प्रेम कहानी में बदल गया और पिछले साल एक भव्य समारोह में दोनों शादी के बंधन में बंध गए। कॉमेडी फ्लिक 'फुकरे' की सालगिरह के बारे में ऋचा चड्ढा ने कहाः यह अविश्वसनीय है कि 'फुकरे' को रिलीज हुए 10 साल हो चुके हैं। यह फिल्म मेरे लिए कई मायनों में गेम-चेंजर रही है।

### कॉमीडियन तीथार्नंद राव ने फिर किया आत्महत्या का प्रयास, फेसबुक पर किया लाइव

**टेलीविजन** स्टार कपिल शर्मा के साथ 'कॉमेडी सर्कस के अजूबे' में काम कर चुके अभिनेता-कॉमीडियन तीथार्नंद राव ने एक बार फिर जहर पीकर आत्महत्या की कोशिश की। उन्होंने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर इसे लाइव किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी वर्तमान स्थिति के लिए एक महिला जिम्मेदार है। उन्होंने लाइव सत्र के दौरान दावा किया कि वह उक्त महिला के साथ लिव-इन में थे, लेकिन उसने उन्हें



भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल किया। उन्होंने यह भी दावा किया कि महिला ने उनसे जबरन पैसे लिए और उन्हें कर्ज में धकेल दिया। उन्होंने लाइव वीडियो में कहाः मैं इस महिला की वजह से 3-4 लाख रुपये के कर्ज में हूं। मैं उसे पिछले साल अक्टूबर से जानता हूं। उसने भायंदर (मुंबई में एक पश्चिमी उपनगर) में मेरे खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज की थी और मुझे पता भी नहीं था कि किस वजह से। फिर वह भी मुझे फोन करती और कहती कि वह मिलना चाहती है। लाइव वीडियो में उन्होंने उन भावनाओं को साझा किया जिससे वह गुजर रहे थे।

वायु सेना

### राष्ट्रपति मुर्मू 17 को संयुक्त स्नातक परेड की लेंगी सलामी

# सारंग-सूर्य किरण टीम दिखाएगी करतब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 जून को वायु सेना अकादमी डंडीगल, हैदराबाद में पूरे सैन्य वैभव के साथ 211वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड की सलामी लेंगी। समारोह में भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और मित्र देशों के कैडेटों को 'विंग्स' और 'ब्रेवेट्स' दिए जाएंगे, जिन्हें वायु सेना ने प्रशिक्षित किया है। परेड के अंत में वायु सेना की सारंग और सूर्यकिरण टीम आसमानी करतब दिखाएगी। भारत की विभिन्न शाखाओं के फ्लाइट कैडेटों के चुनौतीपूर्ण प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण के बाद



हैदराबाद के डंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में 17 जून को संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) आयोजित की जाएगी। परेड की मुख्य अतिथि और समीक्षा अधिकारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी। परेड के दौरान प्रशिक्षण के सफल समापन को चिह्नित करते हुए फ्लाइट कैडेटों के कंधों पर रैंक का अनावरण किया जाएगा, जो राष्ट्रपति आयोग के पुरस्कार का प्रतिनिधित्व करता है। आरओ कैडेटों की छाती पर 'विंग्स' और 'ब्रेवेट्स' भी लगाए जाएंगे, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उन्हें किस शाखा में नियुक्त किया जा रहा है। समारोह में भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और मित्रवत विदेशी देशों के कैडेटों को 'विंग्स' और 'ब्रेवेट्स' की प्रस्तुति शामिल है, जिन्हें वायु सेना ने प्रशिक्षित किया है। ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम आने वाली फ्लाइंग ब्रांच के फ्लाइट कैडेट को परेड की कमान संभालने का विशेषाधिकार दिया जाएगा। उनके प्रदर्शन की मान्यता में 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' और राष्ट्रपति की पट्टिका से सम्मानित किया जाएगा। ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं में समग्र ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम आने वाले फ्लाइट कैडेट को भी राष्ट्रपति की पट्टिका भेंट की जाएगी।

परेड के आखिर में वायु सेना की सारंग और सूर्य किरण टीम आसमानी करतब दिखाएगी। परेड के बाद पिलाटस पीसी-7 ट्रेनर एयरक्राफ्ट एरोबैटिक प्रदर्शन करेगा। लड़ाकू विमान सुखोई-30 पीसी-7 करतब दिखाते हुए फ्लाई पास्ट करेंगे। इसके अलावा वायु सेना की हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम 'सारंग' और सूर्य किरण एरोबेटिक टीम आसमान में सिंक्रोनस एरोबेटिक डिस्प्ले करेगी। इस अकादमी में वायु सेना के पायलटों को लगातार चरणों में उड़ान भरने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। यहां से पास आउट होने वाले फाइटर पायलट के रूप में राफेल, सुखोई-30, मिग-29, मिग-21, मिराज-2000, तेजस विमान से लैस फ्रंट-लाइन कॉम्बैट स्क्वाड्रन में नियुक्त किए जाते हैं।